आगरा	५	५२	६	१९	२७
आजमगढ़(उ.प्र.)	५	३२	६	२६	५४
आबू (राज.)	६	१६	६	२२	६
आरा (बि.)	५	२८	६	२८	६०
इटारसी	५	५८	६	२९	३१
इटावा	५	४८	६	२१	३३
इन्दौर	६	०६	६	२८	२२
उज्जैन	६	६	६	२७	२१
उदयपुर(राज.)	६	१२	६	२३	११
उधमपुर (का.)	५	५६	-	-	-
ऊना(हि.प्र.)	५	५४	-	-	-
कटक	५	२८	६	३८	७०
कटनी	५	४६	६	२८	४२
कठुआ(का.)	५	५५	-	-	-
कन्नौज	५	४४	६	२१	३७
कपूरथला	५	५७	-	-	-
करनाल	५	५३	६	७	१४
कलकत्ता	५	१६	६	३७	८१
कांगड़ा	५	५३	-	-	-
कांचीपुरम्	५	५९	६	४३	४४
काठमाण्डू(ने.)	५	२६	६	२३	५७
काटियावाड़	६	२६	-	-	-
कानपुर	५	४३	६	२२	३९
कारगिल(का.)	५	५०	-	-	-
कालका(ह.)	५	५२	-	-	-

नगर	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	मोक्ष घं.	मोक्ष मि.	पर्वकाल मि.
काशी	५	३४	६	२७	५३
किशनगढ़(रा.)	६	२१	-	-	-
कुराली(प.)	५	५३	-	-	-
कुरुक्षेत्र	५	५४	६	४	१०
कुल्लू	५	५०	-	-	-
कैथल(ह.)	५	५५	६	५	१०
कोटा	६	३	६	२२	१९
खन्ना(प.)	५	५५	-	-	-
खुर्जा(उ.प्र.)	५	५२	६	१६	२४
गया	५	२७	६	३०	६३
गाजियाबाद	५	५३	६	१३	२०
गुड़गांव	५	५४	६	१४	२०
गुरदासपुर	५	५६	-	-	-
गोरखपुर	५	३१	६	२४	५३
ग्वालियर	५	५२	६	२२	३०
चण्डीगढ़	५	५३	५	५७	४
चम्बा(हिं.प्र.)	५	५३	-	-	-
चित्तौड़गढ़	६	८	६	२३	१५
चूरू(रा.)	६	३	६	१२	९
चेन्नई	५	५७	६	४२	४५
छपरा(बि.)	५	२७	६	२८	६१
जब्बलपुर	५	४९	६	३०	४१
जम्मू	५	५८	-	-	-
जयपुर	६	१	६	१८	१७
जामनगर	६	२९	-	-	-
जालन्धर	५	५७	-	-	-
जालौर(रा.)	६	१६	६	२०	४
जीन्द(ह.)	५	५६	६	९	१३
जैसलमेर	६	२१	-	-	-
जोधपुर	६	१३	६	१८	५
ज्वालाजी(हि.)	५	५३	-	-	-
झरिया(बि.)	५	२१	६	३३	७२
झांसी(उ. प्र.)	५	५२	६	२४	३२
झालावाड़(रा.)	६	१०	६	२३	१३
झूंझनू(रा.)	६	१	६	१३	१२
टोंक(रा.)	६	२	६	२०	१८
डूंगरपुर(रा.)	६	१३	६	२५	१२
तिरूपति	६	०	६	४२	४२

नगर	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	मोक्ष घं.	मोक्ष मि.	पर्वकाल मि.
थानेसर(ह.)	५	५३	६	०५	१२
रतिया(म.प्र.)	५	५२	६	२३	३१
दरभंगा	५	२१	६	२८	६७
दार्जिलिंग	५	११	६	२८	७७
दिल्ली	५	५४	६	१३	१९
देवबन्द(उ.प्र.)	५	५०	६	८	१८
देवरिया(उ.प्र.)	५	३०	६	२५	५५
देवास(म.प्र.)	६	४	६	२७	२३
देवप्रयाग(उ.प्र.)	५	४६	६	०६	२०
देहरादून	५	४७	६	०५	१८
द्वारिका	६	३३	-	-	-
धर्मशाला(हि.प्र.)	५	५२	-	-	-
धुरी(पं.)	५	५७	-	-	-
नबलगढ़(रा.)	६	२	६	१५	१३
नागपुर	५	५४	६	३३	३९
नागौर(रा.)	६	९	६	१६	७
नाथद्वारा(रा.)	६	११	६	२२	११
नाभा(पं.)	५	५६	-	-	-
नारनौल(ह.)	५	५८	६	१५	१७
नालागढ़(हि.)	५	५३	-	-	-
नाहन(हि.)	५	५१	६	१	१०
नासिक	६	१७	६	३१	१४
नीमच(म.प्र.)	६	८	६	२४	१६
नैनीताल	५	४४	६	१२	२८
पंचकूला(ह.)	५	५२	५	५७	५
पंजिम	६	२१	६	३८	१७
पटना	५	२५	६	२८	६३
पटियाला	५	५५	६	०२	७
पठानकोट	५	५५	-	-	-
पांडिचेरी	६	०	६	४३	४३
पानीपत(ह.)	५	५४	६	९	१५
पालमपुर(हि.)	५	५२	-	-	-
पार्ल (रा.)	६	१२	६	२०	८
पुंछ(का.)	५	५९	-	-	-
पुणे	६	१८	६	३४	१६
पुरनिया(बि.)	५	१६	६	३०	७४
पुरी(उड़ीसा)	५	२९	६	३९	७०
पोरबन्दर	६	३१	-	-	-

नगर	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	मोक्ष घं.	मोक्ष मि.	पर्वकाल मि.
प्रतापगढ़(उ.प्र.)	५	३८	६	२५	४७
प्रयाग	५	३८	६	२६	४८
फरीदकोट	६	०	-	-	-
फरीदाबाद	५	५३	६	१५	२२
फाज़िल्का	६	४	-	-	-
फिरोजपुर	६	१	-	-	-
बंगलौर	६	८	६	४२	३४
बठिण्डा(पं)	६	१	-	-	-
बदायूं	५	४६	६	१७	३१
बलिया(उ.प्र.)	५	२९	६	२७	५८
बाड़मेर(रा)	६	२०	-	-	-
बांसवाड़ा(रा)	६	११	६	२५	१४
बिजनौर(उ.प्र)	५	४९	६	११	२२
बिलासपुर(म.प्र)	५	४१	६	३३	५२
बिलासपुर(हि.)	५	५२	-	-	-
बीकानेर	६	१०	-	-	-
बीजापुर	६	१२	६	३७	२५
बुलन्दशहर	५	५२	६	१५	२३
बूंदी(रा.)	६	३	६	२२	१९
वृन्दावन	५	५३	६	१८	२५
भरतपुर	५	५४	६	१८	२४
भागलपुर	५	५४	६	३०	३६
भिवानी(ह)	५	५७	६	१२	१५
मीनमाल(रा)	६	१७	६	२१	४
भुज	६	३१	-	-	-
भुवनेश्वर	५	२८	६	३८	७०
भोपाल	५	५९	६	२८	२९
मण्डी(हि.प्र.)	५	५१	-	-	-
मथुरा	५	५३	६	१८	२५
मन्दसौर	६	७	६	२५	१८
महेन्द्रगढ़(ह.)	५	५८	६	१४	१६
मारवाड़(जं)	६	११	६	२०	९
मलेरकोटला	५	५६	-	-	-
मिर्जापुर	५	३६	६	२७	५१
मुंगेर(बि)	५	२०	६	३०	७०
मुजफ्फरनगर	५	५१	६	१०	१९
मुम्बई	६	२१	६	३३	१२
मुरादाबाद	५	४७	६	१४	२७

नगर	सूर्योदय घं.	सूर्योदय मि.	मोक्ष घं.	मोक्ष मि.	पर्वकाल मि.
मेरठ	५	५१	६	१२	२१
मोगा(पं.)	५	५९	-	-	-
रतनगढ़(रा)	६	४	६	१३	९
रतलाम	६	८	६	२६	१८
राजकोट	६	२६	-	-	-
रांची(बि)	५	२७	६	३३	६६
रामपुरबुशहर	५	४८	-	-	-
रामेश्वरम्	६	०४	६	४५	४१
रायपुर(म. प्र.)	५	४४	६	३४	५०
रायबरेली	५	४०	६	२४	४४
रीवां	५	४२	६	२८	४६
रोपड़(पं.)	५	५३	-	-	-
रोहतक	५	५६	६	१२	१६
लखनऊ	५	४०	६	२२	४२
लुधियाना	५	५६	-	-	-
शाहदरा	५	५३	६	१३	२०
शिमला	५	५२	-	-	-
श्रीनगर(का)	५	५६	-	-	-
संगरूर(पं)	५	५७	६	०	३
सरहिन्द(पं.)	५	५४	५	५७	३
सहानरपुर	५	५१	६	०६	१५
सागर	५	५३	६	२७	३४
सांगानेर(रा)	६	१	६	१८	१७
सिरसा(ह.)	६	१	६	०६	५
सीकर(रा)	६	३	६	१५	१२
सूरत	६	१९	६	३०	११
सूरतगढ़(रा)	६	६	-	-	-
सोलन(हि.प्र)	५	५१	-	-	-
हमीरपुर(उ.प्र)	५	४५	६	२४	३९
हमीरपुर(हि.प्र)	५	५३	-	-	-
हरिद्वार	५	४८	६	०७	१९
हाथरस	५	५१	६	१८	२७
हापुड़(उ.प्र)	५	५१	६	१३	२२
हांसी(ह)	५	५८	६	१०	१२
हिसार	५	५९	६	०८	९
हैदराबाद	६	०	६	३७	३७
होशंगाबाद	५	५८	६	२९	३१
होशियारपुर	५	५५	-	-	-

(पर्वकाल = सूर्योदय से मोक्ष तक का समय)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ग्रहण काल में विधि-निषेध

(ग्रहण के समय कब, क्या, कैसे करें और क्या न करें)

लेखक-प्रियव्रत शर्मा

(सूर्य-चन्द्र ग्रहण के दिन खाना, पीना, स्नान, जप, दान आदि के बारे में धर्मशास्त्र का क्या निर्णय है ? व्रत- पर्व के दिन ग्रहण हो जाने पर व्रत-पर्व सम्बन्धी पूजा, पारणा किस प्रकार, कब करनी चाहिए ?-इस प्रकार के प्रश्न पाठकों द्वारा हमसे अनेक बार पूछे जाते हैं। इन सबका स्पष्टीकरण इस लेख द्वारा किया गया है।)

ग्रहण के समय खाना-पीना आदिः- सूर्य ग्रहण के स्पर्श (प्रारम्भ होने) से चार प्रहर (१२ घण्टा) और चन्द्रग्रहण के स्पर्श से तीन प्रहर (९ घण्टा) पहिले ग्रहणवेध (ग्रहणसूतक) प्रारम्भ हो जाता है। ग्रहण के सूतक में और ग्रहण के काल में खाना-पीना और मैथुन वर्जित है। ग्रहण काल में सोना, मूत्र-पुरीषोत्सर्ग और तैलाभ्यंग भी निषिद्ध है। ग्रहण के सूतक में बाल, वृद्ध और रोगी व्यक्तियों के लिए खाने-पीने, सोने का निषेध नहीं है।

सूर्य ग्रहे तु नाश्नीयात्पूर्वं यामचतुष्टयम्।
चन्द्रग्रहे तु यामांस्त्रीन् बालवृद्धातुरैर्विना॥
(वृद्धगौतम)

नाश्नीयादथ तत्काले ग्रस्तयोश्चन्द्रसूर्ययोः।
मुक्तयोश्च कृतस्नानः पश्चाद् भुंज्यात्स्ववेश्मनि॥
(ब्रह्मपुराण)

सूर्येन्दुग्रहणं यावत्तावत्कुर्याज्जपादिकम्।
न स्वपेन्न च भुंजीत स्नात्वा भुंजीत मुक्तयोः॥
(शिव रहस्य)

चन्द्रग्रहण का मोक्ष यदि महानिशा (रात्रि के अष्टम मुहुर्त) से पहिले हो जाए तो स्नान करके महानिशा से पहिले ही भोजन कर लेना चाहिए। महानिशा में एवं महानिशा के बाद भोजन नहीं करना चाहिए। यदि चन्द्रग्रहण महानिशा में या महानिशा के बाद समाप्त हो तो भोजन दूसरे दिन सूर्योदय के अनन्तर ही करना चाहिए।

पका हुआ अन्न, कटी हुई सब्जी व फल ग्रहण काल में दूषित हो जाते हैं, उन्हें खाना नहीं चाहिए। लेकिन तेल या घी में पका (तला हुआ) अन्न, घी, तेल, दूध, दही, लस्सी, मक्खन, पनीर, अचार, चटनी, मुरब्बा में तिल या कुशा रख देने से ग्रहणकाल में ये दूषित नहीं होते। सूखे खाद्य पदार्थों (गेहूँ, चना, दाल) आटा आदि में तिल या कुशा डालने की जरूरत नहीं है।

वारितक्रारनालादि तिलदर्भैन दुष्यति

बाद खाया जाने वाला अन्न दूसरे का न हो-यह भी धर्मशास्त्र का निर्देश है (पश्चाद्भुंज्यात्स्ववेश्मनि)।

ग्रस्तोदय एवं ग्रस्तास्त ग्रहण होने पर ग्रहण वेध (ग्रहण सूतक) की अवधि के बारे में ऋषियों का यह विशेष निर्णय है : -

यदि सूर्य ग्रस्तोदय हो तब सूर्योदय से ही चार प्रहर पहिले (यानी पूर्ववर्ती पूरी रात्रि में) ग्रहणसूतक रहता है। यदि चन्द्रमा ग्रस्तोदय हो तो चन्द्रोदय से चार प्रहर पहिले (यानी- पूर्ववर्त्ती पूरे दिन में) ग्रहणसूतक माना गया है। ग्रस्तास्त चन्द्रग्रहण होने पर भी चन्द्रास्त से चार प्रहर पहिले (यानी पूर्ववर्त्ती पूरी रात्रि में) ग्रहणसूतक मानना चाहिए- ऐसा भी कुछेक आचार्यों का मत है ।

ग्रहण काल में स्नान-दानादिः- ग्रहण प्रारम्भ होते ही स्नान करे और तदनन्तर होम, देवार्चन, मन्त्रजप, श्राद्ध आदि करे। जब ग्रहण का मध्य (परमग्रास का) काल हो तब दान देना शुरू करे । ग्रहण का मोक्ष हो जाने पर सचैल स्नान करे-

ग्रस्यमाने भवेत्स्नानं ग्रस्ते होमो विधीयते।
मुच्यमाने भवेद्दानं मुक्तौ स्नानं विधीयते॥
(स्मृत्यन्तर)

ग्रहण के समय सौभाग्यवती स्त्रियां अशिरःस्नान करें। रजस्वला स्त्री गंगा आदि नदियों या सरोवर में डुबकी न लगाए, अपितु पात्र द्वारा उसका पानी अलग लेकर स्नान करें।

ग्रस्ते स्नायादुदक्यापि तीर्थादुद्धृत्य वारिणा ।

कुछ आचार्यों का मत है कि ग्रहणस्पर्श के समय भी सचैल स्नान करना चाहिए।

ग्रहण के समय गंगा आदि पवित्र नदियों, सरोवरों, स्त्रोतों तथा सागर में स्नान का विशेष माहात्म्य है। मत्स्यपुराण का वचन है कि सूर्यग्रहण के समय गंगा, कनखल, प्रयाग (त्रिवेणी) पुष्कर और कुरुक्षेत्र में स्नान से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है-

गंगा कनखलं पुण्यं प्रयागः पुष्करं तथा।
कुरुक्षेत्रं तथा पुण्यं राहुग्रस्ते दिवाकरे॥
(मत्स्यपुराण)

यदि किसी तीर्थ पर न जा सकें तो स्नान के समय इन तीर्थों के स्मरण से भी पुण्य प्राप्त होता है।

ग्रहण के समय एवं ग्रहण की समाप्ति पर गरम पानी से स्नान करने का धर्मशास्त्रों द्वारा निषेध है।

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मृते जन्मनि संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
अस्पृश्य-स्पर्शने चैव न स्नायादुष्णवारिणा॥

यह निषेध रोगियों के लिए नहीं है।

यदि ग्रहण ग्रस्तोदय हो तो सूर्योदय काल या चन्द्रोदय काल को (अर्थात् सूर्य ग्रस्तोदय हो तो सूर्योदय काल को चन्द्रमा ग्रस्तोदय हो चन्द्रोदय काल को) ही ग्रहण का स्पर्शकाल मानकर उसी समय स्नान करके होम, देवार्चन, जप, दान आदि करना चाहिए।

यदि सूर्य ग्रस्तास्त हो तो सूर्योस्त के समय स्नान करें। लेकिन भोजन तब तक नहीं किया जा सकता, जब तक कि दूसरे दिन प्रातः शुद्ध (ग्रहणमुक्त) सूर्यबिम्ब को देखकर सचैल स्नान नहीं कर लिया जाता। ठीक यही बात ग्रस्तास्त चन्द्र के विषय में भी है। अर्थात् ग्रस्त चन्द्रमा के अस्त काल में स्नान करें और उस दिन सांय सूर्यास्त के अनन्तर शुद्ध (ग्रहणमुक्त) चन्द्रबिम्ब को देखकर सचैल स्नान करके भोजन करे। इस बारे व्यास का यह वाक्य है।

अमुक्तयोरस्तगयोरद्याद् दृष्ट्वा परेऽहनि।
मुक्तिं दृष्ट्वा तु भोक्तव्यं स्नानं कृत्वा ततः परम्॥
(व्यास)

बाल, वृद्ध और रोगियों के लिए यह नियम नहीं है। ग्रस्तास्त ग्रहण की स्थिति में वे तो शुद्ध (ग्रहणमुक्त) सूर्य-चन्द्रबिम्ब को देखने से पहिले भी अन्नग्रहण कर सकते हैं।

ग्रहणकाल में श्राद्ध करने का भारी माहात्म्य लिखा गया है। यद्यपि सन्ध्या और रात्रि काल श्राद्ध के लिए निषिद्ध हैं। लेकिन ग्रहण के समय इन्हें श्राद्ध के लिए ऋषियों ने स्वीकार्य कहा है। इस सम्बन्ध में शातातप का यह वाक्य है-

सन्ध्यारात्र्योर्न कर्त्तव्यं श्राद्धं खलु विचक्षणैः।
द्वयोरपि च कर्त्तव्यं यदि स्याद्राहुदर्शनम्॥
(शातातप)

'ग्रहण वाले दिन (अहोरात्र में) उपवास रखकर स्नान-दान-श्राद्ध जपादि करने से अक्षय पुण्य का लाभ मिला है-' ऐसा शास्त्र कहते हैं-

अयने विषुवे चैव ग्रहणे चन्द्र-सूर्ययोः।
अहोरात्रोषितः स्नातः सर्वपापैः विमुच्यते॥
(दक्ष)

यहाँ उनका यह भी कहना है कि यह उपवास पुत्रवान् गृहस्थी को नहीं करना चाहिए-

आदित्येऽहनि संक्रान्तौ ग्रहणे चन्द्रसूर्ययोः।
पारणं चोपवासं च न कुर्यात्पुत्रवान् गृही॥
(शातातप)

ध्यान रहे-ग्रस्तास्त ग्रहण होने पर तो पुत्रवान् गृहस्थी को भी २४ घण्टे का अनशन (उपवास) धर्मशास्त्रोक्त निर्देशानुसार अनिवार्यतः करना ही होता है, क्योंकि पुत्रवान् गृहस्थी के लिए काम्य उपवास ही निषिद्ध है, नैमित्तिक नहीं।

जन्मसूतक (जन्माशौच) और मृताशौच में भी ग्रहण के समय स्नान-दान-जप-श्राद्ध करने चाहिएं- ऐसा शास्त्र कहते हैं।

सूर्यग्रहण के समय बिना मुहूर्त के ही (तिथि-नक्षत्र-लग्न आदि का विचार किए बिना ही) गुरु से मन्त्रदीक्षा लेना अच्छा माना जाता है। मन्त्र दीक्षा के लिए चन्द्रग्रहण का काल निषिद्ध है।

यन्त्र-मन्त्र-साधना के लिए भी सूर्य-चन्द्र के ग्रहणों का समय महत्त्वपूर्ण माना गया है।

ग्रहण-दिन से पूर्ववर्त्ती एक दिन, ग्रहण वाला दिन और इससे परवर्त्ती तीन दिन (ये कुल चार दिन) किसी भी विवाहादि मांगलिक कृत्य के लिए ग्राह्य नहीं माने जाते।

जब सूर्य ग्रहण अन्य प्रदेशों में ही दृश्य हो (अपने निवास स्थान पर वह दिखाई न पड़े) तब उसके लिए स्नान, दान, जप, श्राद्ध आदि का कोई माहात्म्य नहीं माना जाता । इसी प्रकार चन्द्र ग्रहण यदि दिन में घटित हो तो उसका भी स्नान आदि के लिए कोई माहात्म्य नहीं होता-

सूर्यग्रहो यदा रात्रौ दिवा चन्द्रग्रहस्तथा।
तत्र स्नानं न कुर्वीत दद्याद्दानं च न क्वचित्॥
(निगम)

ग्रहण के दिन व्रत-पर्वों का अनुष्ठान

उपाकर्म को छोड़कर शेष (सत्यनारायणव्रत, अमावस्या-पूर्णिमा का स्नान-दान, वट-सावित्रीव्रत, गुरुपूर्णिमा, रक्षाबन्धन, नवरात्रारम्भ (घटस्थापन), होलिकादहन आदि) किसी भी व्रत-पर्व से सम्बद्ध अनुष्ठान पर सूर्य या चन्द्रग्रहण को कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इन (पूर्णिमा-अमावस्या को घटित होने वाले) व्रत-पर्वों से सम्बद्ध पूजा आदि का अनुष्ठान इनके ठीक अपने-अपने विहित (शास्त्रोक्त) काल में ग्रहण के सूतक और ग्रहण के समय में भी करने चाहिएं- यह धर्मशास्त्रों का निर्देश है। यहां पर धर्मशास्त्रकारों द्वारा केवल यह विशेष बात कही गई है कि व्रत-पर्व से सम्बद्ध पूजादि के अनुष्ठानकाल में ग्रहण लगा हुआ हो तो स्नान करके ही पूजादि करनी चाहिए:-

सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहु दर्शने।
स्नात्वा कर्माणि कुर्वीत शृतमन्नं विवर्जयेत्॥

ग्रहण वाले दिन पड़ने वाले व्रत की पारणा (व्रत के अन्त में किए जाने वाले भोजन) के बारे में शास्त्रकारों द्वारा यह निर्देश है-

ग्रहण के सूतक में और ग्रहण के काल में पारणा नहीं करनी चाहिए। ग्रहण समाप्त होने पर ही पारणा की जाए। व्रत वाले दिन प्रातः यदि चन्द्रमा ग्रस्तास्त हुआ हो तो सांय चन्द्रोदय के

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अनन्तर ग्रहणमुक्त (शुद्ध) चन्द्रबिम्ब को देखकर सचैल स्नान करने के बाद ही अन्नग्रहण करना चाहिए। बाल, वृद्ध, आतुर तो दिन में भी अन्नग्रहण कर सकते हैं। चन्द्रग्रहण यदि महानिशा (रात्रि के अष्टम मुहूर्त) में या महानिशा के बाद समाप्त हो तो दूसरे दिन सूर्योदय के बाद स्नान करके नित्यकर्म से निवृत्त होकर पारणा करे। बाल, वृद्ध, आतुर तो महानिशा के बाद भी अन्नग्रहण कर सकते हैं।

व्रत के दिन सूर्य ग्रस्तास्त हुआ हो तो व्रती को व्रत की पारणा दूसरे दिन सूर्योदय के बाद ग्रहणमुक्त (शुद्ध) सूर्यबिम्ब को देखकर सचैल स्नान करके नित्यकर्म से निवृत्त होकर करनी चाहिए। बाल, वृद्ध आतुर तो सूर्यास्त के बाद भी अन्नग्रहण कर सकते हैं।

ग्रस्त चन्द्रमा के अस्त होने पर प्रातःकालीन और ग्रस्त सूर्य के अस्त होने पर सांय कालीन नित्यकर्म (सन्ध्या-पाठादि) स्नान करके कर लेने चाहिए- ऐसा शास्त्रनिर्णय है। इसी प्रकार ग्रस्तचन्द्र के अस्त होने पर तदनन्तरवर्ती दिन के व्रत-पर्व से सम्बद्ध तथा ग्रस्त सूर्य के अस्त होने पर तदनन्तरवर्त्ती प्रदोष आदि काल में किए जाने वाले व्रत-पर्वसम्बन्धी अनुष्ठान (पूजा आदि) स्नान करके ही करने चाहिएं। जैसे- दीपावली वाले दिन सूर्य ग्रस्तास्त हो तो प्रदोष काल में स्नान करने के बाद ही लक्ष्मी पूजन करना होगा।

ग्रहण वाले दिन उपाकर्म

उपाकर्म के लिए चारों वेदों के अनुयायी धार्मिक के लिए पृथक्-पृथक् मास-तिथि-नक्षत्रों का धर्मशास्त्रों में निर्देश है। जैसे -

(१) ऋग्वेदियों के लिए-

(i) श्रावण मास में श्रवणनक्षत्र (मुख्य उपाकर्म काल)
(ii) श्रावण शुक्ल पंचमी (वैकल्पिककाल)
(iii) श्रावण में हस्त नक्षत्र (वैकल्पिक काल)

(२) यजुर्वेदियों के लिए-

(i) श्रावणी पूर्णिमा (मुख्य काल)
(ii) श्रावण में हस्तनक्षत्र (वैकल्पिक काल)

(३) सामवेदियों के लिए-

(i) भाद्रपद में हस्तनक्षत्र (मुख्यकाल)
(ii) श्रावण में हस्तनक्षत्र (वैकल्पिक काल)
(iii) श्रावणी पूर्णिमा (वैकल्पिक काल)

(४) अथर्ववेदियों के लिए-

श्रावणी पूर्णिमा या भाद्रपद पूर्णिमा } (दोनों मुख्यकाल)

जिस वेद के "मुख्य उपाकर्म काल" वाले दिन सूर्योदय से अर्धरात्रि तक की अवधि में कहीं भी ग्रहणकाल का स्पर्श हो उस दिन उस वेद के अनुयायी को अपने वेद के मुख्य उपाकर्म काल में उपाकर्म नहीं करना चाहिए। इस स्थिति में उसके "वैकल्पिक काल" में ही उपाकर्म करना चाहिए। जिस "वैकल्पिक काल" वाले दिन सूर्यसंक्रान्ति या ग्रहण हो उस वैकल्पिक काल में भी उपाकर्म निषिद्ध है। इस स्थिति में उसके दूसरे वैकल्पिक काल में उपाकर्म करना होगा। यदि मुख्यकाल और वैकल्पिक काल- दोनों ग्रहण एवं संक्रान्ति से दूषित हों तो, शास्त्रकारों का कहना है कि अपने वेद के अतिरिक्त अन्य किसी दूसरे वेद के लिए निर्धारित ग्रहण एवं संक्रान्ति के दोष से मुक्त मुख्य या वैकल्पिक उपाकर्म काल में भी यथेच्छ उपाकर्म किया जा सकता है।

सामवेदियों के मुख्य उपाकर्म वाले दिन (भाद्रपद-हस्त वाले दिन) तो कभी ग्रहण नहीं होता।

ग्रहण के समय सूर्य-चन्द्र बिम्ब का दर्शन-

चन्द्रग्रहण के समय चन्द्र बिम्ब को देखना आंखों के लिए हानिप्रद नहीं है। लेकिन सूर्य ग्रहण के समय सूर्यबिम्ब को देखने से आंखें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। ग्रस्त सूर्य के बिम्ब को देखने की उत्सुकता हो तो दीपक की ज्वाला से निकलते धुएं से अच्छी तरह काला किए गए काच में से इसे देखा जा सकता है। वैल्डिंग में प्रयोग में लाए जाने वाले गहरे काले ग्लास में से भी इसे देख सकते हैं। ध्यान रहे-बिना इनके नंगी आंख से ग्रस्त सूर्य विम्ब को देखने से व्यक्ति हमेशा के लिए अन्धा हो सकता है-

धर्मशास्त्रकारों का कहना है कि गर्भिणी स्त्रियों को सूर्य और चन्द्र दोनों के ग्रस्त बिम्ब नहीं देखने चाहिएं।

(पृष्ठ १२ का शेष)

सूर्य ग्रहण २२ अग. '९८

इन नगरों में सूर्योदय के बाद ग्रहण प्रारम्भ होगा

(भा. स्टै. टा. दिया गया है)

नगर	सूर्योदय घं.मि.	स्पर्श घं.मि.	मोक्ष घं.मि.	पर्वकाल मिनट
इम्फाल (मणिपुर)	४ ५१	५ ००	६ ३८	९८
गंगटोक (सिक्किम)	५ ०९	५ १०	६ २८	७८
गोहाटी (आसाम)	४ ५८	५ ७	६ ३३	८६
डिब्रूगढ़ (आसाम)	४ ४४	५ ८	६ ३३	८५
शिलांग (आसाम)	४ ५८	५ ०५	६ ३५	९०
जोरहाट (आसाम)	४ ४८	५ ७	६ ३५	८८
कोहिमा (नागालैण्ड)	४ ४९	५ ०४	६ ३७	९३

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

शनि की साढ़ेसाती (बृहत्कल्याणी), ढैया (लघुकल्याणी) और गुरु-राहु का गोचरफल (सं. २०५५ वि.)

जन्म कुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से संबंध हो अथवा महादशा का अंतर शुभ चल रहा हो, तो ढैया और साढ़ेसाती का अशुभफल कम होता है । यदि चन्द्र शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढ़ेसाती व ढैया महान् अशुभ, चिन्ता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न ,रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु-पीड़ा आदि का कारण बनती है । यदि जन्म-कुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश भी हो तो ढैया, साढ़ेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है । यदि जन्म में लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर ३, ६, ११ में स्थित हो तो सुख-सम्पत्ति मिलती हैं, व्यापारादि में लाभ होता है । (शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है) । शान्त्यर्थ-सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्ठान्न, गुलगुले आदि बनाकर, गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें या बन्दरों को गुड़-चने डालते रहें । अष्टगंध से शुभ मुहूर्त में बना हुआ शनि यंत्र धारण करना विशेष शान्तिप्रद है ।

साढ़ेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है :-

मेष राशि वालों को बीच के अढाई वर्ष खराब है । **वृष** को पहिले अढाई वर्ष, **मिथुन** को अंत के अढ़ाई वर्ष, **कर्क** को बीच के अढ़ाई वर्ष, **सिंह** को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष खराब हैं । **कन्या** को पहिले ५ वर्ष,उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं । **तुला** को आखिर के अढ़ाई वर्ष **वृश्चिक** को अंतिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी पहले अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ हैं । **धनु** को प्रारंभ के अढ़ाई वर्ष, **मकर** को पहिले ५ वर्ष, उसमें भी पहिले अढ़ाई वर्ष विशेष खराब हैं। **कुंभ** को आदि एवं अंत के अढ़ाई वर्ष, विशेषत: अंत के अढ़ाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। **मीन** को पूरे साढ़ेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अंत के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं ।

इस वर्ष (सं. २०५५वि.में) १६अप्रै.' ९८तक शनि मीन राशि में ही रहेगा । अत: विभिन्न राशिवालों के लिए मीनस्थ शनि की ढैया, साढ़ेसाती का फल गत वर्ष वाला ही रहेगा। १७ अप्रै'९८ से वर्षान्त तक शनि मेष में ही रहेगा, जिसकी ढैया आदि का फल विभिन्न राशिवालों के लिए नीचे कोष्ठक में दिया गया है। **नोट:-** जिन राशियों का इस कोष्ठक में निर्देश नहीं है उन राशि वालों के लिए मेष स्थित-शनि के काल में ढैया या साढेसाती नहीं हैं ।

मेष राशिस्थ शनि की साढ़ेसाती, ढैया

(१७ अप्रैल १९९८ ई. से संवत् के अन्त तक के लिए)

राशि	ढैया या साढ़ेसाती	पाद	साढ़ेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
मेष	साढ़ेसाती	चाँदी	हृदय	....	व्यापार में वृद्धि, राज सम्मान,यश प्रताप बढ़े , मांगलिक कार्य हों।
वृष	साढ़ेसाती	लोहा	मस्तक	चढ़ती	रोगभय, रक्त विकार,पति/स्त्री को कष्ट, व्यापार में हानि, सन्तान कष्ट।
कन्या	ढैया	लोहा	.....	.....	रोगभय, रक्त पिकार,पति/स्त्री को कष्ट, व्यापार में हानि, सन्तान कष्ट।
मकर	ढैया	लोहा	.....	......	रोगभय, रक्त विकार,पति/स्त्री को कष्ट, व्यापार में हानि, सन्तान कष्ट।
मीन	साढ़ेसाती	तांबा	पैर	उतरती	सुखसम्पत्ति, व्यापार अच्छा, शारीरिक सुख, सन्तान सुख।

"गुरु के संचार का फल"

गुरु गत वर्ष (संवत् २०५४ वि.) से कुम्भ राशि में चल रहा है। २६ मई' ९८ को यह मीन राशि में प्रवेश करेगा, फिर यह वक्री होकर १० सितं'९८ को कुम्भ में आ जाएगा। इसके बाद मार्गी होकर यह १३ जन'९९ को मीन में आकर वर्षान्त तक मीन राशि में ही रहेगा कुम्भ और मीन राशि के गुरु का फल भिन्न-भिन्न राशि वालों के लिए अलग-अलग दो कोष्ठकों में दिया गया है।

कुम्भ राशि के गुरु का शुभशुभ फल

(वर्षारम्भ से २५ मई' ९८ तक, और १० सितं.' ९८ से १२ जन.'९९ तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर कष्ट	धनलाभ	भय	आधि-व्याधि

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

मीन राशि के गुरु का शुभाशुभ फल

(२६ मई'९८ से १ सितं'९८ तक और १३ जन'९९ से वर्षान्त तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	आधि व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर कष्ट	धनलाभ	भय

राहु के संचार का फल

राहु गतवर्ष (संवत् २०५४ वि.) से सिंह राशि में चल रहा है । १२ जन.'९९ को यह कर्क राशि में आकर वर्षान्त तक इसी राशि में रहेगा। सिंह और कर्क राशि के राहु का भिन्न-भिन्न राशि वालों के लिए शुभाशुभ फल नीचे दो अलग-अलग कोष्टकों में दिया गया है।

सिंह राशि के राहु का शुभाशुभ फल

(वर्षारम्भ से ११ जन.'९९ तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	धनक्षय	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश	धन लाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख

कर्क राशि के राहु का शुभाशुभ फल ॥

(१२ जन.'९९ से वर्षान्त तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश	धन लाभ	कलह	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनक्षय

साढेसाती, ढैया ज्ञान सारणी

-प्रियव्रत शर्मा

"शनि किस राशि पर चल रहा है ?-" यह जान लेने पर आप इस सारणी से यह तुरंत जान सकते हैं कि उस समय आपकी राशि पर साढ़ेसाती चल रही है या ढैया। इससे आप यह भी जान लेंगे, कि साढेसाती मस्तष्क पर (चढ़ती)है, हृदय पर है, या पैरों पर (उतरती) है। जैसे - जब शनि मिथुन राशि में हो तब वृष राशि वालों पर साढेसाती पैरों (उतरती), मिथुन राशि वालों पर साढ़ेसाती हृदय पर, कर्क राशि वालों पर, साढ़ेसाती मस्तक पर(चढ़ती)तथा वृश्चिक तथा मीन राशि वालों पर ढैया चल रहा होगा । "

शनि की राशि / जन्म राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मेष	सा. ह.	सा. पै		दै				दै				सा. म.
वृष	सा. म.	सा.ह.	सा. पै		दै				दै			
मिथुन		सा. म.	सा. ह	सा. पै		दै				दै		
कर्क			सा. म	सा. ह	सा. पै		दै				दै	
सिंह				सा. म.	सा. ह	सा. पै		दै				दै
कन्या	दै				सा. म.	सा. ह	सा. पै		दै			
तुला		दै				सा. म.	सा. ह	सा. पै		दै		
वृश्चिक			दै				सा. म.	सा. ह.	सा. पै		दै	
धनु				दै				सा. म	सा. ह	सा. पै		दै
मकर	दै				दै				सा. म.	सा. ह	सा. पै	
कुम्भ		दै				दै				सा. म.	सा. ह	सा. पै
मीन	सा. पै		दै				दै				सा. म	सा. ह

सा. - साढेसाती । ढै. - ढैया । हृ.-हृदय पर । पै.= पैरों पर (उतरती)। म= मस्तक पर (चढ़ती)।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आकाशी कौंसिल का विचार (सं. २०५५ वि.)

संसार की सामाजिक-आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का ग्रह गोचर के अनुसार सर्वेक्षण

(१) सं. २०५५ वि. का राजा शनि है एवं मन्त्री चन्द्र एवं दुर्गेश सूर्य हैं, संवत् का नाम 'खर' है। विश्व में अनेक विध रोगों से कष्ट, राजनैतिक एवं सामाजिक दृष्टि से विशेष उथल-पुथल के योग।

(२) १७ अप्रैल से १४ मई तक शनि-मंगल का मेष राशि में रहना भारी संकट एवं कुछ देशों में युद्धाग्नि से शान्ति भंग। विशेषतः भारत में राजनीतिक उथल-पुथल ।

(३) १७ जून से १० अगस्त तक मिथुनस्थ मंगल पर नीच शनि की दृष्टि है। दक्षिणी अमेरिका एवं दक्षिण पूर्व एशिया, इण्डोनेशिया, मलेशिया में भारी प्राकृतिक-प्रकोप से कृषि प्रभावित । भारत में बाढ़ आदि से हानि हो।

(४) १२ जनवरी से संवत् के अन्त तक अनेकत्र प्राकृतिक प्रकोप से जनधन-हानि एवं सुदूर पूर्वोत्तरीय क्षेत्र एवं दक्षिण-पश्चिमी समुद्र तट विषद्ग्रस्त।

(५) इस वर्ष की ग्रहस्थिति से भारत के केन्द्र एवं कुछ प्रान्तों में विशेष उथल-पुथल के संकेत।

(६) भारत के सत्तारूढ़ दल एवं राजनैतिक-दलों का भविष्य, आगामी चुनाव की संभावना ।

(७) भारत के प्रधान नेताओं का भविष्य, पंजाब, काश्मीर उत्तर प्रदेश की राजनैतिक स्थिति।

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक भी अव्यवस्था किंवा अनुशासन-हीनता आ जाए, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक-विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्निज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे ;" - यह नियामक विधान किसी अदृश्य सत्ता के अस्तित्व को प्रमाणित करता है। इसी प्रकार यह सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड प्रभु के एक निश्चित विधान के अनुसार ही चल रहा है। इस विधान का साक्षात्कृतधर्मा ऋषियों ने जो अध्ययन व चिन्तन किया है, उसका परिणाम ही 'ज्योतिष' है। ज्योतिष के अनुसार ब्रह्माण्ड के सभी क्रिया-कलाप ग्रहों द्वारा नियन्त्रित हैं। आकाश में जो भी ग्रह-नक्षत्र है, उनसे यह पृथ्वी किंवा सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड अप्रभावित नहीं रहते- यह ज्योतिष का एक मूलभूत सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त की प्रमाणिकता में सन्देह करना तो दुराग्रह ही है। विज्ञान, कार्य-करण के सिद्धान्त पर ही आधारित है। परन्तु आज भी असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं।

सिद्धान्तों के व्यभिचार मात्र से शास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य-सिद्धान्तों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसन्धान की आवश्यकता है।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कालात्मा सूर्य को सब ग्रहों का प्रधान माना गाया है। शुक्ल यजुर्वेद की इस ऋचा पर ध्यान दें -

"आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च।
हिरण्येन सविता रथेनादेवो याति भुवनानि पश्यन्॥"

अर्थात्- सूर्यनारायण सम्पूर्ण भुवनों को देखते हुए परिभ्रमण करते हैं। सभी ग्रहों में एकमात्र सूर्यदेव ही तो हैं, जो प्रत्यक्षरूप से दृष्टिगोचर होते रहते हैं। सम्पूर्ण दिशाओं को प्रकाश देने वाला कालात्मा-सूर्य स्थावर जंगम जगत्, ग्रह, पृथ्वी, जल, वायु आकाश किंवा समस्त भचक्र का भेद जानता है। सूर्य की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रुपान्तर होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध महामारी अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है, कि आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है। इस तथ्य को वैज्ञानिक विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

ऋग्वेद में पच्चानवें हजारवर्ष पूर्व ग्रहनक्षत्रों का वर्णन उपलब्ध है। महर्षियों द्वारा प्रस्फुरित इस शास्त्र पर गुरु शिष्य परस्परा चिन्तन व संशोधन संबर्धन होते रहे हैं। प्रत्येक ग्रह जब अपनी गति-स्थिति में अन्तर लाता है, तभी विश्व का घटनाचक्र प्रभावित होता देखा गया है। इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं वह सब ग्रहों के वक्र-मार्ग आदि के ही परिणाम हैं। इस ग्रहगति जन्य-संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हैं और यह इस प्रकाशन का ७० वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

आपके इस लोकप्रिय पञ्चाङ्ग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अव्यभिचरित भाविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहर लाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंञ्चाङ्ग अपनी सफल आश्चार्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांग गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में सर्वोपरि एवं लोकप्रिय है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इससे पहिले कि हम सं. २०५५ की ग्रहस्थिति पर विचार करें, सं. २०५३ वि. में आश्चर्यजनक रूप से सत्य सिद्ध हुई भविष्यवाणियों की संक्षिप्त चर्चा कर देना उचित समझते हैं। फलित-ज्योतिष की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए ये भविष्यवाणियां पर्याप्त हैं।

(१) सं. २०५३ वि. के पंचांग में पृ.१९ पर कालम १ में स्पष्ट घोषणा की गई थी कि -

"१६ सितम्बर से शनि-केतु एवं सूर्य -राहु का समसप्तक योग किसी मुस्लिम देश में जातीय दंगे फिसाद एवं आन्तरिक घोर अशांति का संकेत देता है।"

पाठक इस भविषवाणी की सत्यता से पूर्णतया परिचित हैं, कि २२ सितं. को पाकिस्तान में प्रधानमंत्री -भुट्टो के भाई की गोलीमार कर हत्या कर दी गई और कराची में घोर आन्तरिक अशान्ति का वातावरण बन गया।

(२) सं. २०५३ वि. के पंचांग में पृ. १०१ पर पाक्षिक फलादेश 'लोक भविष्य' में सितम्बर १३ से २७ के मध्य स्पष्ट घोषणा की गई थी कि -

"(इस पक्ष में) सूर्य-राहु एवं शनि का समसप्तक (योग)कहीं राजनीतिज्ञ के अपदस्थ होने का संकेत भी देता है।"

पाठकों ! २२ सितम्बर को भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री श्री नरसिंहराव जी को कांग्रेस के प्रधान पद से पृथक् होना पड़ा,- इस भविष्यवाणी की सफलता के बारे में पाठकों ने हमें दूरभाष पर सूचित करते हुए फलितशास्त्र की प्रतिष्ठा को स्वीकारा है।

(३) सं. २०५३ वि. के पंचांग में पृ. २० पर कालम १ में लिखी गई इन पंक्तियों पर ध्यान दें -

"इस वर्ष यहां की शासन सता एवं राजनीतिक दलों के लिए अप्रत्याशित विस्मयकारी घटनाचक्र चलाने वाला है। सत्तासीन पार्टी के सामने ऐसी परिस्थितियां आएंगी, जिससे शासनतंत्र डगमगाएगा, प्रधान नेता ऐसे राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस जाएंगे जहां से निकलना कठिन ही प्रतीत होता है"

किञ्च "इस लग्नगत ग्रहस्थिति के अनुसार इस संवत् में प्रमुख नेताओं एवं प्रमुख राजनैतिक दलों को गंभीर राजनैतिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए। भारतीय राजनीति में विशेष उथल एवं परिवर्तन के संकेत गोचर ग्रहस्थिति से स्पष्ट दिखाई द रहे हैं।"

भारतीय राजनीति के बारे में उपरोक्त भविष्यवाणी की सफलता ने पाठकों को अवाक् कर दिया । लोकसभा के परिणाम अप्रत्याशित - विस्मयकारी ही थे। कांग्रेस की अकल्पनीय सत्तामोह भंग हुआ । प्रधान नेता श्री नरसिंराव जी लक्खूभाई धोखाधड़ी के केस में ऐसे उलझे, कि कांग्रेस का प्रधान पर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा, फिरभी उस चक्रव्यूह से निकलपाना कठिन प्रतीत होता है,

इसवर्ष के प्रमुख नेता एवं राजनैतिक दल हवाला काण्ड से प्रभावित हुए। पशुचारा काण्ड एवं दूरभाष विभाग के मन्त्री श्री सुखराम जी को भी अप्रत्याशित धन-रखने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा है, जिससे कांग्रेस, भाजपा एवं लोकदल आदि प्रमुख पार्टियां स्पष्टत- प्रभावित हुई हैं।

(४) सं. २०५३ वि. के पंचांग में पृ. २० पर गोचर ग्रहस्थिति शीर्षक के अन्तर्गत कालम २ में मोटे अक्षरों में स्पष्ट घोषणा की गई थी.

"वर्ष के मन्त्रिपद पर आसीन शने की दृष्टि उत्तर की तरफ ही रहेगी ।इस ग्रहस्थिति का प्रभाव कहीं राजनीति में नए तालमेल एवं नए समीकरण बनाकर भारतीय शासनतन्त्र में काफी उलटफेर वाला रहेगा।"

पाठक भली भांती जानते है , कि सन् १९९६ ई. में लोकसभा निर्वाचनों के बाद बिल्कुल विरोधी-सिद्धान्तों वाले विभिन्न दलों ने मिलकर केवल सत्ता हथयाने के लिए एक नया समीकरण बना लिया, जिसे- "संयुक्त मोर्चा" नाम दे दिया गया। इस प्रकार भाजपा की सारकार को गिरा कर यह वर्ष विशेष उलटफेर वाला ही रहा है,

(५) केन्द्रीय शासनतन्त्र में परिवर्तन की भविष्यवाणी "भी कम आश्चर्यजनक नहीं थी:, पढ़ें पृष्ट २०, कालम २ की अन्तिम मोटे अक्षरों में छपी ये पंक्तियां"

"पाठक ध्यान दें कि- गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार २० नवम्बर १९९५ से अप्रैल १९९६ तक की ग्रहस्थिति के परिणामस्वरूप शासन तन्त्र एवं केन्द्रीय प्रमुख पार्टियों को एवं प्रधान पदासीन नेताओं को भारी राजनैतिक उलझन का सामना करना होगा । परिणामस्वरूप केन्द्रीय शासनतन्त्र में परिवर्तन के प्रबल योग बनते हैं।"

(६) सवंत् २०५३ के निर्वाचन संग्राम के बारे में की गई भविष्यवाणी, जिसके बारे में भारत के गण्यमान्य नेता भी हमें फलितशास्त्र की सत्यता के बारे में लिखने के लिए विवश हो उठे -

सं. २०५३ वि. के पंचांग में पृ. २१ पर कालम २ में स्पष्टरूप से 'त्रिशंकु संसद' बनने की घोषणा की गई थी, संदर्भ उद्धृत है :-

"भारत स्वतन्त्रता कुण्डली में सप्तम भावस्थ स्वस्थ शनि संकेत देता है, कि इसवर्ष लोकसभा निर्वाचन में कांग्रेस पार्टी का टकराव सशक्त प्रतिद्वन्द्धी भाजपा से होगा। लेकिन भाजपा एवं कांग्रेस (आई.)" के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा, परिणामस्वरूप इस लोकसभा निवार्चन के परिणाम अप्रत्याशि होगें और पूर्ण बहुमत किसी भी पार्टी को प्राप्त न होगा। केन्द्रीय वर्तमान मन्त्रिमंडल में १९९६ ई. के मध्य से पूर्व विशेष परिवर्तन संभावित है।

कांग्रेस (तिवारी) नगण्य रहेगी । वामपन्थी मोर्चा व राष्ट्रीय मार्चा में शमिल विभिन्न घटकों में सैद्धांतिक विरोधाभास व टकराव की स्थिति बनी रहेगी सत्ता प्राप्ति के लिए कुछ घटक प्रमुख पार्टी का बल देंगे।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार आगामी निर्वाचन संग्राम में किसी भी पार्टी को बहुमत न मिल सकेगा। परिणामस्वरूप केन्द्र में "त्रिशंकु संसद" बनेगी । जो भी बड़ी

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

पार्टी नई सरकार बनाएगी वह कोलीशन या गठबंधन वाली ही होगी। ऐसा ग्रहस्थित के आधार पर विचार है, सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

इस भविषयवाणी की सफलता पर पंचांग प्रेमी जनता ने हमें पत्रों द्वारा जो उत्साहवर्धन किया है, उसके लिए हम आभारी हैं।

सं. २०५४ वि. के पंचांग में जो भविष्यवाणियां की गई थी, वे भी आश्चर्यचकित कर देने वाली हैं, सभी की चर्चा करना तो यहां संभव नहीं, लेकिन कुछ प्रमुख भविष्यवाणियों की चर्चा कर देना युक्तिसंगत समझते हैं -

(१) 'धमाकेदार स्कैण्डलों' के उजागर होने की भविष्वाणी निम्नांकित शब्दों में की गई थी - देखें सं. २०५४ वि. के पंचांग में पृष्ठ १८ कालम २ से उद्धृत पंक्तियां:-

"सं. २०५४ विक्रमी में सत्तारूढ़ दल को विशेष संकट का सामना करना पड़ेगा, लेकिन देश की प्रभुसत्ता एवं मान सम्मान बना रहेगा। पुराने बोफोर्स आदि मसले पुनः उजागर होंगे, परिणामस्वरूप कई प्रतिष्ठित पुरातन नेताओं की संक्लिप्तता सिद्ध होगी। इन घोटालों में संक्लिप्तता महानायकों के नाम भी प्रकाश में आएंगे, जिससे कुछ अन्य धमाकेदार स्कैण्डल भी सामाने आने के योग है"

स्पष्ट है, कि सत्तारूढ़ प्रमुख दल (जनता दल) के वरिष्ठ श्री लालू प्रसाद जी चारा घोटाले में, कुछ हवाला केस, कुछ यूरिया घोटाले में संक्लिप्त होने से जेल भोग रहे हैं।

(२) १५ दिसं. १९९६ को श्री नरसिंहाराव के बारे में पृ. २०, कालम २ के अन्त में स्पष्ट शब्दों में घोषणा की गई थी -

"बहुचर्चित नेता श्री नरसिंह राव जी की ग्रहस्थिति प्रतिकूल है। जून १९९८ तक का समय इनके लिए अनुकूल नहीं। इनके जीवन में अवांछित घटनांए घटित होंगी। १९९८ ई. इनके लिए अप्रिय घटना क्रम को लेकर आएगा।"

स्पष्ट है, कि श्री नरसिंहराव को धोखाधड़ी के केस में उलझना पड़ा एवं कानूनी विशेष संकटपूर्ण परिस्थिति का सामना करना पड़ा है।

(३) सत्तारूढ़ मोर्चा की स्थिति के बारे में जो लिखा था, वह ठीक घटित हुआ है। पृ. १९, कालम १ पर सं. २०५४ में प्रकाशित पंक्तियां-

"वर्षलग्न में गुरु, शनि अस्त हैं, मुंथेश-बुध, राहु, सूर्य के बीच कर्त्तरी योग से ग्रस्त है, संयुक्तमोर्चा किंवा सामयिक-सत्तारूढ़ दल के घटक पार्टियों के प्रधान-नेताओं एवं राजनैतिक दलों को इस संवत् के पूर्वार्ध में ही भारी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि संवत् का राजा स्वयं मंगल (जोकि वर्ष प्रवेश का लग्नेश भी है) अपनी नीच राशि की तरफ जा रहा है। भारतीय - राजनैतिक दलों एवं भारत की राजनीति में विशेष उथल पुथल एवं परिवर्तन के संकेत लगभग सं. २०५४ के आरम्भ में ही ग्रहस्थिति के अनुसार स्पष्ट दृष्टिगोचर हो रहे हैं। सं. २०५४ के आरंभ से पूर्व किंवा प्रारम्भिक मासों में ही शासनसत्ता में नाटकीय परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं।"

(४) आगे प्रधानमन्त्री देवगौड़ा जी के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी ने तो पाठकों को स्तब्ध कर दिया। पढ़ें -सं. २०५४ वि. के पंचांग के पृ. १९ कालम २ पर प्रकाशित पंक्तियां पढ़े-

ध्यान दें -कि ५ फरवरी सन् १९९७ ई. को मंगल वक्री भी हो जाता है और १३ मार्च को शनि अस्त हो रहा है। - यह ग्रहस्थिति सत्तारूढ़ मोर्चा सरकार के लिए पेचीदा है, इस अवधि में प्रधान नेता को विषम चक्रव्यूह से निकलना कठिन होगा, वैसे तो संवत् २०५४ को प्रारम्भ के लगभग केन्द्र सरकार में विशेष परिवर्तन के योग है।

पाठक जानते हैं, कि ११ अप्रैल को देवगौड़ा सरकार भंग हो गई थी। २१ अप्रैल को श्री इन्द्रकुमार गुजराल जी नए प्रधान मन्त्री बने।

(५) कांग्रेस पार्टी में श्रीमती सोनिया गांधी के प्रवेश का संकेत पंचांग में सं. २०५४ पृ. २०, कालम २ पर कांग्रेस शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्टरूप से निम्नांकित शब्दों में किया गया था पढ़े-

"कर्मक्षेत्र (कन्या राशि) का स्वामी बुध होने से मीन के गुरु में किसी पुराने कांग्रेसी नेतृत्व- परिवार की मदद मिलने से इस पार्टी को पुनः चेतना मिलने का योग है।"

पाठक जानते हैं, कि ८ मई को श्रीमती सोनिया गांधी ने कांग्रेस में सम्मिलित हो गई।

(६) इसके अतिरिक्त १० मार्च ९७ को नेपाल में नया मन्त्रिमण्डल बना, पुराने कोइराला जी को पदत्याग करना पड़ा - सं. २०५४, पृ. १७ पर, कालम १ पर से निम्नलिखित पंक्तियां उद्धृत हैं -

"किसी देश विशेष में मार्च '९७ के अन्त तक शासन सत्ता में परिवर्तन से राजनैतिक समीकरणों में परिवर्तन आएगा। १२ मार्च' ९७ से आगे २८ मार्च तक पंचग्रही योग भी राजनीति में कहीं विशेष परिवर्तन का ही संकेत देता है।"

(७) ६ मई को दिल्ली में बम ब्लास्ट, १८ मई को तुर्की में १००० कुर्दों को कत्ल कर दिया गया। १०।१२ मई १९९७ को ईरान में भूकम्प से हजारों व्यक्ति मरे। १४ मई को बंगला देश में साइक्लोन से भारी विनाश हुआ। २५ मई को अफगानिस्तान के नेता 'दोस्तम' देश छोड़ कर टर्की भागजाने को विवश हो गए। इस बारे में पढ़े सं. २०५४ के पंचांग में पृ.१७ पर कालम १ का अन्तिम स्टैंजा-

"२४ मार्च से २ जून तक शनि-मंगल का षडष्टक एवं ३ जून तक राहु मंगल का शनि-केतु के साथ समसप्तक योग विश्व के कुछ देशों में अघटित घटनाक्रम को उजागर करेगा। कहीं राजनीति से प्रेरित हत्याकाण्ड होंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोकव्याप्त होगा। किसी जगह अग्निकाण्ड, बम विस्फोट या विमान-यान दुर्घटना में जनधन हानि का समाचार मिलेगा। कुछ राष्ट्र परस्पर सैन्य संघर्ष की स्थिति में आ खडे होंगे - परिणाम स्वरूप स्थिति गंभीर होगी। अफगानिस्तान, पाकिस्तान किंवा खाड़ी के कुछ देश विशेष संकटापन्न स्थिति में अनुभव करेंगे।"

(८) 'अणुशक्ति' के बारे में भारत ने किसी देश के आगे घुटने नहीं टेके, श्री गुजराल ने

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

स्पष्ट कर दिया, कि 'निरस्त्रीकरण सन्धि' में विषमता स्वीकार्य नहीं, इस बारे में पहले ही भविष्यवाणी की गई थी-पढ़े सं. २०५४, पृ. १७, कालम १ पर -

''अमेरीका, रूस, चीन, जापान, ब्रिटेन आदि देश अपने प्रभुत्व एवं दबदबे की नीति के तहत कुछ उदीयमान देशों को परमाणु 'निरस्त्रीकरण-सन्धि' का आश्रय लेकर दबाने की प्रवृत्ति अपनाएंगे। भारत की नीति इस बारे में स्वतन्त्र विचारधारा वाली रहेगी, जिसे कुछ समय बाद कुछ अन्य देशों का सहयोग भी उपलब्ध हो सकेगा।''

स्पष्ट है, कि अब कुछ मुस्लिम राष्ट्र भी भारत की इस नीति को मान्यता देने लगे हैं।

इस प्रकार अनेकों आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय गत ६९ वर्षों से आपके इस मार्त्तण्ड पंचांग को प्राप्त होता आ रहा है। सभी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा यहां कर सकना स्थानाभाव के कारण संभव नहीं है।

पाठको, श्री मार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गई या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे है, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनता जनार्दन के सौहार्द का परिणाम । हम उन पाठकों के भी आभारी है जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्वाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

अब सं. २०५५ वि. की ग्रहस्थिति का परिशीलन करके भावी घटनाचक्र के बारे कुछ लिखना भी प्रसंगिक समझते हैं।

सं. २०५५ की ग्रहपरिषद के आधार पर
विश्व का घटना चक्र -

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतान्त्रिक - राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण- कर्म, स्वभाव-योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों पर पड़ता है, इसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित अकाशीय- शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसार चक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्‌भुत् शक्तिमती आकाशी-कौंसल का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलटफेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती है, उन्हें अपनी तुच्छमति के अनुसार त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. २०५५ के घटना चक्र के बारे में कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं ।

सं. २०५५ वि. में आकाशीय ग्रह परिषद् के दशाधिकारियों में ५ अधिकार क्रूरग्रहों को प्राप्त हुए हैं, एवं पांच अधिकार क्षेत्रों पर शुभग्रह प्रभावी हैं। इस संवत् का राजा शनि है, जोकि दलितवर्ग एवं क्रूर प्रकृति किंवा युद्धप्रिय है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है-

''शनैश्चरे भूमिपतौ सकृज्जलं प्रभूतरोगैः परिपीडपते जनः।
युद्धं नृपाणां गद-तस्कराद्यैः भ्रमन्ति लोकाः क्षुधिताश्च देशान्॥''

स्पष्ट है :- इस वर्ष असामयिक किंवा अपर्याप्त वर्षा से कृषक वर्ग चिन्तित रहेगा। एड्स डंगुज्वर किंवा अनेक प्रकार के असाध्य रोग (महामारी) आदि से जनता संकट का सामना करे। कुछ देशों में परस्पर युद्ध ज्वाला जन्य, जनधन हानि से विश्वशान्ति भंग होगी। लोकतन्त्र राष्ट्रों में कहीं सत्ता परिवर्तन, कहीं सत्तालिप्सा से शक्ति परीक्षण हों और प्रधान-नेतृत्व किंवा दलों के समीकरणों में परिवर्तन हों। कहीं सीमा प्रान्तों पर भयावह युद्ध के बादल गरजें और सैन्य संघर्ष से वातावरण अशान्त होगा। किसी राजनैतिक किंवा युद्धभय से संत्रस्त जनता अपना स्थान छोड़कर दूसरे स्थान पर जाने के लिए विवश होगी, जिससे पड़ोसी देश प्रभावित हुए बिना न रहेंगे।

इस वर्ष का मन्त्रिपद चन्द्रमा को प्राप्त हुआ है, शनि से चन्द्रमा की शत्रुता है, और शनि के समक्ष चन्द्र हतप्रभ है। स्पष्ट है, कि राजा निरंकुश किंवा सर्वभौम सत्ता से जो भी निर्णय लेगा, वहीं अन्तिम होगा। चन्द्र का मन्त्रित्व प्रभावी निर्णय लेने में असमर्थ रहेगा। इस वर्ष के धान्येश (शीतकालीन फसलों के मालिक) शनि का मंगल शत्रु है। स्पष्ट है जब भी वर्ष में शनि-मंगल का राशि व दृष्टि संबंध होगा, तभी किसानों को परेशानी होगी। देश में राजनैतिक प्रदूषण बढ़ेगा। शासक देशहित की न सोचकर अपनी सत्ता लोलुपता में उलझे रहेंगे। प्रकृति प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। चावल, मक्का आदि मंहगे होंगे, घी तेलाआदि जनजीवनोपयोगी वस्तुओं में भारी मंहगाई से जनसाधारण में रोष व्याप्त होगा।

इस वर्ष शनि को राजापद के साथ-साथ रसेश पद भी प्राप्त है, जोकि रस (गुड़-घी-दूध) आदि में तेजी बनाएगा। वर्षा की कमी व अभाव से कहीं रोग व अकाल की स्थिति बनेगी। पशुओं में रोग से हानि हो।

इस वर्षग्रह परिषद् में शनि के पिता एवं शत्रु 'सूर्य' को भी फलेश एवं दुर्गेश (फौजों के मालिक) का पद प्राप्त है। इस प्रकार सूर्य महाप्रतापी होने से शनि के महाक्रूर एवं विनाशकारी प्रभाव को कुछ क्षीण कर देता है

ध्यान देने योग्य बात तो यह है , कि-सम्पूर्ण ग्रह परिषद् में सारे पद केवल ६ ग्रहों (शनि, सूर्य, चन्द्र, गुरु, मंगल एवं बुध) को ही प्राप्त हैं। जिनमें महत्त्वपूर्ण पद शनि-सूर्य को प्राप्त हैं। ग्रह परिषद् में सूर्य- चन्द्र मंगल का वर्षेश-शनि शत्रु है, केवल बुध के साथ शनि का मैत्री सम्बन्ध है। **बुध इस वर्ष का कोषाध्यक्ष है, शनि के प्रभाव में बुध स्वतन्त्र किंवा निष्पक्ष कार्य न कर सकेगा। ऐसी ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है, कि-इसवर्ष अनेकों घोटाले होंगे एवं प्राचीन बहुचर्चित अनेक घोटालों का भण्डाफोड़ होगा, अनेक नेता प्रधान नेता की कृपावशात् राजनीतिगत दाव पेचों से घोटालों से मुक्ति भी पा लेंगे, कुछ प्रधान नेता के**

CC-0. In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

कृपाभाजन न होने से सजा के भागी भी होंगे इस बारे में कई आश्चर्यजनक -घटनाएं सामने आएंगी । ग्रहपरिषद में सूर्य को छोड़कर सभी अधिकारी शनि के साथ समभाव (उदासीन भाव) रखते हैं। लेकिन शनि की ग्रहपरिषद् के अधिकतर अधिकारियों के साथ शत्रुभाव ही है। स्पष्ट है- इस संवत् के प्रारम्भ से पूर्व ही किसी गणतन्त्र प्रजातन्त्र राष्ट्र में शक्ति परीक्षण की स्थिति पैदा होगी और अप्रत्याशित राजनीतिक परिवर्तन होंगे। सूर्य विश्व में न्यायप्रिय शासकों के आगे आने का संकेत देता है। विश्व में प्रगतिप्रद कार्य क्रम हों, शासक एवं शासित में आगे अच्छा तालमेल बने अपने देशों के संविधान के अनुकूल कार्य करने वाले व्यक्ति निर्भय एवं सम्मान प्राप्त करेंगे। एक बात और भी विचारणीय है, कि इस संवत का राजा शनि १६ अप्रैल तक मीन राशि में एवं बाद में सारे साल मेष राशि में ही रहना है - अतः इसके प्रभाव क्षेत्र में उत्तर पूर्वी भूभाग स्थित देश आते हैं। कहीं आन्तरिक अशान्ति कहीं युद्ध भय व्याप्त हो। चीन-अफगानिस्तान आदि में कहीं भूकम्प, समुद्री तूफान ज्वालामुखी विस्फोट हो। इसवर्ष के मध्य में यान दुर्घटना, किंवा किसी विशेष राजनेता की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। पूर्वीगोलार्ध के देशों में कहीं असन्तोष, आन्दोलन, सत्तापरिवर्तन एवं हत्याकाण्ड हों, कहीं राजनैतिक अस्थिरता का वातावरण बने। मेष का शनि बंगलादेश में गृहयुद्ध जैसी स्थिति बना देगा-ऐसा मालूम देता है । मेष राशि के शनि का फल इस प्रकार कहा है :-

''मेषस्थे भानुपुत्रे त्रिभुवन-विदिते याति धान्यं विनाशम्,
तूले तैल्ङ्ग बगे हयखुर दलितं विग्रहस्तीव्र एव।
पाताले नागलोके दिशि विदिशिगता भीत-भीता नरेन्द्राः,
सर्वेलोका विलीना प्रथम गतधना याचमाना व्रजन्ति॥''

धान्य किंवा खड़ी फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी। बंगाल लंका कम्बोड़िया इजरायल फिलस्तीन अफगानिस्तान आदि में भंयकर युद्ध का वातावरण बने। अमेरीका व किसी समृद्ध देश में भी प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। आस्ट्रेलिया, ताइवान, मलेशिया एवं इण्डोनेशिया के आन्तरिक कुछ घटनाक्रम चीन के लिए उलझनपूर्ण सिद्ध होंगे। नाटून एवं सप्रेली द्वीप भी विवाद का कारण बन सकते हैं। कहीं युद्धभय से जनता अपना सब कुछ छोड़ कर स्थानान्तरण करने के लिए विवश होगी। इसवर्ष मेष के शनि में चीन, लंका टर्की, अफगानिस्तान, बंगालादेश, जापान जर्मनी एवं ईरान आदि किसी मुस्लिम राष्ट्र में भयंकर भूकम्प से जनधन हानि होगी। कहीं तूफान, चक्रवात, ज्वालामुखी विस्फोट, कहीं भयंकर प्राकृतिक विनाश लीला का दृश्य भी उपस्थित होने का योग है। किसी विशिष्ट व्यक्ति के आकस्मिक निधन किंवा हत्या से इसवर्ष शोक व्याप्त होगा।

जगत् लग्न कुण्डली से विश्व का घटना चक्र



संवत् २०५५ में वैशाख कृष्ण प्रतिपदा चन्द्रवार तदनुसार १३ अप्रैल सन् १९९८ ई. को २९ घं. ३ मिनट पर विशाखा नक्षत्र, सिद्धियोग एवं तुलास्थ चन्द्र के समय मीन लग्न में सूर्य देव मेष राशि में प्रविष्ट होंगे ।

लग्नस्थ-शनि इस संवत् का राजा भी है, मित्र ग्रह बुध के साथ मीन राशि में है। लग्नेश गुरु अपनी राशि से बारहवें शनि के क्षेत्र में है। शनि-गुरु का जगत्-कुण्डली में राशि-व्यत्यय विश्व के लिए विशेष असुखद प्रतीत नहीं होगा।

''मीन लग्ने दक्षिणस्यां सुखी लोकोऽन्न संग्रहः।
मध्यदेशे धान्यनाशः छत्रभंगः क्वचिद् भवेत्॥''

दक्षिणी गोलार्ध के देशों में प्रायः अमन चैन रहे, विकासोन्मुख राष्ट्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र-महसभा द्वारा विकास एवं सुरक्षा के विशेष नियम बनेंगे, जिससे छोटे राष्ट्र अपनी अस्मिता एवं अपने राष्ट्रीय रक्षा हेतु अधिकार क्षेत्र को पहिचान सकेंगें।

धनस्थान में धनेश-मंगल, उच्च सूर्य के साथ सम्बन्ध कर रहा है। संकेत मिलता है कि विकासोन्मुख राष्ट्रों के उद्योगों में प्रगति होगी एवं उनकी आर्थिक स्थिति में विशेष उल्लेखनीय सुधार होंगे । शनि-बुध का मीनराशि में एवं मंगल-सूर्य का धनस्थ होना लोकतन्त्र एवं धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रों के प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि एवं चीन आदि कम्युनिस्ट देशों में युवावर्ग में परिवर्तन के लिए प्रेरणाप्रद सिद्ध होगा। कहीं राजनैतिक धारणा के विरुद्ध आवाज उठेगी, दमन के लिए हिंसा एवं सैन्यशक्ति का भी आश्रय लेना पड़ेगा। कहीं सत्ता हस्तान्तरण का भी योग है,

जगत् लग्न कुण्डलीगत ग्रहस्थित के अनुसार यह वर्ष कुम्भ, मीन, मेष एवं तुला-राशि वाले नेताओं , राजनीतिज्ञों एवं राष्ट्रों के लिए विशेष घटनापूर्ण सिद्ध होगा। विश्व के देशों के एवं राजनीतिज्ञों (नेताओं) के लिए वैशाख, भाद्रपद, फाल्गुन एवं चैत्रमास विशेष घटनापूर्ण होंगे।

इससे पहिले कि हम सं. २०५५ वि. की ग्रहस्थिति का परिशीलन करके कुछ लिखें, संवत् २०५४ के अन्तिम चरण (मासों की) ग्रहस्थिति की समीक्षा कर लेना प्रासंगिक समझते हैं।

३१ अक्तूबर से ९ दिसम्बर १९९७ ई तक शनि मंगल दानों एक दूसरे को परस्पर विशेष दृष्टि से देख रहे हैं । राजनीतिक दृष्टि से यह समय राजनीतिज्ञों के समक्ष विशेष उलझन पूर्ण है, कहीं शक्तिपरीक्षण का अवसर उपस्थित होगा और कहीं सरकार के पतन का अवसर आएगा । बम विस्फोट भूकम्प, कहीं यान दुर्घटना में जनधन हानि हो। कहीं सीमाप्रांतों पर सुरक्षात्मक-व्यवस्था को सुदृढ़ करना पड़ेगा। एशिया महाद्वीप में कहीं भयंकर रोगों की वृद्धि से चिन्ता व्याप्त होगी। दिसम्बर से ७ जन. '९८ तक गुरु-शुक्र मंगल का एक राशि में होना, तथा २४

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

फर. से सं. २०५४ के अन्त तक शनि-मंगल का एक साथ मीन राशि में होना भी विश्व के कुछ राष्ट्रों में अप्रत्याशित घटना चक्र को उपस्थित करेगा। कहीं छत्र भंग, कहीं राजनीतिज्ञ की हत्या वा निधन से शोक व्याप्त हो, कहीं साम्प्रदायिक विषयों को लेकर वातावरण क्षुब्ध होगा।

सं. २०५५ वि.की. ग्रहस्थिति जन्य - घटनाओं का सक्षिप्त विशलेषण

संवत् २०५५ का राजा शनि है सवंत् के आरम्भ में ही शनि मंगल राहू के साथ षडष्टक योग ४ अप्रैल तक चलेगा। लेकिन शनि - राहु का षडष्टक योग तो १६ अप्रैल तक लगातार बना रहेगा परिणामस्वरूप अमेरीका की सैन्यशक्ति फ़ारस की खाड़ी पर अपना दबदबा बढ़ाएगी और ईरान आदि किसी मुस्लिम देश के लिए विशेष चेतावनीपूर्ण सिद्ध होगी। ग्रहगोचर के अनुसार ईराक, इजराइल फिलस्तीन, अफगानिस्तान आदि में संवत् २०५५ में संघर्षपूर्ण वातावरण रहेगा। जिससे समीस्थ-देशों की शन्ति भंग होगी। शान्ति के लिए सुरक्षा परिषद् किंवा बड़े राष्ट्रों को हस्ताक्षेप करना पड़ेगा। वैसे भी चैत्रमास में पांच शनिवार होने से पश्चिम-दक्षिण गोलार्ध के देशों में कहीं प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प से भारी हानि, कहीं अग्निकाण्ड, यान दुर्घटना में जनधन हानि के समाचार मिलेंगे - **"शनेश्च पंचक दृष्ट्वा पाताले कम्पते फणि:।ईशान देश भंगश्च वह्निदाहो महर्घता॥"** लंका के वारिष्ठ नेता के जीवन को इसवर्ष उग्रवादियों से खतरा है। उन्हें सावधान रहना नितान्त आवश्यक है।

४ अप्रैल को मंगल मेष राशि में आएगा। शनि भी १७ अप्रैल को मेष राशि में आकर मंगल के साथ १४ मई तक एक राशि सम्बन्ध बनाएगा। इस समय शनि एवं मंगल दोनों अस्त हैं । इसी बीच ६ अप्रैल को सूर्य बुध एवं १३ अप्रैल को सूर्य शनि की अंशामक युक्ति भी हो रही है। पूर्वोत्तरक्षेत्र में अमेरीका की नीति कहीं वातावरण को क्षुब्ध करे, हथियारों की विक्री से कहीं सम्बन्धों में कटुता बढे। अफ़गानिस्तान किंवा किसी अन्य मुस्लिम राष्ट्र में स्थिति बड़े देशों की कुनीति से बिगड़ेगी। कहीं गृहयुद्ध जैसे हालात बनेंगे। ऐसी स्थिति में अन्तर्राष्ट्रीय किंवा क्षेत्रीय हस्तक्षेप से खून की होली पर अंकुश लगाना आरिहार्य बन जाएगा। मई मध्य के लगभग ब्रिटेन, श्रीलंका, नेपाल, चीन एवं जापान में कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से हानि, श्रीलंका नेपाल में राजनैतिक अशान्ति, प्रधान नेता को विरोधी पक्ष से जीवन भय किंवा अपदस्थता का भय बनेगा।

१५ से २४ मई तक शनि-शुक्र एवं बुध की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इस वर्ष अमेरीका, ब्रिटेन आदि कुछ देश तालिबान को प्रोत्साहित करके अफगानिस्तान के वातावरण को खराब कर देंगे। ईरान के साथ भी आन्तरिक-सम्बन्ध ठीक न रहेंगे।

२५ मई को गुरु मीन राशि में पदार्पण करेगा। स्पष्ट है कि गुरु के मीन में रहते रहते लगभग सितम्बर तक संयुक्त राष्ट्र के स्थायी सदस्यों (अमेरिका,ब्रिटेन आदि) की निरंकुश शक्तियों (वीटो पावर) पर अंकुश लगने की आवाज प्रबल होगी और संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का समावेश होगा। इस प्रकार संयुक्तराष्ट्र के नवीकरण के प्रश्न पर प्रभावशाली पांचराष्ट्रों में से कुछ विरोध करेंगे और संयुक्त राष्ट्र संघ से कुछ देश विरोधस्वरूप अपनी सदस्यता वापिस लेने पर भी विचार कर सकते है। लेकिन 'संयुक्तराष्ट्र' पर किसी एक ही प्रभावी देश का वर्चस्व समाप्त हो जाएगा। मई से अक्तूबर तक सुरक्षा परिषद् का विस्तार होने पर विकासशील देशों में कुछ प्रमुख देशों को प्रातिनिध्य मिलेगा। लातीनी, अमेरिका के एक देश का सुरक्षा परिषद् का मैम्बर बन जाने का योग भी है ग्रहगोचर के अनुसार तुर्की में कट्टरपन्थी इस्लामिक पार्टियों की वृद्धि होगी। जर्मनी में भी रहने वाले तुर्कों के सामाजिक जीवन में परिवर्तन आएगा । जर्मनी में विदेशी अल्पसंख्यक समुदाय में असुरक्षा की भावना पनपेगी एवं धार्मिक कट्टरवाद बढ़ने लगेगा।

इसी बीच २७ जून से १० अगस्त तक मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। १८ जुलाई को गुरु एवं ३१ जुलाई को बुध वक्री हो रहा है। बुध -शनि एवं गुरु ये सब इस समय मन्दगति में है। इस समय किसी विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा । कहीं अग्निकांड से भारी जन-धन हानि होगी, कहीं अकाल की स्थिति बनेगी। किसी मुस्लिम राष्ट्र में भारी आन्तरिक अशान्ति से हानि के समाचार मिलें एवं कहीं सत्ता में नाटकीय-परिवर्तन आने के योग भी है।

१५ अगस्त को शनि वक्री हो जाएगा एवं २२ अगस्त को शनैश्चरी अमावस वाले दिन खण्डग्रास सूर्य ग्रहण घटित होगा। इस ग्रहण का प्रभाव एशिया महाद्वीप के देशों पर आस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया, मलेशिया के पूर्ववर्ती क्षेत्रों पर तथा न्यूगिनी आदि द्वीपों पर दिखाई देगा। कहीं भूकम्प, कहीं अग्निकाण्ड, कहीं समुद्री तूफान आदि से जनधन हानि आदि के योग भी बनते हैं।

लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार यह भी स्पष्ट है, कि इस वर्ष मध्य के लगभग तक ब्रिटेन के धर्मगुरु (पोप) के लिए समय खतरनाक है । ब्रिटेन में किसी गण्यमान्य विशिष्ट व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा। इस अवधि में १० सितम्बर को गुरु वक्री होकर पुन: कुम्भ राशि में आ जाता है। कुम्भ राशि में स्थित गुरु पर राहु शुक्र बुध की दृष्टि है। इस अवधि में कुछ देशों के व्यापरिक सम्बन्धों में परिवर्तन हो। कहीं राजनयिक- सम्बन्ध बिगड़ें।

. २७ सितम्बर से १५ नवम्बर तक मंगल राहु सिंह राशि में रहेंगे। इन पर इस समय गुरु की दृष्टि है। लेकिन गुरु वक्र चल रहा है। अत: कुछ देशों की आन्तरिक-स्थिति विशेष खराब रहेगी। जापान, टर्की, अफगानिस्तान, इण्डोनेशिया, बंगालदेश किंवा अमेरिका में कहीं भयंकर भूकम्प, चक्रवात, समुद्री-तूफान आदि से हानि संभव है। १६ नवम्बर से ११ जनवरी १९९९ ई तक शनि-मंगल का षडष्टक तथा १२ जनवरी '९९ से संवत् के अन्त तक शनि-मंगल का सम-सप्तक योग विश्व में अघटित घटनाओं को प्रस्तुत करेगा। इस वर्ष संयुक्तराष्ट्र महासभा, सुरक्षा-शान्ति को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी। बड़े राष्ट्रों का संयुक्त राष्ट्र कुल से एकमात्र प्रभुत्व कम होगा कुछ अन्य राष्ट्रों को भी प्रातिनिध्य प्राप्त होगा। आतंकवाद, अपराध एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध संयुक्त संघर्ष के लिए विशेष प्रावधान बनेंगे। नारी शक्ति को विशेष स्थान उपलब्ध होगा। सुरक्षा परिषद् में वीटो शक्ति पर अंकुश लगे एवं बहुमत से पारित कार्यप्रणाली लागू हो।

नवम्बर' ९८ से मार्च मध्य के लगभग तक शनि-मंगल, गुरु की स्थिति एवं गोचर पोजीशन को को दृष्टि में रखते हुए ज्ञात होता है, कि-इस अवधि में किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

रिक्त होगा, कहीं सीमाप्रान्तों पर विषम परिस्थिति एवं सेना की गतिविधि से शान्ति भंग होगी। गाड़ी, वायुयान आदि की दुर्घटना एवं कहीं अग्निकांड व प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प आदि से विशेष कष्टप्रद स्थिति बनेगी।

यूरोप के देश



यूरोपीय देशों की कुण्डली में चतुर्थभावस्थ सूर्य पर शनि की विशेष दृष्टि है। पंचम भाव में गुरु-मंगल-शुक्र एवं चन्द्र हैं। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है, कि इस वर्ष यूरोप के देशों में व्यावसायिक सम्बन्ध प्रबल होंगे। लेकिन अमेरिका फ्रांस, आयरलैण्ड, ब्रिटेन आदि के लिए यह वर्ष विशेष घटनापूर्ण रहेगा। जर्मनी, रूस रोम, इटली, स्पेन, डैन्मार्क आदि में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि तथा यूरोपीय देश में कहीं राजनैतिक हत्या से शोक व्याप्त होगा। कुछ देशों में मुद्रास्फीति बढ़ेगी। ब्रिटेन आदि के राजकुल व अन्य आन्तरिक समस्याएं बढ़ेगी। तटवर्ती देशों में कहीं भूकम्प किंवा प्राकृति प्रकोप से जनधन हानि संभव है। मीन एवं कन्या प्रभावराशि वाले देशों को विशेष उलझनपूर्ण स्थिति में से गुजरना होगा कहीं प्राकृतिक आपदा एवं शासन सत्ता में उलटफेर हों।

मुस्लिम देश

हिजरी सन् १४१९ की कुं.



(२८ अप्रै. १९९८ ई.)

मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली में गुरु-शु-केतु धन स्थान में हैं तथा चतुर्थ भाव में नीच शनि का मंगल एवं सूर्य के साथ मेल हो रहा है। स्पष्ट है कि यावन राष्ट्रों में ही परस्पर उलझने बढ़ेंगी। विशेषत: इराक, ईरान एवं पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि में आन्तरिक सम्बन्ध मधुर न रहेंगे। इन देशों में कहीं आन्तरिक क्रान्ति, रक्तपात को दृष्टि में रखते हुए सुरक्षा परिषद् को दखल देना पड़े। पाकिस्तान में आन्तरिक फूट से स्थिति उलझेगी और नेतृत्व परिवर्तन के स्पष्ट संकेत मिलेंगे। किसी बड़े नेता को विषम परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। बंगला देश, टर्की एवं अफ्रीकी देशों के लिए भी यह वर्ष, भूकम्प, समुद्री तूफान आदि प्राकृतिक-प्रकोप से कष्टप्रद मालूम देता है। २५ मई से १६ अगस्त तक तथा २७ सितम्बर से सम्वत् के अन्त (मार्च) तक की ग्रहस्थिति मुस्लिम-राष्ट्रों के लिए विशेष घटनापूर्ण रहेगी। कहीं किसी विशिष्ट व्यक्ति की हत्या, कहीं सत्ता हस्तान्तरण, कहीं आन्तरिक क्रान्ति व अशान्ति से विशिष्ट व्यक्ति को पदत्याग करना पड़े। हिजरी सन् का प्रारंभ मंगलवारी होने से विश्व के पूर्वी एवं उत्तरी भूभाग पर अकाल की स्थिति बने। खाद्य वस्तुओं में भारी तेजी बने। कहीं भयंकर युद्ध का सूत्रपात हो।

सं. २०५५ वि. की वर्ष कुण्डलियों के अनुसार

भारत एवं भारत सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का सर्वेक्षण

नववर्ष प्रवेश कुं.



स्वतन्त्र भारत जन्माङ्ग



(१५ अग. १९४६)

भारत का ५१ वां वर्ष



(१५ अग. १९९७ ई.)

गतवर्ष की नवम्बर (१९९७ ई.) से संवत् २०५४ के अन्त तक की ग्रहगति के अनुसार भारतीय-राजनीतिक परिदृश्य पर संक्षेपेण दृष्टिपात करने से एक बात स्पष्ट मालूम देती है, कि भारत के उ.प्र. आदि कुछ प्रांतों में शासन सत्ता के अस्थिर होने एवं सत्ता परिवर्तन के योग हैं। साथ ही केन्द्रीय शासन सत्ता के लिए भी यह समय अग्निपरीक्षा का ही मालूम देता है। कांग्रेस आदि कुछ राजनीतिक दलों के अग्रणी नेता अपनी महत्वाकांक्षा किंवा सैद्धांतिक मतभेदों के कारण केन्द्रीय-शासन सत्ता से कभी भी अलगाव की स्थिति पैदा करके देश में राजनैतिक सन्तुलन को बिगाड़ सकते हैं।

सवंत् २०५५ वि. की वर्ष प्रवेश कुण्डली के अनुसार वृषलग्न में संवत् का उदय हुआ है। पश्चिम में कहीं अकाल की स्थिति बने। पूर्वीय-प्रान्तों में कहीं अवांछित तत्त्व प्रभावी हों। उत्तरी प्रान्तों में कहीं राजनैतिक-अस्थिरता बने। दक्षिणी गोलार्ध में वर्षा, तूफान व प्राकृतिक-प्रकोप से हानि हो।

नववर्ष कुण्डली के आमदन भाव में सूर्य-शनि-मंगल चन्द्र एवं बुध का एक साथ होना भारत के विशिष्ट राजनीतिक पार्टियों के समक्ष एक विशेष प्रश्नचिह्न बनाता है, आगे नीति-निर्धारण में कई पार्टियां अपना स्वतन्त्र निर्णय लेने में दुविधा में पड़ जाएंगी। सूर्य-शनि-मंगल क्रूर एवं परस्पर शत्रुभाव रखते हैं अत: संयुक्त मोर्चा सरकार एवं अन्य दलों को इस वर्ष निश्चित-रूप से 'मध्यावधि चुनाव' का सामाना करना ही पड़ेगा, परिणाम स्वरूप कुछ विरोधी सिद्धांतों वाले घटक बिखर जाएंगे और सत्तारूढ़ दल क्षीण हो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

जाएगा। पुनः राजनैतिक अस्थिरता एवं दलों के ध्रवीकरण का प्रश्न सामने आएगा। ग्रहस्थिति के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था में इस वर्ष विशेष सुधारात्मक-प्रस्ताव आने पर भी कोई खास उपलब्धि न मिलेगी। सत्तारूढ़ दल को विशेष अर्थशास्त्रियों का मशबरा लेना पड़ेगा। **ध्यान दें :** नववर्ष प्रवेश कुण्डली एवं स्वतन्त्र भारत का जन्माङ्ग दोनों का वृष लग्न है। जो कि इस वर्ष भारतवर्ष के लिए कई अघटित -घटनाओं को जन्म देगा।

स्वतन्त्र भारत के ५१ वें (इक्यानवें) वर्ष लग्नेश-शनि के साथ मंगल का षडष्टक योग बना हुआ है। वर्ष कुण्डली में विशेष ध्यान देने लायक है, कि-कोई भी ग्रह अपनी राशि में स्थित नहीं। लग्नेश-शनि लग्न से दूसरे है। आयेश गुरु, लग्न से (व्यय) भाव में है तथा सप्तमेश-सूर्य अपनी राशि से बारहवें, अष्टमेश-बुध अपनी राशि से बारहवें , भग्येश-शुक्र अपनी राशि से बारहवें तथा कर्मेश मंगल भी अपनी राशि से बारहवें है। ग्रहों का यह चक्रव्यूह भारत में राजनीतिक, आर्थिक किंवा सामाजिक व धार्मिक दृष्टि से अघटित-घटना चक्र को जन्म देगा।

कांग्रेस का अन्तर्कलह, जनता दल में घटक दलों का सिन्द्धांत वैमत्य,कम्युनिस्टिक-पार्टियों का युनाइटड़ फ्रंट के प्रभावी गुट में न आने की राजनीतिक उद्विग्नता, क्षेत्रीय दलों के बीच अपनी-अपनी राजनैतिक जिम्मेदारी बचाने की बेचैनी, जनतादल में यादवी महत्वकांक्षा अन्य दलों की नगण्यता आदि कारणों से सत्तारूढ़ दल (संयुक्त मोर्चा) में दरार पडेगी, परिणाम दूरगामी एवं निराशाजनक रहेंगे।

स्वतन्त्र भारत के ५१ वें वर्ष लग्न की कुण्डली में सत्तारूढ़ पर्टियों के सदस्य ही विरोध एवं टकराव की स्थिति बना देंगे। **सत्ता से अलग प्रभावी पार्टी अपना हाथ खींच लेगी , परिणामस्वरूप प्रधानशासक ऐसे चक्रव्यूह में फंस जाऐंगे जहां से निकलना संभव न होगा और भारत का केन्द्रीय मन्त्रिमण्डल शक्ति परीक्षण में असफल सिद्ध होगा।**

स्वतन्त्र भारत के ५२ वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार (१५ अगस्त १९९८ ई. के बाद) **कालसर्प योग** बन रहा है ; सभी ग्रह राहु-केतु के अन्तर्गत हैं । स्पष्ट है, कि इसवर्ष जो भी राजनैतिक-परिवर्तन होंगे, वे भी देश की शासन सत्ता को पूर्ण स्थायीत्व प्रदान न कर सकेंगे । हां, दशम भाव में अपनी राशि में स्थित- गुरु से संकेत मिलता है, कि प्रधान नेतृत्व किसी बड़ी पार्टी को प्राप्त होगा, जोकि बाहर से समर्थन न देकर सक्रिय राजसत्ता की भागीदार होगी, जिससे अपेक्षाकृत् स्थायीत्व की आशा की जा सकेगी।

भारत के ४९ वें वर्ष की **गणतन्त्र कुण्डलीगत ग्रहस्थित** पर विहंगम दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है, कि - इस वर्ष राष्ट्रपति का राजनीतिक दायित्व बढेगा। शनि का गुरु के क्षेत्र में एवं गुरु का शनि के क्षेत्र में होना विशेष राजनीतिक चिन्तन का भार देश के वरिष्ठ नेता पर निर्भर करता है, वैसे मंगल राहु का समसप्तक योग देश में आर्थिक , औद्योगिक एवं राजनीतिक परिप्रेक्ष्य के लिए अच्छा नहीं । भारतीय प्रान्तों एवं केन्द्रीय शासन -सता में प्रछन्न रुप से कुछ बाह्य देश अपनी कुनीति से हलचल पैदा करने का प्रयास करेगें, लेकिन भारत के कुशल-राजनीतिज्ञ स्थिति पर कंट्रोल रखने में सक्षम रहेंगें ।

संवत् २०५५ की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार : संवत् का राजा शनि १६ अप्रैल तक मीन राशि में ही रहेगा । उसके बाद संवत् के अन्त तक मेष राशि में ही रहेगा। अत:१६ अप्रैल तक शनि की दृष्टि उत्तर की तरफ रहेगी। शनि संवत् का राजा होने से केन्द्रीय शासन सत्ता को भी प्रभावित करता है। उत्तरी भारत में कोई नेष्ट वारदात किसी तीर्थ स्थल पर होने की संभावना बनती है । १३ से २१ अप्रैल के मध्य सूर्य-शनि-मंगल का अश्विनी नक्षत्र में होना शुभ नहीं ।

१७ अप्रैल से १४ मई तक शनि-मंगल का मेष राशि में एक साथ रहना भारतीय गणतंत्र की राजनीति में अकल्पित परिवर्तन का संकेत देता है। मई १९९८ से पूर्व ही कोई प्रभावी पार्टी जनहित के नाम पर कांग्रेस संयुक्त मोर्चा से समर्थन वापिस ले लेगी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुछ अन्य राजनीतिक दलों से पुनः तालमेल बनाकर सत्ता प्राप्त करने की नीति अपना सकते हैं, जिसे किसी अन्य राष्ट्रीय -सरकार आदि नाम देकर निर्वाचनों से बचना चाहेंगे । लेकिन निकट भविष्य में चुनाव से बचा नहीं जा सकेगा ।

इस वर्ष की ग्रहगति के अनुसार हम यह स्पष्ट कर देना चाहेंगे, कि - साम्प्रदायिकता-मूलक दल सरकार को सुचारु रूप से न चला सकेंगे । यदि देश की प्रगति चाहते हैं तो राजनीतिक दल सामाजिक, आर्थिक एवं कृषि से सम्बन्धित कार्यक्रमों पर ही होने चाहिएं । भारत में चल रहे सुधारीकरण गति मन्द होने से अन्य देशों को रोजगार उत्पन्न करने में मदद मिलेगी । पश्चिमी उद्यमों के यहां पनपने से भारतीय उद्यमों की साख कमजोर होगी । **भाजपा,भाकपा एवं कांग्रेस का संयुक्त मोर्चे पर आक्रमण नवम्बर मध्य १९९७ ई० से ही प्रारम्भ हो जाएगा, जिसका परिवर्तनकारी परिणाम १४ मई से पूर्व ही दिखाई देगा ।** यदि चुनाव सम्पन्न होते हैं तो ग्रहगोचर के अनुसार भाजपा और कांग्रेस की भागीदारी अधिक ही रहेगी, लेकिन दोनों में से कोई भी स्पष्ट बहुमत जुटाने की स्थिति में नहीं होगा । क्षेत्रीय पार्टियों का आकार सीमित ही रहेगा । पुनरपि यह बदलाव केन्द्रीय शासन सत्ता को अपेक्षाकृत् स्थिरता प्रदान करेगा और मिली-जुली सरकारों वाली वर्तमान प्रणाली को विश्वसनीयता प्रदान करेगा।

१५ से २४ मई तक शनि-शुक्र एवं बुध की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार किसी पुरानी प्रमुख पार्टी के प्रधान के विरुद्ध आवाज उठेगी और पार्टी विघटन के कगार पर आ खड़ी होगी, लेकिन किसी विशिष्ट-व्यक्ति की मध्यस्थता से पुनः एकता बने, लेकिन पार्टी-प्रमुख के परिवर्तन का योग है ।

२५ मई को गुरु मीन राशि में आएगा, गुरु के मीन राशि में रहने किंवा कुछ आगे लगभग (सितम्बर /अक्तूबर) तक भारत को संयुक्त राष्ट्र संघ किंवा सुरक्षा-परिषद् की सदस्यता प्राप्त होने के योग हैं । संसद सदस्यों के लिए शैक्षिक योग्यता का मापदण्ड निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारण नीति की घोषणा हो ।

इसी मध्य २७ जून से १० अगस्त तक मिथुन राशि के मंगल पर नीच शनि की विशेष दृष्टि है । इस अवधि में गुजरात आसाम आदि प्रान्तों में कहीं प्राकृतिक-प्रकोप से जनधन हानि, कहीं बाढ़, उत्तरी भारत में कहीं भयंकर अग्निकाण्ड व तूफान, भयंकर बाढ़ से हानि का योग है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

राजनीतिज्ञ स्थिति पर कंट्रोल रखने में सक्षम रहेंगे । आसाम-गुजरात-महाराष्ट्र में भी भयंकर बाढ़ से हानि होगी ।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१५ अगस्त को शनि वक्री होगा तथा २२ अगस्त को शनैश्चरी अमावस वाले दिन भारत में सूर्यग्रहण खण्डग्रास के रूप में दिखाई देगा । शासकों के लिए नानाविध समस्याएं पैदा होंगी । उड़ीसा,बंगाल, बिहार और गुजरात में प्राकृतिक आपदा से हानि होगी । यह ग्रहण कालसर्प योग में घटित हो रहा है, अत: जिन जिन क्षेत्रों में यह दिखाई देगा, वहां विशेष कष्टप्रद किंवा राजनैतिक दृष्टि से विशेष उथल पुथल वाला रहेगा । **१० सितम्बर को गुरु के वक्री होने पर** आसाम में बोडो समस्याओं से, आन्ध्रप्रदेश में आतंकवाद व जनान्दोलन, पश्चिमी बंगाल , काश्मीर में विघटनकारी घटनाएं, पंजाब में राजनीतिक हिलजुल आदि से अनिश्चितता का वातावरण रहेगा । अगस्त किंवा सितम्बर में किसी वरिष्ठ गण्यमान्य व्यक्ति किंवा किसी राजनीतिज्ञ के निधन व हत्या से शोक व्याप्त होगा;- ऐसा ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है ।

२७ सितम्बर से १५ नवम्बर तक मंगल राहु एक ही (सिंह) राशि में रहेंगे । सीमा प्रान्तों पर शत्रु देश से होने वाी अशान्ति से सावधान रहना होगा, पाक देश सीमा प्रान्तों पर गोलावारी व युद्धभय वातावरण बना सकता है । कहीं भूकम्प, तूफान, चक्रावत किंवा भयंकर अग्निकाण्ड, कहीं दुर्भिक्षि से हानि हो ।

१६ नवम्बर से ११ जनवरी (सन् १९९९ई०) तक शनि मंगल का तथा १२ जनवरी'९९ से १७ मार्च'९९ तक शनि-मंगल का समसप्तक भारत की राजनीति में अघटित घटनाओं को जन्म देगा । राजनीतिक दल सत्ता की राजनीति में लिप्त रहेंगे । सामाजिक एवं आर्थिक समस्याओं पर ध्यान न देकर केवल स्वार्थगत नीति पर केन्द्रित दल देश को प्रोन्नत न कर सकेंगे । परमाणु शक्ति के एकाधिपत्य को भारत स्वीकार न करेगा और परमाणु ऊर्जा को सुचारु रूप किंवां प्रगतिप्रद कार्यो के लिए प्रयोगार्थ नये आयाम बनाएगा । इस अवधि में भारत को अपनी प्रतिरक्षात्मक तैय्यारियों में सुसन्नद्ध रहना होगा । परमाणु किंवा परम्परागत हथियारों में अपनी शक्ति बढ़ानी होगी । जम्मू-काश्मीर, कारगिल, उड़ी सैक्टर की तरफ अशान्ति का वातावरण बनेगा । काश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास किंवा सियालकोट, किशनगढ़ क्षेत्रों की तरफ शनि-मंगल की दृष्टि होने से पाकिस्तान अशान्ति पैदा करेगा।

सम्पूर्ण संवत् की ग्रहस्थिति को मद्देनजर रखते हुए मालूम होता है, कि संयुक्त मोर्चा (गुजाराल) सरकार सवंत् के प्रारम्भिक मासों में धराशायी हो जायेगी । कांग्रेस एवं जनता दल या संयुक्त मोर्चा के एक वर्ग के मध्य चुनावी गठजोड़ की संभावना बनेगी, जिससे कांग्रेस सरकार का नेतृत्व प्राप्त कर सकेगी;- ऐसी स्थिति में तथाकथित संयुक्त मोर्चा दूसरे दर्जे पर सरकार में स्थान ग्रहण कर सकेगा । लेकिन कांग्रेस की एवं संयुक्त मोर्चा की ग्रहस्थिति के अनुसार ऐसी स्थिति में कांग्रेस में अनेकों मतभेद देखने में आएंगे, जिससे संभावनाएं धूमिल हो सकती हैं । इस वर्ष चुनाव सुधारों की दिशा में विशेष कदम उठाए जाएंगे, जिससे राजनीति में भ्रष्टाचार एवं अपराध पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों प्रभुत्व नगण्य हो जाएगा ।

भारत के प्रमुख राजनैतिक-दल

संयुक्त मोर्चा कुं.



संयुक्त मोर्चा की कुण्डली के अनुसार इसवर्ष सत्तारूढ़ दल (संयुक्त मोर्चा)में संवत् के पूर्वार्ध में ही विशेष परिवर्तन आने के योग हैं । नवम्बर' ९७ से संयुक्त मोर्चा पर अन्य प्रभावी दलों के प्रहार प्रारम्भ होंगे । घटक-दलों में एकता कमजोर होगी और कांग्रेस द्वारा समर्थन छलावा सिद्ध होगा । संवत् २०५५ के प्रारम्भिक-मास गुजराल सरकार के लिए ऐतिहासिक घटना वाले सिद्ध होंगे ।

श्री इन्द्र कुमार गुजराल जी के प्रधान मन्त्रि पदार्थ शपथ ग्रहण कालीन ग्रहस्थिति



२१ अप्रै., दिन में १० बजे

श्री गुजराल जी की शपथ ग्रहणकालीन कुण्डली में शनि-मंगल का षडष्टक योग एवं कर्मेश- गुरु की नीच राशि में स्थिति ७ जनवरी १९९८ ई० से पूर्व इनके लिए विषम परिस्थितियों को जन्म देने वाली है । इस अवधि में संयुक्त मोर्चा सरकार की गतिविधि पर विशेष आक्षेप होंगे । कुछ पार्टियां अपनी अस्मिता को बनाए रखने के लिए स्वतंत्र सिद्धांतों के कारण विमुख होने लगेंगी । कांग्रेस अपनी कई शर्तें समक्ष रखेंगी और इस प्रकार संवत् के पूर्वार्ध से भी पहिले ही गुजराल सरकार संकट को पार करने में असमर्थ अनुभव करेगी । कदाचित् शनि के मीन में आने पर (७ जनवरी के बाद) यह सरकार चलती है तो ४ अप्रैल से १४ मई तक, तथा १६ नवम्बर से संवत् के अंत तक का समय सत्तारूए पार्टी के लिए तथा प्रधन नेताओं के लिए विशेष घटनापूर्ण किंवा सत्ता से विलग होने वाला सिद्ध होगा ।

भाजपा कण्डली



२१ अप्रै., दिन में १० बजे

भारतीय जनता पार्टी - भाजपा की जन्मकालीन एवं गोचर ग्रहस्थिति के कारण इस पार्टी को समता आदि पार्टियों का सहयोग चिरस्थयी मालूम नहीं देता । शनि-मंगल, राहु मंगल की गोचर- ग्रहस्थिति के अनुसार राजनैतिक इच्छाशक्ति, घोषित नीतियों के प्रति प्रतिबद्धता में कमी रहने से जनता का मनोबगल क्षीण होगा । लेकिन भाजपा विरोधी राजनैतिक दलों की तोषणनीति, अवसरवादिता एवं कथनी करनी का अन्तर, देश में विभिन्न धर्मानुरूप संविधान में परिवर्तन आदि से राजनैतिक क्षितिज पर भाजपा का विस्तार होता नजर आएगा । आगामी निर्वाचनों में भाजपा पुन: एक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सशक्त प्रबल पार्टी के रूप में उभरेगी, लेकिन सत्ता प्राप्त करना एक प्रबल चुनौती ही है । राजस्थान, महाराष्ट्र एवं उत्तर प्रदेश में कांग्रेस -मोर्चा की सांझा रणनीति भाजपा के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बनेगी । देश के राजनैतिक-क्षितिज पर भ्रष्टाचार रूपी प्रदूषण से सांसद वर्ग को शुद्ध करने के लिए भजपा विशेष कदम उठाएगी । राजनीति को अपराधीकरण से मुक्ति दिलाने के लिए भी नए आयाम उपस्थित होंगे।

कांग्रेस - कांग्रेस की स्थापना कालीन ग्रहस्थिति एवं सं० २०५५ की ग्रहस्थिति के अनुसार श्री सीतराम केसरी कांग्रेस को अधिक देर तक प्रातिनिध्य प्रदान न कर सकेंगे ।

२४ मई तक या २७ सितम्बर से १५ नवम्बर किंवा संवत् के अंत तक की ग्रहस्थिति कांग्रेस प्रधान के लिए शुभ नहीं । आगे कांग्रेस अकेले ही सत्ता में न आ सकेगी ।

यह स्पष्ट है कि सं० २०५५ की ग्रहस्थिति गठजोड़ सरकारों का ही संकेत देती है । कांग्रेस के समर्थन व सक्रिय सहयोग की स्थिति में संयुक्त मोर्चा के षटकदल विखण्डित हो सकते हैं । सभी प्रमुख पार्टियों की ग्रहगति के अनुसार सभी राजनीतिक-पार्टियों की कर्मपत्रियां किसी स्थायी, प्रगतिशील भविष्य का संकेत नहीं देती ।

कुछ प्रान्त

पंजाब- प्रभावराशि मीन एवं नामराशि कन्या है । १७ अप्रैल से १४ मई तक शनि-मंगल का मेषराशि में रहना यहां की शान्ति सुरक्षा के लिए चिन्तनीय है । २५ मई को गुरु के मीन राशि में आने पर सितम्बर तक हालात ठीक रहेंगे । आगे १६ नवम्बर से ११ जनवरी १९९९ई० तक शनि-मंगल का षडष्टक यहां राजनैतिक उलझनों को पैदा करेगा । अकालीदल में ही आन्तरिक उलझनें पैदा होंगी, कहीं बम विस्फोट, राजनैतिक हत्याएं भी संभव हैं । ध्यान दें, सं० २०५५ वि० की उपरोक्त ग्रहस्थितियों व अन्य योगायोगों से संकेत मिलता है, कि कुछ आतंकवादी सक्रिय होंगे एवं विशिष्ट-राजनीतिज्ञों, वरिष्ठ अधिकारियों-व्यक्तियों को अपना निशाना बनाने की कोशिश करेंगे, प्रधान नेता सावधान रहें । भगवान् इस प्रान्त को समृद्धि एवं शान्त वातावरण प्रदान करें।

हरियाणा - प्रभाव राशि मीन एवं नाम राशि मिथुन है । मीन राशि पर राहयुत मंगल क विशेष दृष्टि २७ सितम्बर से १५ नवम्बर तक रहेगी । जो कि प्रधान नेता को उलझन में डालेगी । सवंत् के आरंभ से ही मिथुन राशि पर शनि की विशेष दृष्टि है, याहं अफसरशाही से लोग परेशान होने लगेंगे सत्तारूढ़ दल को विशेष कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा । किसान वर्ग शासन से असंतुष्ट रहे,एवं परिवर्तन के लिए विरोधीदल प्रयत्नशील रहें। जुलाई-अगस्त में वर्षा पानी से हानि का योग बनता है । १२ जनवरी सन् १९९९ से संवत् के अंत तक यहां की राजनीतिक पार्टियां नई नई योजनाएं बनाएंगी । वैसे प्रान्त में नई नई योजनाएं प्रगतिप्रद रहेंगी ।

उत्तर प्रदेश इस प्रान्त की प्रभाव राशि धनु एवं नाम राशि वृष है । संवत् २०५५ के प्रारंभ होने से पूर्व ही यहां की शासन सत्ता में परिवर्तन के योग हैं । भाजपा -बसपा गठबंधन छलावामात्र बन कर रह जाएगा । वैसे यहां राष्ट्रपति शासन १४ मई से पूर्व ही प्रभावी हो जाने के योग हैं । १७ अप्रैल से १४ मई तक उत्तराखण्ड का प्रश्न पुनः उजागर हो जाएगा । २५ मई से सितम्बर के मध्य इस विषय में सकारात्मक पग उठेगा और नए प्रान्त की संभावना बलवती होगी। १६ नवम्बर से ११ जनवरी के मध्य यहां राजनीतिक स्थिरता के लिए विशेष पग उठेंगे । निर्वाचन होने पर भाजपा बड़ी पार्टी रहेगी । संवत् के प्रारंभ में ही कुछ विदेशी तत्व विस्फोट आदि से जन धन हानि का कारण बन सकते हैं, विशेषत: धार्मिक स्थानों पर सावधान रहना चाहिए ।

हिमाचल प्रदेश- प्रभाव राशि मीन है । २५ मई को गुरु मीन राशि में आकर लगभग सितम्बर तक इस राशि को प्रभावित किरेगा । प्रधान नेता का प्रभाव यथावत् बना रहेगा । लेकिन २७ सितम्बर से १५ नवम्बर तक विरोधी राजनीतिक-पार्टियां सरगर्म होंगी । इस प्रान्त में वानिकी, फल पर्यटन एवं अन्य नई प्रकार की योजनाएं बनेंगी। १२ जनवरी १९९९ ई० से संवत् के अंत तक का समय प्रधान नेता के लिए कष्टप्रद है ।

जम्मू-काश्मीर- प्रभाव क्षेत्र तुला है । १७ अप्रैल से १४ मई तक शनि -मंगल की तुला राशि पर पूर्ण दृष्टि रहेगी इस अवधि में अग्रवादी घटनाओं से सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थिति तनावपूर्ण रहेगी । पाकिस्तान से इस समय तनावपूर्ण स्थिति बने । उग्रवादी-संगठन गुप्त रूप से नए कार्यक्रमों से प्रान्त की स्थिति को खराब करें । जर्मनी ब्रिटेन आदि की सरकारें उग्रवादी कश्मीरियों के प्रति नर्म रुख अपनाएंगी । १७ जून से १० अगस्त तक एवं २७ सितम्बर से संवत् के अंत तक का समय यहां की शासन सत्ता के लिए अग्रिपरीक्षा का है । विस्थापितों के पुनर्वास के लिए यहां की स्थिति आशानुरूप अनुकूल सिद्ध नहीं होगी । ग्रहस्थिति के अनुसार सीमा प्रान्तों पर सैन्य-सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना चाहिए ।

पाठको! अतर्क्य-भविष्य देखने की क्षमता तो इस कलियुग में कठिन ही है । पुनरपि ज्योतिष-विज्ञान-दृष्ट्या एवं श्री प्रभुकृपावशात् राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय जो शुभाशुभ घटनाएं मेरी अल्पविषया मति में प्रस्फुरित हुई हैं, आपके समक्ष उपस्थित कर दी हैं । आगे कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं समर्थ भविष्य के निर्धारक स्वयं प्रभु ही हैं । उनकी प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्य-लेखन में प्रवृत्ति बालचापल ही तो है : -

" तत्त्वं चात्रेश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन"!

शुभचिन्तक -
इन्दुशेखर शर्मा

श्री मार्तण्ड पंचांग
कार्यालय,
मु०पो०कुराली(रोपड़) पंजाब

लेख पूर्ण होने की तिथि १५ सितम्बर १९९७ई.
(अनन्त-चतुर्दशी)

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

व्यापार - विमर्श

[संवत् २०५५ वि. की ग्रहस्थित के आधार पर व्यापारिक-वस्तुओं में आने वाली तेजी एवं मंदी का मासिक-विवरण]

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है । जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि भोग करता है , तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक-वस्तुएं, ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तु में परिवर्तन आते हैं, और इन्हीं परितर्वनों से बाजारों में घटा-बढ़ी होती है, जिसे हम 'तेजी मंदी' कहते हैं । व्यापारी 'तेजी-मन्दी' इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है । परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक मनुष्य की स्थिति को कभी बिगाड़ता है,कभी सुधारता है । रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य कभी ऊपर उठता है कभी नीचे गिरता है- ''चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्ति:!'' कहने का तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा - यह धारणा भ्रामक है । व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार-चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको शीघ्र उत्तम लाभ हो जाए, जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है । अत: किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें, विश्वास रखें, ग्रहस्थित के आधार पर किए गए व्यापार में आप हानि में न रहेंगे । आप भारी हानि से भी बच सकते हैं ।

जीवन में ग्रह स्थिति के प्रभाव का अध्यन करने से यह निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं 'यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्' अर्थात् जो मेरा है वह मिलेगा ही उसे और कोई नहीं ले सकता । अत: जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमता है ।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्यशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से संबंधित वस्तु का व्यापार न करें । वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकार-क्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे ।

हाजर एवं वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक-जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां व्यापार-विमर्श में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेजी, मन्दी का मशवरा देते हैं, व्यापारियो, निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् २०५५ में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि इस साल व्यापार जगत में विशेष लम्बे तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे। गुड़, ज्वार, बाजरा, खांड, जीरी एवं रुई में पहले भयंकर मन्दे की चाल चलेगी । सरसों, तिल, घी,रेयान, कपास, बिनौला एवं चांदी, सोना आदि के भावों में भी जबरदस्त उतार-चढ़ाव आऐंगे । **रुई के व्यापारियों के लिए यह वर्ष विशेष महत्त्वपूर्ण है, ताजा परामर्श से उत्तम लाभ ले सकेंगे** । कहने का तात्पर्य यह है कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अत: वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे जिस जगह व्यापार के लेख में हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहे ।

'व्यापार विमर्श ' लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाजारों के उतार-चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं ।

सं. २०४४ वि. में तिलहन एवं तेलों में भयंकर तेजी से व्यापारी लाखों का लाभ उठा चुके हैं और मन्दे की ग्रहचाल बनते ही हमने पृष्ठ ३१ कालम २ में १९ अगस्त के व्यापारिक -फलादेश से व्यापरियों को सरकार की व्यापारिक-नीति को ध्यान में रख कर काम करने की सलाह दी थी एवं तेल तिलहन में जबरदस्त मंदी की घोषणा की थी, तदनुसार तेल एवं तिलहनों में एकदम भंयकर मंदी आई, व्यापारी हानि से बच गए।

सं. २०४६ वि. में चना के व्यापारी हमारे परामर्श से भारी लाभ उठा चुके हैं । सरसों, तेल, तिलहन में तेजी से सं. २०४८ वि. में तो जो व्यपारी हमारे संपर्क में रहे, लाखों का लाभ उठा गए हैं । हमने तेल, सरसों बिनौला, अलसी, सूरजमुखी, मूंगफली,एवं रुई में अपने व्यापारियों को भंयकर तेजी बताई थी, सौ छ: गुणित लाभ उस साल के व्यापारियों को हमारे परामर्श से प्राप्त हुआ है । सं. २०४९ में तेल, घी, एवं शेयरों के बाजार में जो उथल-पुथल हुई है उसका खुलासा हम निजी व्यापारियों को देते रहे हैं । सं. २०५२-५३ में रुई एवं दालवाना के व्यापारी हमारे साथ मशवरा करके लाखों रूपये का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

सं० २०५४ में सरसों के व्यापारी हमारे ताजा मशबरे से भारी हानि से बचे एवं गुड़ के व्यापारी लाखों कमा गए; व्यापारियों से अनुरोध है कि व्यक्ति-गत रूप से आकर व्यापारिक जानकारी लेने में भारी लाभ ले सकेंगे। दूर-दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं। या एक मास की फीस ५०० रू० भेजकर,टेलीफोन से तेजी,मन्दी जान सकेंगे।

सं. २०५५ में ग्रहों के वक्रमार्ग, युति, गति के अनुसार हम इस वर्ष तेजी मन्दी की विशेष लाईनों का संकेत नीचे लेख में देंगे साथ ही सामयिक तेजीमंदी का विवेचन भी करेंगे । फिर भी व्यापारियों से निवेदन है कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखकर, अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें ।

नोट: वायदा व्यापार या हाजर सौदों के व्यापार की लाईन अगर हमारे लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरंत सौदा काटकर नुकसान से बचें और डाक से या प्रत्यक्ष मिलकर ताजा मशवरा हासिल करें । ऐसी स्थिति में किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते । अर्थात् - व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे, यह नोट कर लें, लाभ होने पर जो व्यापारी लाभांश नहीं भेजते, उनसे आगे पत्र व्यवहार नहीं किया जाता, यह भी नोट कर लें ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

वायदा- व्यापारियों कि लिए हिदायतें

(१)सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उ०ने की सामर्थ्य हो ।(२)सदैव याद रक्खो, कि वायदा व्यापार में नुक्सान की लिमिट बांध कर काम करें, ज्यादा नुक्सान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुक्सान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है। (३)व्यापार करते समय ध्यान रहे,- कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रह- गति के आधार पर निर्णय कर लें, कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का ? मन में यह धारणा बांध कर बाजार का रुख देखें । यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावे ।(४) यदि यह योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दे के मोटे कारण भी दिखाई देने लगे और व्यापार के वक्त भी बाजार का रूख मन्दे का हो तो एसी स्थिती में हर बढ़े भाव में बचाव करते रहिए थोड़ा - थोड़ा सौदा काट कर नफा से सुलटते रहिए ।(५)व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की - यह जानने के लिए खास वस्तु के भावों को देखना चाहिए । यदि उस वस्तु में हर तीसरे चौथे आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नए-नए भाव आते चले जाएं, जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उछाल में बेच दें।(६) यदि मन्दी के भाव छूटते चले जाऐ और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नए-नए बनते जाएं तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आए तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है ।(७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें । मान लो, आपने तेजी का काम किया । उधर सौदा करते ही मन्दे की लहर चल रही है तो किसी भी समय तेजी का उछाल आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुक्सान से बच जाओगे ।

हमेशा ग्रहयोग को आधार मान कर और बाजार के रूख को ध्यान मतें रखते हुए अपनी पाराशरी शुभदशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है । इसके विरूद्ध खोटी ग्रहस्थिति वाले व्यापारियों को वायदें का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है ।अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते हैं।

इस वर्ष के सार्वजनिक व्यापार में तेजी मन्दी पर विचार करने से पूर्व हमें इस वर्ष के नाम एवं राजा, धान्वेश-सस्येश -रसेश पर संक्षेप में विचार कर लेना उचित होगा ।

शास्त्रों के अनुसार (सं० २०५५ वि०) संवत्सर का नाम "खर" है । इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है;-

"स्वल्पावृष्टिः स्वल्पधान्यं खण्डवृष्टिःनृपक्षयः ।
छत्रभंगं प्रजापीड़ा खरेऽब्दे खरता जने ॥"

तात्पर्य यह है - वर्षा की अनेकत्र कमी से कृषि प्रभावित होगी । धान्य की कमी, कहीं राजनैतिक अस्थिरता से व्यापार प्रभावित है ।

मेघ महोदय के अनुसार - खरमास में चैत्रादि प्रथम पांच मासों में भारी वर्षा हो । गुड़ खाण्ड, घी, मजीठ, सुहागा में जोरदार तेजी रहे ।

इस वर्ष का राजा शनि होने से वर्षा पर्याप्त न होने का संकेत मिलता है । राजनैतिक-गतिविधि, शासकीय-घोषणाओं एवं राजनीतिक-अस्थिरता से व्यापार क्षेत्र प्रभावित होगा ।

इस वर्ष का **सस्येश-गुरु** होने से घी, गुड़, खाण्ड सहज सुलभ होने का संकेत मिलता है। लेकिन **धान्येश-मंगल** चावल, मक्का, घी, गुड़, खाण्ड, एवं तेल, तिलहन में स्पष्ट तेजी का संकेत देता है । **पुनश्च-शनि रसेश भी है,** जो कि गुड़, घी, दूध आदि रस पदार्थों में तेजी से व्यापारियों को लाभ देगा ।

इस वर्ष शरत्सस्य जातक कुण्डली के अनुसार मूंग, मोठ, बाजरा आदि शरद् धान्यों की खड़ी फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से हानि पहुंचेगी । परिणामस्वरूप धान्य मंहगे रहेंगे ।

ग्रीष्म सस्य जातक कुण्डली के अनुसार मेष राशि का नीच शनि एवं वृश्चिक - राशि का स्वामी मंगल-राहु के साथ होने से गेहूं, जौ, चना आदि में भी तेजी के अच्छे चांस बनेंगे ।

-शनि, राहु, केतु, गुरु, मंगल आदि ग्रहों के वक्र मार्ग, युतिजप्रतियुति उदयास्त के अनुसार यह वर्ष जौ, चना, रुई, गुड़, खाण्ड, घी एवं दालवाना में भयंकर तेजी एवं मन्दे का है। समयानुसार प्रत्यक्ष मिलकर या पत्रव्यवहार करके पूर्ण लाभ उठा सकते हैं। आगे हम प्रत्येक मास में होने वाली तेजी एवं मन्दे का विचार ग्रहस्थिति के अनुसार कर रहे हैं । आशा है, व्यापारियों को हमारे इस प्रयास से लाभ होगा ।

पूर्वावलोकन - मार्च मास को अन्तिम ग्रहगोचर के अनुसार ३० मार्च के लगभग बुध का पश्चिम में अस्त होना एवं शनि-बुध की अंशात्मक-युति का प्रभाव वायदा व्यापार पर झटके के साथ तेजी एवं मन्दे का अनुभ होता है । मन्दा आते ही खरीदें और मासान्त तक तेजी आते ही, लाभ ले लें । **३१ मार्च को शुक्र कुम्भ राशि में आकर गुरु एवं केतु के साथ मेल करेगा । - यहां वायदा व्यापारी दो तरफा व्यापार करके जिधर लाभ लेगे, लें।** - यह बाजार की चाल स्थाई नहीं, जल्दी ही लाभ लें। हमारे विचार से गुड़, खाण्ड, चीनी, रुई, कपास में एक सप्ताह तक तेजी बनने के बाद अचानक मन्दा आ सकता है,- होश्यारी से काम करें ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अप्रैल (सन् १९९८ई०)

मासारम्भ में ३ अप्रैल के लगभग गुरु (वृहस्पति) पू०भा० के प्रथम चरण में आ रहा है । **इस समय गुरु कुम्भ राशि में स्थित, शुक्र एवं केतु के साथ मेल करेगा । इस समय शनि-मंगल एवं बुध अस्त हैं ।** ग्रहस्थिति के अनुसार दोतरफा घटाबढ़ी चलेगी। धान्यादि दालवाना, गुड़, खाण्ड, चीनी, कपास, रुई, मिल-शेवर्स, पार्ट, जूट, बारदाना में तेजी से निकल जाएं अन्यथा हानि संभव है । इस समय टैम्परेरी तौर पर सोना, चान्दी, सण एवं सूत में तेजी और रुई में सामान्यता मन्दा ही रहेगा ।

४ अप्रैल को मंगल अश्विनी-नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होगा । इस समय मंगल अस्त भी है । ज्वार, बाजरा, चना, मूंग, गेहूं आदि अनाजों में अचानक मन्दा या तेजी का रिएक्शन आए । लगभग सभी बाजारों में दुतरफा खींचातानी चलेगी । बाजार जिस तरफ चलें उसी तरफ व्यापार बढ़ावें । हमारे विचार से वायदा हाजिर एवं शेयर बाजारों में अच्छी उठा पटक चलेगी । चाँदी, सोना आदि धातु, ऊन, रुई, कपास, पाट, बारदाना तथा गुड़, घी, शक्कर, चीनी, आदि में तेजी बने ।

६ अप्रैल को सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति होगी । बुध वक्री एवं मन्द गति भी है । इसी दिन शुक्र शतभिषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा । इस समय सूर्य बुध दोनों मीन राशि में स्थित शनि के साथ राशि-सम्बन्ध बना रहे हैं । शनि-बुध दोनों अस्त चल रहे हैं । सूर्य एवं शनि दोनों परस्पर शत्रु भाव रखते हैं । इस समय हाजर एवं वायदा व्यापारी बड़ी सावधानी से काम करें । एरण्ड, सूरजमुखी, अलसी, मूंगफली, सरसों, तेल, हल्दी, काली मिर्च एवं शेयर बाजारों में जोरदार तेजी बनेगी । इस समय गेहूं, गुड़ , खाण्ड, चावल, घी, रुई एवं सोना चाँदी में भी अच्छी तेजी बनने के योग हैं । यह तेजी मासमध्य तक उत्तरम मध्यमरूप से चलेगी ।

१३ अप्रैल को सूर्य अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर मंगल के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएंगा । सूर्य ग्रह तो वायदा व्यापार को तुरन्त प्रभावित करता है ।

<u>ध्यान दें –</u> **इस समय मंगल -सूर्य दोनों अश्विनी नक्षत्र में ही हैं । सूर्य शनि की १३ अप्रैल को अंशात्मक युति भी होगी ।** रुई, कपास, सूत, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, घी, शक्कर, चाँदी, सोना में तेजी बने । गेहूं, चावल, उड़द, मंग, अरहर, चना, जौ, मटर आदि में सामान्यतः मन्दा आकर तेजी बनेगी । १४ अप्रैल को बुध पूर्व में उदित होगा । इस समय बुध मन्दगति भी है । इस दिन कोई अनष्टि घटना घटित होगी , जिससे जन हानि संभव है । व्यापारिक दृष्टि से जब वक्री हालत में बुध उदय होता है तो रुई में पहले कुछ मन्दा होकर २५ दिन के अन्दर तेजी का झटका आएगा । गेहूं, चना, चावल, घी, तिल एवं लाल मिर्च में तेजी बनेगी ।

१७ अप्रैल का दिन व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है । इस दिन शनि अपनी नीचराशि मेष में लगभग २७ वर्ष बाद प्रवेश करेगा । इस समय मेष राशि में सूर्य मंगल के साथ शनि का मेल राजनैतिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है । समाज किंवा राष्ट्र में आश्चर्यजनक घटनाचक्र चलेंगे, जिसका प्रभाव व्यापारिक क्षेत्र किंवा शेयर बाजारों पर प्रत्यक्षतः देखा जाएगा । <u>ध्यान दें –</u> १७ अप्रैल से सूर्य-शनि एवं मंगल तीनों २१ अप्रैल तक अश्विनी नक्षत्र पर ही रहेंगे । सूर्य एवं मंगल दोनों शनि के शत्रु हैं । – सोना, चान्दी, ताम्बा आदि धातु, नीलम, मोती, पुखराज आदि रत्न,लौह मशीनरी, मशीनरी के कलपुर्जे, सोयाबीन, मूंगफली, सूरजमुखी, सरसों, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन, तेल, घी, रुई, कपास, दालवाना व अन्य अनाजों में तूफानी तेजी की संभावना है । अभी इस बारे में काफी विचार की जरुरत है, इस समय से कुछ पहिले ही ताजा मशबरा प्राप्त करें उत्तम लाभ होगा । <u>ध्यान दें –</u> **मेष राशि का शनि गुड़-खाण्ड में कई बार भारी मन्दा कर देता है अतः सावधानी से काम करें । क्योंकि यहां शनि-मंगल सूर्य एक साथ हैं अतः वायदा व्यापारी गुड़ -खाण्ड में भी तेजी से ही लाभ लेंगे - ऐसा विचार है, फिर भी बाजार के रुख को देख कर काम करने की ही राय है ।**

१९ अप्रैल को शुक्र पू०भा० नक्षत्र में आएगा । इस समय गुरु भी पू०भा० नक्षत्र में ही चल रहा है । गुरु-शुक्र एवं केतु तीनों कुम्भ राशि में ही चल रहे हैं । – इस समय रुई में तेजी का झटका आएगा, अनाजों में साधारण मन्दे का रुख बने । २० अप्रैल को नीच एवं मन्द गति बुध के मार्गी होनेपर बाजारों का रुख अचानक बदल सकता है, सावधानी से काम करें । – रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी हो । चांदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने । ८ दिन में गेहूं, जौ, चना, आदि अनाज तेज हों । गुड़, खाण्ड, तेल, एरण्ड, बिनौला आदि तिलहन, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजों में मन्दी होती है । इस समय सोना में भी तेजी बने

२२ अप्रैल को भरणी नक्षत्र का मंगल एवं २४ अप्रैल को रेवती नक्षत्र का बुध गेहूं, मूंग, मोठ, चावल, राई, मसूर, तिल, तेल, सरसों, घी, चांदी, सूत, केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लाल चन्दन, गेरु एवं लालमिर्च में तेजी बने । गुड़, खाण्ड में तेजी मन्दे की प्रतिक्रिया जारी रहे । २७ अप्रैल को भरणी नक्षत्र का सूर्य सोना,चांदी, तांबा, मूंगा, पीतल के बर्तन, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, सरसों, गुड़ खाण्ड, घी में तेजी करेगा।

२८ अप्रैल को शुक्र मीन राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा । शुक्र विशेष रूप से कापस,रुई, गुड़, खाण्ड तथा चाँदी के बाजारों पर अपना विशेष प्रभाव रखता है । बुध-शुक्र जब दोनों इकट्ठे होते हैं तो बाजारों में जोरदार मन्दा या तेजी बनती है । क्योंकि मीन राशि में शुक्र तेजीकारक माना गया है , इसलिए रुई, कपास, तेलवाना, चाँदी, सोना, गुड़, खाण्ड, आदि सारे बाजारों में तेजी का उछाला आ सकेगा । फिर भी यदि बाजार मन्दे के बनें तो मन्दे का ही काम करें ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

[वायदा व्यापारी एवं दैनिक तेजी मन्दी के लिए अप्रैल ३,४,६,१३,१४ एवं १७ से २१ अप्रैल तक तथा २८ अप्रैल को तेजी लगाकर लाभ लें ।]

मई

१ मई को मेष राशि का शनि उदय होगा एवं शुक्र उ०भा० नक्षत्र में पदापर्ण करेगा । ८ दिन में रुई, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन व तिल आदि तिलहनों में, चावल, मोती, चाँदी, कपूर, नमक, एवं कापस में मन्दा बने । लोहा, जस्ता, सीसा, रंग, लहसुन एवं गुड़-खाण्ड में कुछ तेजी बने ।

४ मई को मघा ४ में राहु एवं शतभिषा २ में केतु होने से घी, गुड़, खाण्ड, नमक आदि रस प्रायः तेज रहेंगे । इस समय दालवाना आदि अनाजों में भी प्रायः तेजी रहेगी । ६ मई को गुरु पू०भा० के तीसरे चरणमें आएगा । अनाज, सोना, चाँदी, सण, सूत में तेजी एवं रुई में प्रायः मन्दा रहे । ९ मई तक बाजार अस्थिर रहेंगे ।

१० मई को बुध अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आएगा, इसी दिन मंगल कृत्तिका नक्षत्र में एवं वक्री प्लूटो अनुराधा के तीसरे चरण में आएगा । ध्यान दें- **इस समय मेष राशि में सूर्य- शनि-मंगल पहले ही हैं, बुध भी इनके साथ मेल करके अफवाहों के साथ बाजारों में जोरदार तेजी बन सकती है । इस समय शेयर बाजार में विशेष उठापटक होगी, हमारा व्यापारियों से परामर्श है कि- बहुत ही समझ से वायदा या हाजर का काम करें, अन्यथा भारी हानि उठानी पड़ेगी ।** क्योंकि बुध बालग्रह है, जब भी किसी क्रूर ग्रह के साथ बुध मेल करता है तो उसी ग्रह के स्वभाव के मुताबिकि काम करने लगता है । **यहां बुध, सूर्य-मंगल-शनि जैसे तीन महाक्रूर ग्रहों के साथ सम्बन्ध कर रहा है, अतः हमें मन्दे की जगह बाजारों में तेजी ही मालूम देती है ।** सोना, चांदी, गेहूं, चना, जौ आदि अनाज, दालवाना, तिल, तिलहन, रुई, कपास, घी, गुड़, खाण्ड में तेजी का चाँस है । इस समय शेयर बाजारों में जोरदार मन्दा आ जाए तो कोई आश्चर्य नहीं । क्योंकि राजनैतिक गतिविधि से वायदा एवं शेयर बाजार प्रभावित होंगे ।

११मई को कृत्तिका नक्षत्र में सूर्य आगए । इस समय मंगल भी कृत्तिका नक्षत्र में ही है । मंगल का विशेष प्रभाव मौसम, हवा, बरसात पर विशेष रूप से अनुभव किया गया है । प्राकृतिक-प्रकोज से कहीं फसलों को हानि आदि की खबर से बाजारों में तेजी के रिएक्शन आते हैं । ग्रह स्थित के अनुसार एरण्ड, मूंगफली, सरसों, तोड़िया, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल आदि तिलहन, रुई, कपास, जूट, चांदी, सोना एवं लोहा एवं बैंकों से संबंधित शेयरों में अच्छी तेजी बनेगी । ११ मई के लगभग घी, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ एवं चावल में भी तेजी रहे । १३ मई को रेवती नक्षत्र का शुक्र एवं सूर्य-मंगल की अंशात्मक-युति का प्रभाव रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड एवं शक्कर में मन्दा करे लेकिन दालवाना, तेल एवं तिलहन में तेजी का रुख बनाए ।

१४ मई को सूर्य वृष राशि में संक्रकमण करेगा, इसी दिन शनि अश्विनी नक्षत्र के दूसरे चरण में आ रहा है । साथ ही १५ मई को मंगल भी वृष राशि में आकर सूर्य के साथ राशि-सम्बन्ध बनाए रखता है । सूर्य -मंगल का इस प्रकार राशि सम्बन्ध १४ जून तक लगातार बना रहता है, राजनैतिक-सामाजिक जटिल समस्याओं का सामना राजनीतिज्ञों को करना पड़ेगा, जिससे राजनैतिक एवं व्यापारिक नए नए घोषणापत्र सामने आएंगे, जिससे वायदा बाजार, शेयर बाजार डावांडोल होंगे । सभी बाजारों में तूफानी घटा बढ़ी होगी । सूर्य - मंगल दोनों क्रूर ग्रह हैं, इनका एक राशि सम्बन्ध विशेष शुभ नहीं माना जाता । अतः प्रमुख बाजारों में तेजी ही प्रधान रहेगी । एक मास के अन्दर सोना, चान्दी, तांबा, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, लाल चन्दन, लाल मिर्च, चावल, चना, गेहूं, मक्का, दालवाना, एवं शेयरों मे तेजी का वातावरण रहेगा । इस समय तेल एवं तिलहन के व्यापारी भी तेजी से उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे । **[वायदा व्यापारी १४ मई से १८ मई तक तेजी से लाभ ले सकते हैं ।]**

१७ मई को यूरेनस के वक्री होने पर बाजारों का रुख बदल सकता है, सावधानी से काम करें । १९ मई को भरणी नक्षत्र का बुध चावल-गेहूं आदि अनाजों में ८ दिन में तेजी बनाएगा । [तेल, तिलहन एवं अनाजों में २३ तारीख तक उत्तम मध्यम रूप से तेजी मन्दी रहेगी। मन्दे में खरीद करें और तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।]

२४ मई को शुक्र मेष राशि में आकर शनि , चन्द्र एवं बुध के साथ राशि सम्बन्ध बना रहा है । ध्यान दें - **शुक्र मेष राशि में मन्दे का ट्रेण्ड बनाता है और यदि अकेला शुक्र हो तो जोरदार मन्दा लाता है। जब यह बुध के साथ होता है तब इसके मन्द्रपन की ताकत और बढ़ जाती है । हाँ यदि बाजारों में तेजी का ट्रेंड चल रहा हो, साधारण तेजी का ट्रेण्ड बनाता है ।** मौजूदा ग्रहचाल के मुताबिक यहां शनि के साथ बुध-शुक्र का संबंध है, अतः बाजार के रुख को देखकर व्यापर बढ़ावें । हमारे विचार से जौ, चना, गेहूं आदि अनाज, घी एवं सोना, चाँदी मेंइस समय खास तेजी बनेगी । गुड़, शक्कर, बारदाना, आदि में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी। ऊन तिल, तेल, सरसों , अलसी -एरण्ड में कुछ मन्दा रहे ।

२५ मई को रोहिणी नक्षत्र का सूर्य एवं इसी दिन पू०भा० ४ मीन राशि में गुरु का आना **विशेष महत्त्वपूर्ण है ।** पू०भा० नक्षत्र तेजीकारक है । मीन का गुरु सभी प्रमुख बाजारों में **तेजी कारक माना गया है ।** इसका विशेष प्रभाव रुई, कपास, पाट, बारदाना, तेल, तिलहन पर होता है। मीन का गुरु विशेषतः रुई, नरमा के बाजारों में जबरदस्त तेजी बनाएगा - ऐसा विचार ... **प्रत्यक्ष मिलकर ताजा मशबरा हालिसल करेंगे, वे विशेष**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

लाभ में रहेंगे । - हमारे विचार से रुई में पहले ५० प्रतिशत तेजी आकर ६ अक्तूबर १९९८ के बाद मन्दा आएगा । घी, तेल एवं तिलहन में पहले मीन के गुरु में विशेष मन्दी बाद में तेजी बने । ताजा मशबरा प्राप्त जरुर करें - हानि से बच सकेंगे । गेहूं, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मोठ, सुपारी, नारियल, कपूर एवं नमक में भी तेजी का वातावरण रहे । २५ मई को सोमवती अमावस कुछ चीजों में मन्दा करेगी, सावधान रहें ।

२७ मई को कृत्तिका नक्षत्र का बुध ८ दिन में चान्दी तथा अफीम में खास बढ़ावढ़ी के बाद मन्दा बनाए । अनाज में साधारण तेजी एवं रुई में विशेष तेजी आएगी ।

२९ मई को वृष राशि में बुध का मेल सूर्य-मंगल के साथ होगा । इसी दिन मंगल रोहिणी नक्षत्र में आ जाता है । रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल मिर्च, हींग, एवं शेयर बाजारों में तेजी बनेगी । गेहूं, जौ, चना, चावल, मटर में भी तेजी बने ।

३० मई को बुध अस्त हो रहा है । बुध का सूर्य-मंगल के साथ राशि सम्बन्ध है । रुई में घटाबढ़ी चले , पहले तेज, बीच में मन्दी, अंत में फिर तेज हो । सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने ।

[वायदा एवं दैनिक तेजी मन्दी के लिए महत्वपूर्ण तारीखें - मई१,१० से १८,२५,२९ एवं ३० मई को तेजी का व्यापार करके लाभ लें । २४ मई को दुतरफा लगागर व्यापार बढ़ावें । विशेष विचारार्थ प्रत्यक्ष मिलें ।]

जून

३ जून को रोहिणी नक्षत्र का बुध ८ दिन में कपास, सूत, सोना, चांदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी आती है । ध्यान दें- बुध अतिचारी हो गया है और सूर्य- मंगल के **साथ राशि -सम्बन्ध भी बना रहा है, इसलिए बुध मेंतेजी करने की सामर्थ्य अधिक बन गई है, विचार पर्वूक काम करें ।**

५ जून को मंगल-बुध की अंशात्मक युति एवं भरणी नक्षत्र का शुक्र सोना, चांदी, अफीम, , लाल मिर्च, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द एवं नारियल में मन्दा, चना, मूंग, मोठ, ज्वार, तूअर में घटाबढ़ी तथा रुई में तेजी का ही रुख रहे ।

८जून को सूर्य एवं ९ जून को बुध भृगशिर नक्षत्र में आकर रूई,सूत, रेशम, सण, कपूर ,कस्तूरी, चन्दन, सोना, चाँदी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी में कुछ तेजी एवं मन्दे की प्रतिक्रिया बने । ध्यान दें - **बुध मृगशिरा नक्षत्र में आकर रुई में तेजी, चांदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दा, तथा अनाजों में भी मन्दा बनाता है लेकिन यहां बुध अतिचारी होकर सूर्य एवं मंगल के साथ सम्बन्ध कर रहा है, अतः यहां मन्दे की संभावना न होकर** तेजी ही रहेगी ।

१० जून को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति होगी। बुध, क्रूरग्रहों सूर्य-मगल के साथ है। बुध बालग्रह होने से अपना स्वतन्त्र प्रभाव नहीं रखता। क्रूर ग्रहों के साथ क्रूर एवं सौम्य ग्रहों के साथ सौम्य प्रकृति का परिचय देता है। विशेष बात यह है कि जब बुध अतिचारी होकर सूर्य के साथ अंशात्मक युति करता है तो तिलहन बाजारों पर जोरदार तेजी का असर होता है। जब भी सूर्य बुध की युति होती है तभी बाजारों में एक सप्ताह तक घटा-बढ़ी चलती ही है। बुध प्रचार एवं अफवाहों के माध्यम सेसे बाजारों में घटा-बढ़ी करता है। यद्यपि अस्त बुध वृष राशि में मन्दा करता है, क्रूरग्रह योग से हमें यहां तेजी ही मालूम देती है। फिर भी बाजार के रूख के विपरीत न चलें।

१२ जून को बुध मिथुन राशि में आकर शनि की नजर में आ जाता है। बुध अतिगामी ही है-यह ध्यान रखें। तिलहन बाजारों का जन्माङ्ग मिथुन ही है। हमारा यह निजी अनुभव है, कि जब भी अतिचारी बुध मिथुन राशि में क्रूरग्रह से हष्ट होता है तो एरण्ड, मूंगफली, सरसों, तोड़िया, सोयाबीन, अलसी, बिनौला, सूरजमूखी, तिल आदि तिलहनों में घटाबढ़ी के बाद जोरदार तेजी बनाता है। यह तेजी १५ जून तक जोरदार चल सकती है। [१० से १६ जून तक वायदा व्यापारी तेजी से उत्तम लाभ ले सकते हैं।]

१५ जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर अतिचारी बुध के साथ मेल करेगा, इसी दिन बुध आर्दनिक्षत्र में प्रवेश करेगा, इस समय शनि अश्विनी नक्षत्र के तीसरे चरण में चल रहा है। परिणामस्वरूप बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रूई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी,घी, मूंग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल आदि प्रत्येक जाति के अनाजों में तेजी हो तथा सोना चांदी में भी तेजी करा रूख रहे। ध्यान दें- आद्रानक्षत्र का बुध यद्यपि अनाजों में कुछ मन्दी कारक माना गया है, फिर भी सूर्य-शनि-प्रबल होने से यहां तेजी की ही संभावना है।

१६ जून को शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में एवं १७ जून को मंगल मृगशिर नक्षत्र में आकर रूई में घटाबढ़ी, जौ, चावल, हींग, तेल, सरसों, रूई, सूत, सोना में मन्दा बने। तिल एंव चांदी में तेजी मन्दे के रिएशन आएं।

१९ जून को शुक्र वृष राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। तेलवाना, रूई, कपास, जूट, चांदी, सोना तथा शेयर बाजारों पर विशेष प्रभाव इस ग्रहस्थिति का होगा। इस समय रूई, तिलहन एवं सोना चांदी के बाजारों में सटोरिये ज्यादा सक्रिय होंगे। क्योंकि वृष राशि,शुक्र की निजी राशि है इस राशि में शुक्र के साथ मंगल का योग रूई, चांदो एवं सोने के बाजारों में तेजी का विशेष जोर बनेगा। रूई में भी जोरदार तेजी बनेगी। सरकारी ऐलान या निर्यात (एक्सपोर्ट) की पालिसी से रूई आदि में तेजी बन सकती है। ध्यान दें- कभी कभी शुक्र अपनी राशि में आकर मन्दे की लाईन

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

भी बना देता है, अतः बाजार के रूख को एक दो दिन देखकर काम बढ़ायें। (वायदा व्यापारी- १६ जून को मन्दे में सौदा पकड़ें २० जून तक तेजी से लाभ लें)

२१ जून को बुध पुनर्वसु नक्षत्र में आकर २१ जून को ही उदय हो जाता है। रूई, चांदी, कपास, सूत, सण, एवं शेयर बाजारों में काफी मन्दा आने की संभावना है। २२ जून को सूर्य आर्द्रा में एवं गुरू उ० भा० के प्रथम चरण में आएगा। रुई, सूत, कपास, सण, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं में तेजी बने। सोना चांदी में घटाबढ़ी चले।

२७ जून को बुध कर्क राशि में आकर गुरू की नजर में आ जाता है। इस दिन शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आ जाता है। साथ ही २७ जून को ही मंगल मिथुन राशि में आकर शनि से विशेष रूप से देख गया है। रूई में मन्दा, चांदी में घटाबढ़ी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, तांबा, कुसुम्भा, मजीठ तथा लालरंग की चीजों में खासी तेजी आने की संभावना है।

२९ जून को बुध पुष्य नक्षत्र में आकर १० दिन में सोना-चांदी में मन्दा, रूई में घटाबढ़ी से अच्छा मन्दा बने। मणि, मोती, जवाहारात तथा ऊनी कपड़े का भाव तेज रहे।

जुलाई

जुलाई के प्रथम सप्ताह में व्यापारिक वस्तुओं में तेजी मन्दी के साधारण रिएशन आयेंगे। ६ जुलाई के लगभग सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में एवं राहु मघा के तीसरे चरण में, केतु शतभिषा के प्रथम चरण में आएगा। रूई, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारू, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजू, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गल आदि सुगन्धित पदार्थ एवं करयाणा में तेजी बने।

७ जुलाई को आर्द्रा नक्षत्र का मंगल रूई, सूत, कपास, खल बिनौला, सरसों, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं और चाँनी को तेज करेगा। ८ जुलाई को आश्लेषा नक्षत्र का बुध एवं मृगशिर नक्षत्र का शुक्र, गेहूँ, चना, ज्वार में कुछ मन्दा करें एवं तिल, तेल सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग एवं मूंगफली में तेजी करें।

[७ से १३ जुलाई के व्यापारिक चीजों में सामान्य तेजी-मन्दी के रिएक्षन आयेंगे, मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचकर लाभ लें]

१४ जुलाई को मिथुन राशि का शुक्र, मिथुन राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। ध्यान दें- यहां सूर्य मुगल-शुक्र पर शनि की खास नजर है। शुक्र विशेष रूप से कपास, रूई, गुड़, खाण्ड, तथा चांदी के व्यापार को प्रभावित करता है। मंगल विशेष रूप से तिलहन, रूई, कपास, पाट, वारदाना, गुड़, खांड आदि बाजारों को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। इसलिए शुक्र-मंगल पर शनि की दृष्टि होने से रूई, कपास, सूती कपड़ा, पाट, वारदाना, एरण्ड, तिल, सरसों, बिनौला, सोयाबीन, मूंगफली, सूरजमुखी, अरहर, गुवार, गुड़, घी आदि में अच्छी तेजी या मन्दा बनने की संभावना है। नोट- यद्यपि मिथुन का शुक्र जोरदार मन्दा जाता है, लेकिन यहां पर मंगल का साथ एवं शनि की नजर होने से विशेष मन्दी बनने की संभावना नहीं, हमें कुछ तेजी ही मालूम देती है। बाजार को देखकर काम करें। **[वायदा व्यापारी- १४ जुलाई को दुतरफा व्यापारकरके जिधर लाभ मिले उधर लें। १४-१५ दो दिन तेजी मन्दी खेलकर लाभ लें।]**

१६ जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आएगा एवं इसी दिन मंगल भी उदित हुआ है। कर्क राशि में सूर्य का मेल बुध के साथ हो रहा है और कर्क राशि के सूर्य-बुध पर बृहस्पति की खास नजर है। इसलिए बाजार अनुमान के विपरीत चल सकते हैं। होश्यारी से काम करें। रूई, सूत, बादाम, सुपारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चांदी सोना में तेजी एवं गेहूँ, चना, जौं, मटर, अरहर, उड़द, मूँग एवं चावल में मन्दा आए।

१८ जुलाई को बृहस्पति वक्री हो रहा है। इस समय गुरू ग्रह [०।६] की मन्द गति में भ्रमण कर रहा है, इस तारीख को व्यापारी अपनी डायरी में विशेष रूप से नोट कर लें। जब भी गुरू मीन राशि में वक्र होता है तब रूई एवं काटन (नरमा आदि) के व्यापार में उत्तम लाभ का चांस बनता है:-

मीन राशि गतो जीवः वक्रतामुपयाति चेत्।
कार्यासस्यार्ध-सम्प्राप्तिः लाभस्तेषां चतुर्गुणः॥

इस समय सरकारी नीति व घोषणा को ध्यान में रखें, क्योंकि मीन राशि में गुरू के वक्री होने पर सिक्के की कीमत गिरने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। ग्रहगोचर के अनुसार हमें इस समय रूई, कपास, पाट, बारदाना में उत्तम लाभ का चांस मालूम दे रहा है। **व्यापारियों को हम ताजा उत्तम लाभप्रद चांस देंगे। केवल इतना ही जान लेना काफी नहीं है, विचार करना बाकी है। यदि वे प्रत्यक्ष आकर या पूरी फीस भेजकर जानना चाहें। इस समय रूई-नरमा के व्यापारी पिछले सभी नुक्सान भूलकर उत्तम लाभ प्राप्त कर सकते हैं।**

२० जुलाई को पुष्य नक्षत्र में सूर्य, आर्द्रा नक्षत्र में शुक्र एवं इसी दिन मन्दगति बुध मघा सिंह में आकर राहु के साथ मेल करेगा। चांदी, सोना, सूत, रूई व ऊनी वस्त्र, देवदारू व खट्टे पदार्थों में तेजी बने। कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर, आदि रस पदार्थों मे मन्दी आती है। गेहूँ, चना, जौ में अचानक तेजी या मन्दे के रिएक्शन आयेंगे।

२७ जुलाई को पुनर्वसु नक्षत्र में मंगल दाखल होगा। मंगल पर नीच शनि की दृष्टि है। इस समय शनि मन्दगति है। १७ दिन में रूई, चांदी, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, में तेजी का रूख रहेगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

३१ जुलाई को बुध सिंह राशि में वक्र हो रहा है। ध्यान दें- इस समय बुध का राहु के साथ मेल है । एवं बुध मंद गति से चल रहा है। ठीक ३१ जुलाई को ही शुक्र पुनर्वसु नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। रूई, कपास,सूत, सोना, चांदी में मन्दे का वातावरण रहेगा। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी और गेहूं, जौं, चना आदि अनाजों में मन्दा आए। इस समय रूई में विशेष मन्दे का झटका आकर तेजी आए।

नोट- ३१ जुलाई के लगभग बुध के वक्री होने पर बाजारों का रूख अचानक बदल सकता है,- सावधानी से काम करें।

अगस्त

मासारम्भ की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार बुध-गुरू एवं शनि तीनों ग्रह मन्दगति में हैं। बुध-गुरू वक्री भी चल रहे हैं।- इसके मुताबिक बाजार अनिश्चित मालूम देते हैं। कुछ बाजारों में जोरदार मन्दा व कुछ में अच्छी तेजी बनेगी,- मन्दे में खरीदें, तेजी में बेचकर लाभ लेते रहें।

२ अगस्त को वक्री नेपच्यून उ. षा. के तीसरे चरण में आएगा और ३ अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में दाखल होगा। १४ दिन में सोना, चांदी, रूई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च एवं मजीठ के भाव में तेजी बनेगी।

६ अगस्त को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा। इस समय मन्दगति वक्री बुध, राहु के साथ मेल करता है। दालवाना एवं अन्य अनाज तेज रहें। सोना में घटाबढ़ी के बाद तेजी । रूई में जोरदार मंदे का झटका आ सकता है। यदि मन्दा आए तो खरीदें, आगे फिर अच्छा लाभ मिलेगा।

८ अगस्त को शुक्र कर्क राशि में दाखल होकर सूर्य के साथ राशि सम्बन्ध बना लेगा। इन पर इस समय गुरू की नजर है। **नोट करें- सूर्य के साथ शुक्र का राशि सम्बन्ध प्राय: तेजीकारक ही माना गया है, लेकिन यहां गुरू की दृष्टि होने से संभावित तेजी न बनेगी, ऐसा विचार है। शुक्र के कर्क में रहते रूई में पहले अच्छी मन्दी, बाद में तेजी आए। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी तथा चांदी, गेहूँ, जौं, चना, मटर एवं अरहर में मन्दा हो।**

९ अगस्त को वक्री यूरेनस श्रवण २ में एवं १० अगस्त को वक्री गुरू पू० भा०४ में, साथ ही वक्री बुध आश्लेषा कर्क में दाखल होगा। कर्क राशि में सूर्य शुक्र के साथ बुध का मेल होगा, इन ग्रहों पर इस समय गुरू की दृष्टि भी है - रूई में झटके के साथ मन्दे का रिएक्शन आए। चांदी में घटाबढ़ी से तेजी, रसादि पदार्थों गुड़, घी, शक्कर, तेल, मूंगफली, सरसों आदि तिलहन, एवं सोना में पहले कुछ तेजी बाद में मन्दा बने। इस समय उड़द-मूंग आदि कुछ तेज रहें

११ अगस्त को मंगल कर्क राशि में आकर सूर्य-शुक्र-बुध के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन शुक्र पुष्य नक्षत्र में आ रहा है। कर्क राशि में स्थित मंगलादि ग्रहों पर गुरू की विशेष दृष्टि है। रूई में रूटके के साथ मन्दे का चांस है। सरसों, एरण्ड, अलसी, तेल आदि में मन्दा बने, चांदी में घटाबढ़ी चले। सब प्रकार के अनाज गुड़, शक्कर, आदि में साधारण तेजी बने।

नोट:- पुष्य नक्षत्र का शुक्र रूई में तेजी करता है अत: रूई के व्यापारी सावधानी से काम करें।

१४ अगस्त को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति होगी। बुध अस्त,वक्री एवं मन्दगति है और १५ अगस्त को शनि वक्री हो रहा है। यहां शनि भी मन्दगति ही है। इस समय शनि-गुरू-बुध वक्री हैं। **ध्यान दें:- जब वक्री होकर बुध सूर्य के साथ युति करता है, तो बाजारों में जोरदार तेजी बना करती है।**

लेकिन बुध गुरू ,की नजर में एवं अस्त है अत: विशेष तेजी की संभावना नहीं बनती। फिर भी कपास, तेलबाना, हल्दी, मसाले (जीरा-धनिया), पटसन, बारदाना, सक्कि, कली, गेहूँ, ज्वार, चावल, घी, तेल, तमाखु, सीमिन्ट में तेजी बनने की संभावना है।

१६ अगस्त को सूर्य सिंह राशि में प्रवेश करके राहु के साथ मेल करेगा । सोना, चाँदी, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों आदि तिलहन, मूंग, ज्वार, बाजरा, दाख एवं लाल मिर्च में **अच्छी तेजी** बन जाने की संभावना है ।१६ अगस्त को मंगल पुष्य में एवं प्लूटो मार्गी हो रहा है । सोने में जोरदार तेजी आ सकती है ।

२१ अगस्त को शुक्र जो कि मंगल-बुध के साथ राशि-सम्बन्ध बना रहा है, एवं गुरु से इष्ट भी है आश्लेषा नक्षत्र में दाखल होगा ।१२ दिन में रुई में कुछ मन्दा, चावल, चाँदी एवं कपास नरमा में भी मन्दा बने।

२२ अगस्त को शनैश्चरी अमावस के दिन सिंहस्थ-चन्द्र के समय सूर्य-ग्रहण लगेगा । लोहा, तांबा, उड़द, कुलथी, लौंग, रुई, सरसों, अलसी, एरण्ड, सूरजमुखी, मूंगफली, बिनौला आदि तिलहन, तेल, घी,लाल एवं काली मिर्च में विशेष तेजी का रूख बनेगा ।

२३ अगस्त को बुध मार्गी हो रहा है एवं पूर्व में उदित भी हो रहा है । बुध, मंगल एवं शुक्र के साथ है। गुरु से दृष्ट है । रुई में पहले मन्दी एवं बाद में तेज़ी हो। चाँदी में घटाबढ़ी चले। ८ दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज हैं। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन आदि में मन्दा बने । घी एवं लाल मिर्च में तेजी का रुख रहे ।

३० अगस्त को पू०फा० नक्षत्र का सूर्य १४ दिन में जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, रुई, सूत में तेजी का संकेत देता है । चाँदी में इस दिन घटाबढ़ी चले।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

सितम्बर

सितम्बर के प्रारम्भ में शुक्र सिंह राशि तथा मघा नक्षत्र में आकर सूर्य एवं राहु के साथ मेल करेगा । शुक्र का नक्षत्र-राशिचार का विशेष प्रभाव सोना एवं चाँदी पर होता है । **शुक्र जब बुध-सूर्य एवं राहु के साथ मेल करता है तो जनता में खरीदने की मनोवृत्ति प्रबल होती है । सूत, रूई, यार्ना व कपड़ा, नरमा आदि का व्यापार ऊँचे तौर पर होता है । सरकार की निर्यात नीति (एक्सपोर्ट पालिसी) की वजह से या अफवाहों से बाजार तेजी की तरफ रहता है ।**

३ सितम्बर को बुध सिंह राशि में आएगा । सिंह राशि में राहु-सूर्य एवं शुक्र पहिले ही विद्यमान है । झूठी-सच्ची अफवाहों से बाजारों में जोरदार तेजी या मन्दी के झटके आएंगे । यदि बाजार तेज चलें तो जोरदार तेजी से वरना जोरदार मन्दे से लाभ मिलेगा । हमारे विचार से १ से ५/६ अक्तूबर तक सोना-ताम्बा, जौं, चना, गेहूं, लाल मिर्च, घी में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा । रुई और चाँदी मे मन्दे एवं तेजी के अच्छे रिएक्शन आएंगे ।

६ सितम्बर को आश्लेषा नक्षत्र में मंगल के आने पर चाँदी, रुई में मन्दी, एवं अनाज-दालवाना में तेजी बने ।

७ सितम्बर को राहु मघा २ में केतु धनिष्ठा ४ में आएगा । साथ ही **इस दिन शुक्र-राहु की अंशात्मक-युति भी हो रही है । शुक्र विशेष रूप से कपास-चाँदी, दालवाना, चावल, गुड़ खाण्ड, घी, पाट, बारदाना, एवं तिलहन तेलों के व्यापार को प्रभावित करता है । राहुके साथ मिलकर यह क्रूर हो जाता है, लेकिन गुरु- केतु का शुक्र-राहु के ससाथ समसप्तक योग व्यापारियों के अन्दाजे को गलत कर देगा- ऐसा विचार है । हमारे विचार से यदि तेल-तिलहन, रुई,कपास, बारदाना, चाँदी, चावलों में तेजी के बाजार हैं, तो तेजी ही जोर पकड़ेगी वरना जोरदार मन्दा बनेगा, इसलिए वायदा व्यापारी दुतरफा खेल खेलें,एवं हाजर के व्यापारी मार्कीट के रुख को जाँच कर ही व्यापार बढ़ावें ।**

[(१ से ९ सितम्बर तक बाजारों में जोरदार तेजी एवं मन्दे के रिएक्शन आएंगे, मन्दे में खरीदें और तेजी में छोड़ कर उत्तम लाभ लें सकेंगे ।)]

१० सितम्बर को गुरु वक्री चाल से फिर से कुम्भ राशि में आ जाएगा। इस तारीख को व्यापारी नोट कर लें । कुम्भ राशि को गुरु पू०भा० नक्षत्र में जोरदार तेजी या जोरदार मन्दे की लाईन बना देग । व्यापारियों, नोट कर लो, इस वक्त ताजा मशबरा प्राप्त करो वरना भारी हानि संभव है । वैसे पू०भा० नक्षत्र में गुरु तेजीकारक ही अनुभव किया हे, फिर भी बाजार के रुख को देखकर ही काम करें । क्योंकि इस ११ सितम्बर को बुध अस्त होकर कदाचित् जोरदार मन्दा भी बना सकता है । इस समय हमारे विचार से तो जोरदार तेजी ही बनेगी, **क्योंकि कुम्भ-राशि के (वक्री गुरु पर सूर्य-राहु बुध-शुक्र की समसप्तम दृष्टि है तथा मंगल इस वक्त गुरु को अष्टम (विशेष) दृष्टि से देख रहा है ।** अतः रुई मकें ६ मास तक जोरदार तेजी होकर बाद में मन्दा हो । रुई-चाँदी -चावल के व्यापारी यदि स्टाक करें तो आगे उत्तम लाभ मिलेगा । सोना, तांबा, कासी, पीतल, लोहा एवं सीसा में ३ मास तक मन्दी रहकर बाद में तेजी से लाभ मिलेगा । अनाज , घी में मन्दा चले ।)

११ सितम्बर को बुध शुक्र की अंश-युति हो रही है - यह युति भी तेजी का ही संकेत देती है । १२ सितम्बर को बुध एवं शुक्र दोनों एक साथ पू०भा० नक्षत्र पर आ रहे हैं । ये दोनों गुरु की नजर में हैं । १४ दिन के मध्य गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं गेजूं जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मंग, चना में मन्दा बने एवं रूई में घटाबढ़ी से मन्दा बने ।

१३ सितम्बर को सूर्य उ०फा० में आकर रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चाँदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, ऐरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मुंज, बांस एवं नील में तेजी आए ।

१६ सितम्बर को कन्या राशि का सूर्य रुई, नारियल, सुपारी, तिल, तेल, मजीठ, लाल रंग की चीजें तेज हों । चांदी एवं शेयर बाजारों में भी मन्दे का रुख रहे । **(११ को मन्दा एवं १३ से १७ सितम्बर तक तेजी से लाभ लें)**

१९ सितम्बर को उ०फा० नक्षत्र में बुध आ रहा है, जो कि ७ दिनों में उड़द , मूंग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी करे । रुई में घटाबढ़ी होकर मन्दा हो, चाँदी भी मन्दी रहे । २१ सितम्बर को बुध कन्या राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा । रुई और चान्दीमें मन्दा, गेहूं जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी से लाभ मिले। २३सितम्बर को उ०फा० नक्षत्र का शुक्र गेहूं आदि अनाजों एवं रुई में तेजी, सोना चाँदी में घटा बढ़ी करे ।

२५ सितम्बर को सूर्य -बुध की अंशात्मक -युति एवं २६ सितम्बर को कन्या राशि में शुक्र का आगमन तथा हस्त नक्षत्र में बुध का आना चाँदी में घटाबढ़ी के बाद तेजी देगा । गेहूं आदि अनाजों, गुड़, खाण्ड, ऊनी व रेशमी वस्त्रों में तेजी करेगा । इस समय चीनी-चावल चाँदी के व्यापारी उत्तम लाभ में रहें । चावलों में विशेष तेजी का झटका आएगा ।

२७ सितम्बर को मंगल सिंह राशि में आकर राहु के साथ मेल करेगा, इस समय इन पर गुरु की दृष्टि भी है । चाँदी सोना, तांबा, लोहा आदि धातु व शस्त्र , गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूं, अलसी, रुई, लाल मिर्च, धनिया, हल्दी में तेजी बने ।

अक्तूबर

मासारमभ में बाजारों में कुछ तेजी मालूम देती है । ४ अक्तूबर को हस्त नक्षत्र का शुक्र एवं चित्रा नक्षत्र [illegible] में घटाबढ़ी के बाद बाजारों क रूख मन्दे का बनाएं । यदि

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh,Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस समय अन्नभाव मन्दे हों तो स्टाक करें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा । खाण्ड, गुड़, शक्कर में भी घटाबढ़ी चलेगी ।

६ अक्तूबर को गुरु वक्री होकर पू०भा० के दूसरे चरण में चलेगा । अनाज, सोना, चाँदी, सण-सूत में तेजी बने । रुई में कुछ मन्दे का रुख रहे ।

७ अक्तूबर को शुक्र पूर्व में अस्त होगा । इस समय शुक्र-बुध दोनों कन्या राशि में है । इसी दिन गुरु पू०भा० के दूसरे चरण मे आ रहा है । रुई में झटके के साथ मन्दा आए । चाँदी में घटाबढ़ी के बाद देती बने । अनाजों दालवाना में तेजी के बाद मन्दा । सोना, ताम्बा, आदि में तेजी का ही रुख रहे ।

८ अक्तूबर को बुध तुला में शनि के साथ समसप्तक योग बनाएगा । इस समय बुध पर गुरु की विशेष दृष्टि भी है । रुई, गुड़, खाण्ड, सोना एवं अफीम में तेजी रहे । चांदी, अलसी, सरसों, एरण्ड -बिनौला एवं मूंगफली में मन्दे का वातावरण रहे । **(८ से ११ अक्तूबर तक तेजी से लाभ ले सकते हैं ।)**

१० अक्तूबर को सूर्य चित्रा नक्षत्र में दाखल होगा । १५ दिन में रुई, सूत, सोना, चांदी, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर एवं लाल कपड़ा में तेजी बने । **११ अक्तूबर को नेप्च्यून के मार्गी होने पर बाजार का रुख देखकर काम करें, अचानक कुछ चीजों में मन्दी का संचार हो सकता है ।** १२ अक्तूबर को स्वाती नक्षत्र का बुध रुई में कुछ मन्दा आने का संकेत देता है ।

१४ अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का शुक्र सोना चांदी एवं अनाजों के भावों में कोई विशेष परिवर्तन नहीं करेगा । **हाँ १५ अक्तूबर को बुध के उदय होने पर अनेक प्रकार की अफवाहों से बाजार टूटने लगेंगे और रुई एवं अन्य व्यापारिक वस्तुओं में विशेष मन्दे की लाईन बन सकती है - सावधानी से काम करें ।** बुध पर गुरु-शनि की दृष्टि है लेकिन हमें बाजार टूटते मालूम दे रहेहैं । वस्त्र, रुई व शेयर बाजारों में १५ दिन में विशेष मन्दा बन सकता है । **क्योंकि आश्विन में बुध के उदय होने से कपास की उत्पत्ति अधिक होती है और दालवाना एवं अनाजों में मन्दा आता है - '' बुध ऊगे आसोज में कमल-कंकरी होय।''** एक बात और भी नोट करें, कि जब बुध तुला राशि में अकेले ही संचार करता है तो मन्दी के झटके एवं मन्दे की अफवाहों से बाजार में मन्दा आया करता है ।

(वायदा व्यापारी- १४,१५ या लगभग १६ अक्तूबर तक मन्दे का व्यापार करके लाभ ले सकते हैं ।)

१७ अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में आकर बुध के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा। इस समय शनि- गुरु की इन पर दृष्टि भी है । तेल एवं तिलहन के व्यापारी बाजार के रुख को देख कर काम करें। गेहूं, जौ, चना, अलसी, सोना, ताम्बा, लाल चन्दन, मजीठ, श्रीफल एवं सुपारी में तेजी का वातावरण रहेगा ।

१८ अक्तूबर को यूरेनस के मार्गी होने पर एवं १९ अक्तूबर को पू०फा० में मंगल एवं वक्री शनि अश्विनी २ में आकर तिल, तेल अलसी, एरण्ड, सूरजमुखी, सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक, चावल, ज्वार, मिर्च (काली), सूत व गेहूं आदि में तेजी आएगी । यह तेजी कुछ दिन ही ठहरेगी, जल्दी लाभ ले लेना चाहिए ।

२० अक्तूबर को शुक्र तुला राशिमें आकर बुध-सूर्य के साथ मेल करेगा । इस समय इन पर शनि की सप्तम दृष्टि एवं गुरु की नवम (विशेष) दृष्टि है । १ मास में रुई, चांदी और चावलों में पहले तेजी और पीछे मन्दी आती है । सोना चांदी में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी गुड़-खाण्ड एवं दालवाना घी में भी तेजी का ही रुख रहेगा । २१ अक्तूबर के लगभग अनाजों में मन्दा, रुई में झटके के साथ काफी मन्दा आ जाने का योग है ।

(१८ से २० अक्तूबर तक वायदा व्यापारी जब मन्दा आए माल पकड़ें और उछाला आते ही सौदा सैटल करके लाभ लेते रहें ।)

२४ अक्तूबर को सूर्य एवं २५ अक्तूबर को शुक्र स्वाती नक्षत्र में आकर रूई, सूत, सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर बिनौला, सुवारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग एवं गुग्गल मेंतेजी का रुख बनाएगा । इस समय अनाज के भावों में कुछ मन्दा आ सकता है । **२७ अक्तूबर को बुध वृश्चिक राशि मेंआएगा । वृश्चिकस्थ बुध पर मंगल की खास नजर है। मंगल की राशिमेंबुध तेजी का सूचक है । घी तेल सरसों, रुई, चाँदी में तेजी अच्छी आ सकती है ।** इस समय सोना, ताँबा, रुई, गुड़ खाण्ड, में भी तेज बनने की संभावना है । **(एक दिन की तेजी -मन्दी खेलने वाले व्यापारी २४/२५ एवं २७/२८ अक्तूबर को तेजी लगाकर लाभ लें, कदाचित् बाजार विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काट कर हानि से बचें ।)**

३० अक्तूबर को सूर्य शुक्र की अंशात्मक युति हो रही है एवं इसी दिन बुध अनुराधा नक्षत्र में आता है । एरण्ड, अलीसी, सूरजमुखी, सोयाबीन, बिनौला, मूंगफली, तेल, हल्दी, काली मिर्च, दालवाना एवं मोटे अनाजों में तेजी का झटका आ सकता है । अनुराधा नक्षत्र का बुध सूत, सण, रुई, सोना, चांदी, में मन्दा बनाता है, ध्यान से काम करें ।

नवम्बर

मास के आरम्भ में ही बाजार अस्थिर रहेगें । ५ नवम्बर को विशाखा नक्षत्र का शुक्र १५ दिन में रुई व अनाजों में मन्दा करेगा । ६ नवम्बर को शुक्र एवं नेप्च्यून की अंशात्मक -युति होगी एवंसूर्य विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करेगा । जौ, चावल ,गेहूँ, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, ऐरण्ड, अफीम में तेजी बने । अलसी एवं चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

९ नवम्बर को राहु मघा १ एवं केतु धनिष्ठा ३ में आएगा १० को मंगल उ०फा०में एवं बुध ज्येष्ठा नक्षत्र मेंदाखल होगा । इस समय घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, नमक एवं चावलों में तेजी बनेगी। **१२ नवम्बर को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा । मंगल की राशिमें आकर शुक्र रुई,सोना, चाँदी के बाजारों कोविशेषरूप से प्रभावित करेगा । अनुभव किया गया है, कि शुक्र अकेला कई बार जोरदार मन्दा बनाता है और जब बुध के साथ मिलता है तो मन्दे को और प्रोत्साहित करता है । इसलिए व्यापारी बाजार के रुख के खिलाफ काम न करें ।** हमारे विचार के अनुसार यहां वृश्चिक राशि का शुक्र रुई, चाँदी एवं शेयर-बाजार में पहले मन्दी होकर पीछे तेजी आवे,गुड़ में घटा बढ़ी चले । गेहूं, जौ, चना, उड़द, मूंग, मोठ एवं बाजार आदि अनाजों में तेजी की ही संभावना बनती है, -'' वृश्चिके तु गते शुक्र सर्वधान्यमहर्घता।''१२ नवम्बर को ही प्लूटो अनुराधा के चौथे चरण में आकर तेजी का ही संकेत देता है ।

१३ नवम्बर को गुरु के मार्गी होने पर बाजारों का रुख पलट कर सकता है; सावधानी सेकाम करें । - ३ दिन में रुई में मन्दी आकर फिर तेजी बने । चांदी मन्दी, ८ दिन में चावल, अलसी, सरसों, गुड़ एवं तमाखू तेज रहेंगे । १५ नवम्बर को अनुराधा का शुक्र २२ दिन में गड़, खाण्ड, चावल, नमक आदि इन पदार्थों में मन्दा करेगा ।

१६ नवम्बर को सूर्य वृश्चिक में एवं इसी दिन मंगल कन्या राशिमें आएगा । वृश्चिक राशि में सूर्य का मेल बुध एवं शुक्र के साथ होगा और कन्या राशि का मंगल, शनि के साथ षडष्टक योग बना रहा है । - यहां बाजारों में अच्छी तेजी आ सकती है । रुई, तांबा, चांदी, सोना व ऊनीवस्त्रों में तेजी बने । रुई एवं चांदी में झटके के साथ तेजी का रिएक्शन आएगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी एवं लाल मिर्च में अच्छी तेजी आने की संभावना है ।

१९ नवम्बर को अनुराधा नक्षत्र में सूर्य जौ, चना आदि धान्यों, ऊन व सोना-चादी आदि धातुओं में तेजी करेगा । गेहूं, अलसी, मिर्च में तेजी के बाद मन्दा हो ।

२१ नवम्बर को बुध वक्र हो रहा है । इस समय बुध, सूर्य-शुक्र के साथ है । बुध के वक्र होंने पर जिन चीजों में तेजी चल रही होगी उनमें मन्दा आ सकता है तथा जिन चीजों में मन्दा होगा, वे तेज हो सकती हैं । बाजार के रुख को देखकर काम करें । -सामान्यत: घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी और गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में मन्दा आता है । रुई में झटके के साथ तेजी आकर बाद में मन्दा आए । २४ नवम्बर तक बाजार उत्तम-मध्यम रुप से तेजी की तरफ ही रहेंगे ।

२५ नवम्बर को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा । अनाजों एवं दालवाना में तेजी बने, रुई में झटके के साथ अच्छा मन्दा बने, चाँदी तेजी, पाट, हैसियन और शेयर बाजारों में मन्दे का झटका आए । २६ नवम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का शुक्र एवं सूर्य-बुध-वृश्चिक रही है । १५ दिन में सोना, चाँदी, चावल, गेजूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी एवं रुई में पहले मन्दी होकर बाद में तेजी हो ।

२८ नवम्बर को बुध -शुक्र की अंशात्मक युति का प्रभाव पहले कुछ मन्दा बाद में तेजी,या पहले तेजी बाद में मन्दा बनेगा, मन्दा अधिक आ सकता है - सावधानी से काम करें । क्योंकि बुध में शुक्र से भी अधिक घटाबढ़ी लाने की शक्ति है । यदि इस समय बाजारों में तेजी का ट्रेण्ड चल रहा है तो जोरदार तेजी बनेगी, यदि बाजार मन्दे हैं तो जोरदार मन्दा आ जाने का योग जान लें ।

२९ नवम्बर को शुक्र पश्चिम में उदय होगा और ३० नवम्बर को वक्री बुध अनुराधा में आएगा। घी, खाण्ड, में मन्दा, रुई, वस्त्र, सूत, सण, सोना, चाँदी, तिल, चावल में तेजी बने ।

दिसम्बर

१ दिसम्बर को सूर्य-बुध की अंशात्मक युति होगी और 2 दिसम्बर को सूर्य ज्येष्ठा में आएगा । सोना, चांदी, चावल,गेहूँ , जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, आदि तिलहन एवं तेल, गुड-खाण्ड में तेजी बनेगी । रुई में मन्दी के बाद तेजी हो । **सूर्य-बुध की अंशात्मक-युति का प्रभाव तेल तिलहन बाजारों पर विशेष रूप से अनुभव होगा ।**

४ दिसम्बर को हस्त नक्षत्र पर मंगल का आगमन दालवाना एवं घी गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी का संकेत देता है । ६ दिसम्बर को शुक्र मूल नक्षत्र एवं धनु राशि पर आ रहा है । धनु-राशि के शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि है । यद्यपि धनु राशि का शुक्र जनरल बाजारों में मूल **रूप से मन्दे का ही माना जाता है परन्तु शुक्र पर मंगल की दृष्टि से कुछ तेजीकारक बन जाने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता ।** गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, चाँदी, सोना, ताम्बा, आदि धातु एवं शेयर बाजासर तेज हों । रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी होकर पीछे तेजी हो ।

८ दिसम्बर को वक्री बुध पूर्व में उदय होगा और इसी दिन वक्री शनि अश्विनी के प्रथम चरण में दाखल होगा । रूई में पहले मन्दी होकर झटके के साथ जोरदार तेजी आए । गेहूं, चना आदि अनाजों में भी आगे तेजी बने । घी, तिल, पाट, लाल मिर्च में भी तेजी का वातावरण रहे । गुड़, लाख एवं कासी में भी तेजी ही रहेगी ।

११ दिसम्बर को बुध मार्गी होगा । रुई में पहले मन्दी, बाद में तेजी बने चाँदी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो । गेजूं, जौ, चना, आदि अनाजों में तेजी हो । रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित वस्तुओं में मन्दा आने की संभावना बनती है । इस समय सोना में तेजी संभव है ।

CC-0. In Public Domain. Shrikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१५ दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में आएगा । शुक्र पहले ही धनु राशि में चल रहा है । सूर्य-शुक्र पर मंगल की विशेष दृष्टि है । रुई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना चांदी आदि तेज हों। अनाजों में कुछ मन्दावन रहे ।

[दैनिक तेजी मन्दी के लिए - दिसम्बर १,८,९,१५ कौ तेजी एवं ११ को दुतरफा लगाकर लाभ लें।]

२० दिसम्बर को पू०षा० नक्षत्र में चन्द्र दर्शन होने से नमक, चावल, गेहूं, चना, जौ, चांदी, कपास,रूई एवं सूत में तेजी से लाभ मिलेगा । गुड़, तेल, सोना, चांदी में भी तेजी रहेगी ।

२१ दिसम्बर को पू०भा० ३ का गुरु अनाज, सोना, चांदी, सण, सूत में तेजी, और रुई में मन्दा बने ।

२२ दिसम्बर को यूरेनस श्रवण नक्षत्र में आएगा और २३ दिसम्बर को बुध ज्येष्ठा में आएगा । घी, गुड़, खाण्ड, एवं चावालों में तेजी से लाभ मिलेगा । श्रवण नक्षत्र का यूरेनस तेल,तिलहन में तेजीकारक ही है । लगभग २३ दिसम्बर को ज्येष्ठा नक्षत्र का बुध घी, गुड़, खाण्ड एवं चावलों में तेजी बनाएगा ।

२९ दिसम्बर को सूर्य पू०षा० नक्षत्र में एवं मंगल चित्रा में दाखल होगा । १४ दिन के अन्दर तिल , तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गल, कपूर, ऊन, सण, सोना चांदी, तांबा, पीतल, चावल एवं चना में तेजी बनेगी ।

ध्यान दें , - २९ दिसम्बर को ही शनि मार्गी होगा । १५ अगस्त को शनि वक्री हुआ था । इस समय शनि पर मंगल की विशेष दृष्टि है । रुई में मन्दा आकर तेजी बने । जीरा, कलौंजी, मेथे, धनिया, गुड़, शक्कर, तिल, तिलहन, हींग एवं मिर्च में तेजी किंवा मन्दे के अच्छे रिएक्शन आएंगे । विचार पूर्वक काम करें ।

३०दिसम्बर को शुक्र मकर-राशि में आएगा। मकरस्थ शुक्र पर शनि की विशेष दृष्टि है । गुड़ खाण्ड, घी, तेल, तिलहन, गेहूं, चना एवं दालवाना, आदि सभी तरह के अनाजों में तेजी से ल ाभ मिलेगा । रूई-चांदी में घटाबढ़ी के बाद अन्त में तेजी रहेगी । [२९ एवं ३०,३१ दिसम्बर को वायदा व्यापारी तेजी का काम करके लाभ ले सकेंगे ।]

जनवरी (सन् १९९९ ई०)

मास के आरम्भ में ही २ जनवरी को बुध मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में प्रवष्टि होकर सूर्य के साथ राशि-सम्बन्ध बनाएगा । इस समय मंगल की सूर्य-बुध पर विशेष नजर भी पड़ रही है । यद्यपि अकेला धनुराशि का बुध बाजारों में मन्दा बनाता है । परन्तु जब बुध सूर्य के साथ योग करता है तो यह तेजीकारक हो जाता है, यहां तो इन पर मंगल की दृष्टि भी है, अतः यह योग पूर्ण रूप से तेजी का ही कहा जाएगा । रुई, कपास, सूत, चाँदी, सोना, दालवाना आदि अनाज, एरण्ड, अलसी, मंगफली, बिनौला, हल्दी, काली मिर्च एवं शेयर बाजारों में तेजी का रूख रहेगा । [१ से ६ जनवरी तक बाजारों का रुख देखकर तेजी मन्दी लगाकर लाभ लें। २,३ जनवरी को वायदा बाजार तेज ही रहेंगे।]

७ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का शुक्र चाँदी,सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द एवं अन्य अनाज मन्दे रहें। तिल तेल तेज एवं रुई में मन्दीहोकर फिर तेजी हो ।

११ जनवरी को उ०षा० का सूर्य एवं पू०षा० नक्षत्र का बुध उड़द, मंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लाल शक्कर, कपास, चमड़ा, सरसों, मूंग, सुतली में तेजी करें । इस समय बिनौला तेज, सोना चांदी में खास तेजी मन्दी के झटके आवें ।

ध्यान दें :- ११ जनवरी को ही राहु कर्क में एवं केतु मकर में दाखल होगा । लोहा, जस्ता, तांबा, पीतल, सोना व चाँदी आदि धातु और रुई में पहले ६ मासों में मन्दा आकर बाद में भारी तेजी बनेगी । गेहूं चावल में तेजी, विशेषकर ज्वार में तेजी बने । गुड़ में भी तेजी बनेगी । व्यापारियों को हिदायत है, कि रुई, सूत, कांसा, सोना-चांदी का संग्रह करें, आगे तीन मास बाद ही लाभ मिलने लगेगा । ६ मास बाद उत्तम लाभ मिलेगा । इस समय ताजा मशबरा प्राप्त करें ।

१२ जनवरी को मंगल तुला राशि में आकर मंगल के साथ समसप्तक योग बनाएगा इस समय शनि -मंगल दोनों मंद गति में चल रहे हैं । रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, सूरजमुखी, बिनौला, मूंगफली, तिल, तेल , काली -लाल मिर्च, गुड़ खाण्ड, गेहूं, उड़द -मूंग आदि अनाजों में तेजी आती है, मंगल पर शनि की पूर्ण दृष्टि होने से यह तेजी अधिक जोरदार रहे।

ध्यान दें - १२ जनवरी को ही गुरु फिर मीन राशि में आ रहा है । इसलिए यह रुई, नरमा, कपास में पहले ६ मास में जोरदार तेजी बनाए । बाद में मन्दा करे । घी, तिल , तेल, सरसों आदि तिलहन में पहले ५/६ मास तक मन्दे के बादतेजी करे। गेहूं, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मोठ, सुपारी, नारियल, हाथी के दाँत से बनी चीजें, कपूर, एवं नमक में तेजी आती है ।

खास विचार- इस मास में ११ जनवरी को राहु कर्क में आकर रुई आदि में ६ मास तक मन्दे का योग है तुरन्त १२ जनवरी को गुरु मीन राशि में आकर रुई आदिमें पहले ६ मास तेजी का योग बनाता है ऐसी स्थिति में हमसे प्रत्यक्ष आकर ताजा मशबरा प्राप्त करें वरना उत्तम लाभ का चाँस हाथ से निकल जाएगा-नोट कर लें । इस बारे में हम ताजा विशेष मशबरा देना चाहेंगे ।

१३ जनवरी को गुरु के मीन राशि में आने के साथ ही बुध पूर्व में अस्त हो जाता है। अनाज, घी आदि मन्दे हों । रुई में घटाबढ़ी, पहले तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेज हो । सोने में घटा बढ़ी होकर तेजी हो ।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

१४ जनवरी को मकर संक्रान्ति १५ मुहूर्ती एवं गुरुवार को लग रही है । इस समय राहु शनि-मंगल की सूर्य पर विशेष दृष्टि है । - यह योग जोरदार तेजी का संकेत देता है। घी, अलसी, एरण्ड, बिनौला, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, सरसों, तोड़िया, सूरजमुखी आदि तिलहन, गुड़ शक्कर, खाण्ड, रुई, काली मिर्च, लाल मिर्च, जीरा, हींग, धनिया में तेजी बने । दालवाना व अन्य अनाजों में भी साधारण तेजी रहे । १८-१९ जनवरी के लगभग चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चांदी, सोना, रुई, कपास में तेजी बने ।

२२ जनवरी को बुध मकर राशि में आकर सूर्य-केतु के साथ मेल करेगा । मकर राशि में स्थित इन ग्रहों पर महाक्रूर ग्रह शनि-मंगल एवं राहु की विशेष दृष्टि है । इस समय रुई.सोना, चाँदी, दालवाना, तेल, तिलहनों में, घी एवं मसालों में तेजी बनेगी । **इसी दिन सूर्य-नेपच्यून की अंशात्मकयुति तथा शनि अश्विनी के दूसरे चरण में दाखल होगा । यह योग भी तेजी का ही है । फिर भी बाजार के रुख को देखकर ही काम करें ।**

२३ जनवरी को शुक्र कुम्भ राशि में आकर रुई, चांदी, गुड़, खाण्ड, गेहूं चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा तथा सफेद चीजों में मन्दा करे। २४ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का सूर्य भी गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चांदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी एवं लौंग में तेजी बनेगी ।

[१४ से २३ जनवरी तक उत्तम-मध्यम रूप से वायदा बाजारों में तेजी रहेगी । (विशेषतः १३ जनवरी को दुतरफा लगावें, वैसे हमारे विचार से मन्दा बने) खास तौर पर १४ से २२ तक तेजी चले। दैनिक तेजी मन्दी वाले १४,१५ एवं २२,२३ को तेजी लगाकर लाभ लें।]

२८ जनवरी को श्रवण नक्षत्र का बुध एवं स्वाती नक्षत्र का मंगल ऊनी, वस्त्र, गहूं, तिल, तेल तेज हों, चांदी में घटाबढ़ी एवं सोना कुछ मन्दा रहे । २९ जनवरी को शतभिषा नक्षत्र का शुक्र गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों,रुई, एवं सोना, चांदी में तेजी हो ।

२९ जनवरी को उ०भा० के प्रथम चरण में गुरु आने से चाँदी में मन्दा हो, सोना, रुई एवं गेहूं आदि अनाजों में तेजी का रूख बने । उ०भा० का गुरु तेजीकारक माना गया है।

फरवरी

२ फरवरी को सूर्य एवं यूरेनस की अंशात्मक युति होगी एवं ४ फरवरी को बुध-सूर्य का अंशसाम्य व्यापारिक-वस्तुओं में तेजी देने वाला है । ५ फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र का बुध चावल, सट्टी में तेजी, सोना चांदी में मन्दा और रुई में घटाबढ़ी हो ।

६ फरवरी को धनिष्ठा नक्षत्र में सूर्य १५ दिन में सोना, चाँदी, मोती-मंणि आदि जवाहरात, मूंग, मसूर, गेहूं आदि अनाजों व अलसी रुई में तेजी करे ।

८ फरवरी को पू०भा० नक्षत्र का शुक्र रुई में तेजी और अनाजों में मन्दे का संकेत देता है।

९ फरवरी को बुध कुम्भ राशि में आकर शुक्र के साथ - १५ फरवरी तक रहेगा । इस समय जोरदार तेजी या मन्दे का रिएक्शन आएगा । यदि बाजारों में तेजी हो तो तेजी की लम्बी लाईन बन सकती है वरना मन्दे की । विचारापूर्वक काम करें । वैसे तो कुम्भ राशि का बुध अलसी, रुई में मन्दा, चांदी में मन्दे के बाद तेजी करता है । घी, तेल, रस, गुड़, खाण्ड में तेजी तथा अनाजों में समता रहे ।

११ फरवरीको सूर्य-केतु की अंशात्मक, युति एवं १२ फरवरी को कुम्भ राशि में सूर्य का संबंध बुध-शुक्र के साथ बना रहेगा । १२ फरवरी को ही बुध शतभिषा नक्षत्र में दाखल हो रहा है । घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली, राई में तेजी, रुई, पाट, अलसी, एरण्ड, गेहूं आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दे का योग है । १४ फरवरी को उ०भा० के दूसरे चरण में गुरु के आने पर चाँदी मन्दी, सोना, रुई व गेहूं आदि अनाजों में तेजी आती है ।

१६ फरवरी को मंगलवारी अमावस के दिन शुक्र मीन राशि में दाखल होगा । इस समय गुरु भी मीन राशि में ही है । गुरु शुक्र-शत्रु ग्रह हैं । गुरु अपनी राशि में प्रबल है तथा शुक्र अपनी उच्च राशि में बली है । इस समय बाजारों मेंमन्दे का बोलबाला रहेगा । चांदी में झटके के साथ मन्दा बने । अनाज सरसों, तेल, सारे तिलहन एवं गुड़, खाण्ड में मन्दा बने । इस समय यदि बाजारोंमें मन्दा बनता है तो जोरदार मन्दा बने - सावधानी से काम करें । यह तेजी या मन्दी १८ फरवरी तक चल सकती है ।

१९ फरवरी को शतभिषा नक्षत्र का सूर्य एवं उ०भा० नक्षत्र का शुक्र सोना, सण, कपड़ा, तिल, तेल, ऐरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं, एवं गुड़ में तेजी का संकेत देता है । चांदी, चावल, मोती, कपूर, नमक, खाण्ड, रुई, कपास आदि सफेद वस्तुओं में मन्दा बन सकता है ।

२० फरवरी को पू०भा० का बुध सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाज में मन्दा, एवं रुई में घटाबढ़ी होने का इशारा करता है । **ध्यान दें -** २० फरवरी को ही बुध के पश्चिम में उदय होने पर रुई एवं शेयर बाजारों में १५ दिन में मन्दा बन सकता है ।

२६ फरवरी को मीन राशि के बुध का मेल गुरु एवं शुक्र के साथहोगा । रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा, सोना, चांदी में घटाबढ़ी, बिनौला में तेजी बनेगी । २८ फरवरी को उ०भा० का बुध चांदी में घटाबढ़ी, रुई-गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि अनाजों के भाव पूर्ववत् रहें ।

मार्च

मासारम्भ में ही मंगल एवं बुध दोनों मंदगति हैं । शनि-मंगल का समय-सप्तक योग चल रहा है । इस स्थिति में बाजारों में तेल-बिनौला आदि तिलहन में तेजी बनेगी । गुड़

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

आदि रस पदार्थों घी में भी तेजी ही रहेगी।

२ मार्च को रेवती का शुक्र एवं ३ मार्च को उ०भा० नक्षत्र के तीसरे चरण में गुरु रुई, कपास, चांदी, चावल, चन्दर, कपूर, गुड़, खाण्ड , शक्कर, तथा जवाहरात मन्दे होंगे। ४ मार्च को पू०भा० नक्षत्र का सूर्य रेशम, सोना, चांदी, गेहूं, चना, उड़द , चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल गुड़, खाण्ड, गुग्गल एवं रुईमें कुछ तेजी बनाएगा ।

६ मार्च को शनि ग्रह अश्विनी नक्षत्र के तीसरे चरण में आएगा । पीतल तिल, तेल, अलसी, सरसों, घी, चावल, ज्वार, मिर्च, सूत व गेहूं आदि में तेजी बने । रुई में कुछ मन्दा बाद में तेजी बने । रुई में कुछ मन्दा आकर बाद में तेजी बने ।

१० मार्च को बुध के वक्री होने पर बाजारों में जोरदार, उथल पुथल हो सकती है। अतः वायदा व्यापारी सावधानी से काम करें, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी, गेहूं आदि अनाजों में तेजी या मन्दे का झटका आए । रुई में झटके की तेजी के बाद मन्दा संभव है ।

१२ मार्च को बुध पश्चिम में अस्त होगा । इस समय बुध एवं मंगल दोनोंमन्द गति **हैं, गुरु अतिचारी चल रहा है ।** रुई में जोरदार तेजी या मन्दे कीलाईन बने । हमें मन्दा मालूम देता है । चांदी तेज रहे। शेयर बाजारों में जोदार तेजी मन्दे के झटके आएं । मन्दा विशेष रह सकता है । क्योंकि बुध वक्री होकर अस्त हुआ है अतः दालवाना आदि अनाजों में तेजी बनेगी- ऐसा विचार है ।

[मास के आरम्भ में १२ मार्च तक बाजार डावांडोल रहेंगे, जब मन्दा आए खरीदें, जब तेजी बने, बेचकर लाभ लें ।]

१३ मार्च को शुक्र मेष राशि में आकर नीच शनि के साथ मेल करेगा । इस समय **शनि-शुक्र पर मंगल की पूर्ण दृष्टि भी है।** अतः जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ, घी, एवं सोना-चांदी में खास तेजी बनेगी । गुड़, शक्कर, में कुछ घटाबढ़ी के बाद तेजी,तेल तिलहन के बाजार अनिश्चित रहें, मन्दा तेजी दोनों चलें ।

१४ मार्च को मीन राशि के सूर्य का मेल बुध गुरु के साथ होगा । मंगल ग्रह की स्थिति भी वक्रता की ओर बन रही है । इसलिए तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर , रुई, सोना में तेजी, प्रत्येक जाति के अनाज भी तेज रहें, चांदी मेंअचानक मन्दे का झटका आए। १५ मार्च को रुई, गुड़ शक्कर, खाण्ड, में वायदा व्यापार में मन्दा बने । १६ मार्च को बाजार तेज रहेंगे। १८ मार्च को उ०भा० का सूर्य चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेल, तेज हों । लगभग २१ मार्च को वक्री बुध पू०भा०में आएगा । सोना, चांदी, तांबा, लोहा तथा अनाजों में मन्दा आए । रुई में घटा बढ़ी चलेगी ।

२२ मार्च को लगभग गुरु के अस्त होने पर रुई आदि के बाजारों में जोरदार मन्दा आएगा। २३ मार्च को भरणी नक्षत्र का शुक्र भी तेल, तिलहन, घी, उड़द, नारियल में मन्दा बनेगा। २५ मार्च को बुधोदय होने से रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी झलकेगी । गेहूं, घी, तिल एवं लाल मिर्च में तेजी बने । २५ मार्च को ही वक्री बुध फिर से कुम्भ राशि में आएगा । अलसी, रुई में मन्दा बने । चांदी में मन्दे के बाद तेजी, घी, तेल, तिलहन, गुड़, शक्कर, घी, में तेजी रहे।

२९ मार्च को रेवती के प्रथम चरण में गुरु के आने पर रुई में विशेष घटाबढ़ी चलेगी। चांदी में पहले मन्दी होकर तेजी हो । अनाजों में भी मन्दा आए ।

३१ मार्च को रेवती नक्षत्र का सूर्य १४ दिन में अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सुज्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना एवं चावल में तेजी बनेगी ।

सज्जनो । हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांच कर तेजी- मन्दी के रुख का बेरवा दिया है, फिर भी ग्रहचाल वश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है, तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे । वैसे हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि आपको व्यापार में **उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे ।**

व्यापारी सज्जनो । यदि आप एक मास का वायदा, हाजरा बाजार का चांस चाहते हैं, या दैनिक तेजी मन्दी चाहते हैं तो एक मास की ५००/- पांच सौ रु० फीस भेजकर प्राप्त करें । प्रत्यक्ष मिलने पर अधिक संतोषजनक बात हो सकेगी । पूरे साल की तेजी मन्दी की प्रमुख चांसों की फीस एक वर्ष के लिए ५०००/- पांच हजार रूपये है। टेलीफोन से भी बात की जा सकती है । पता नीचे लिखा है -

पं० इन्दुशेखर शर्मा शास्त्री, ज्यौतिषाचार्य, एम०ए०,

मार्त्तण्ड भवन,

मु०पो० कुराली (रोपड़) पंजाब,

पिन-140 103

फोन: 01888-33277

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

"यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्वपूर्ण काल"

(१ जनवरी सन् १९९८ ई. से १७ मार्च सन् १९९९ ई. तक)

जप एवं यन्त्र-मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य-चन्द्र ग्रहण के समान ही महत्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिष ग्रन्थों में इस विषय में अनेक बचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्ट रूप से फलप्रद माना है। **आचार्य भास्कर ने भी सिद्धान्त शिरोमणि में कहा है** कि-यदि क्रान्तिसाम्य के समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है-**"पात स्थिति कालान्तर्गत मंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान-जप- होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।"** यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे १ जनवरी १९९८ ई.से १७ मार्च १९९९ ई.तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.) दे रहे हैं। इस कालों में यंत्र-तंत्रों के निर्माण से एवं मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

इस वर्ष २२ अग. ९८ को सूर्य ग्रहण भी होगा, जिसका विवण अन्यत्र दिया गया है। इस ग्रहण के पर्वकाल को भी साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्ति पुण्यकाल क्रान्तिसाम्य और सूर्य-ग्रहण के अलावा मन्त्रादि साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणी पर्व, महावारुणी पर्व, वारुणी पर्व और षडशीतिमुख पुण्यकाल भी महत्वपूर्ण माने गये हैं। षडशीतिमुख पुण्यकाल प्रतिवर्ष चार बार घटित होता है, जबकि शेष अर्धोदय आदि योग कभी-कभी आते हैं। इसवर्ष इन योगों में से कोई भी पर्व नहीं आया है।

सावधान- यंत्र-मंत्र- तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायन संक्रान्ति पुण्यकाल (भा. स्टै. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
		सन् १९९८ ई०			
२० जन.	६	१५	२० जन.	१८	१५
१८ फर.	२०	२४	१९ फर.	८	२४
२० मार्च	१९	२४	२१ मार्च	७	२४
२० अप्रैल	६	२७	२० अप्रैल	१८	२७
२१ मई	५	३५	२१ मई	१७	३५
२१ जून	१३	३३	२२ जून	१	३३
२३ जुला.	०	२५	२३ जुला.	१२	२५
२३ अग.	२	२९	२३ अग.	१४	२९
२३ सित.	५	७	२३ सित.	१७	७
२३ अक्तू.	१४	२८	२४ अक्तू.	२	२८
२२ नवं.	१२	४	२३ नवं.	०	४
२२ दिसं.	१	२६	२२ दिसं.	१३	२६
		सन् १९९९ ई०			
२० जन.	१२	७	२१ जन.	०	७
१९ फर.	२	१७	१९ फर.	१४	१७

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्ति काल (भा. स्टै. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
		सन् १९९८ ई०			
५ फर.	१०	७	५ फर.	२०	८
१८ फर	९	२५	१८ फर.	१७	३
२ मार्च	५	४५	२ मार्च	११	१३
१४ मार्च	२३	४२	१५ मार्च	५	५४
२७ मार्च	१३	५६	२७ मार्च	१८	५२
८ अप्रैल	१५	३२	८ अप्रैल	२२	७
२१ अप्रैल	१८	५९	२२ अप्रैल	१	३९
३ मई	२	५७	३मई	१३	७
१४ मई	०	४८	१६ मई	७	४८
३ अग.	११	४०	४ अग.	१	२३
१५ अग.	४	५६	१५ अग.	१२	३१
२८ अग.	०	४	२८ अग.	७	७

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
		सन् १९९८ ई०			
९ सित.	७	२९	९ सित.	१२	४०
२१ सित.	९	२३	२२ सित.	०	२८
४ अक्तू.	१७	९	४ अक्तू.	२२	४
१६ अक्तू	१२	३७	१६ अक्तू.	१९	११
२९ अक्तू	२०	५२	३० अक्तू.	४	०२
९नवं.	२३	३०	१० नवं.	११	११
		सन् १९९९ ई०			
२७ जनवरी	२२	५२	२८ जन.	१४	३८
९ फर	८	४८	९ फर.	१७	२३
२१ फर	१६	४९	२१ फर	२२	४१
६ मार्च	१	४२	६ मार्च	७	४९

षडशीतिमुख संक्रान्ति पुण्यकाल (भा.स्टै. टा.)

प्रारम्भ तारीख	घं.	मि.	समाप्त तारीख	घं.	मि.
		सन् १९९८ ई०			
१० जन.	६	३१	१० जन.	१८	३१
५अप्रैल	१९	३८	६ अप्रैल	७	३८
३जुला.	२३	३१	४ जुला.	११	३१
१ अक्तू.	४	४९	१ अक्तू.	१६	४९
		सन् १९९९ ई०			
१० जन.	१२	४०	११ जन	०	४०

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य- सूर्य-चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किया जाने वाला क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहाँ दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ - समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को वर्जित किया गया है।

ध्यान दें- सामान्यतया मई के मध्य से जुलाई के अन्त एवं नवम्बर के मध्य से लगभग २३ जनवरी तक सूर्य की क्रान्ति प्रतिवर्ष १९ अंश से अधिक रहती है। लेकिन चन्द्रमा की परमक्रान्ति पात(राहु) की स्थिति के अनुसार प्रतिवर्ष न्यूनधिक होती रहती है। इस वर्ष चन्द्रमा की परम क्रान्ति १९ अंश के लगभग रहेगी। अतः उपरोक्त दिनों में चन्द्रक्रान्ति सूर्यक्रान्ति के बराबर नहीं हो सकेगी। यही कारण है- इस वर्ष इन उपरोक्त दिनों में क्रान्तिसाम्य नहीं हो पाया है। यह स्थिति राहु के भोगांशों के अनुसार कुछ वर्षों बाद घटित होती रहती है।

निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल में भी यंत्र-मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection.

महत्व रखता है।

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

यन्त्र मन्त्र तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत 'यन्त्र तन्त्र मन्त्र' गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभ मुहूर्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़निश्चय पूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। ध्यान रहे-दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र-तन्त्रों को सिद्ध करके इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है:-''सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।''

मन्त्र ऐसे दिव्य शब्दों का समूह है, जिससे दृढ़ इच्छाशक्ति पूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इसमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारण मात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होता है, जिससे अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल प्रच्छन्न-शक्ति प्राप्त होती है। -**''मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धि र्न संशयः।।''**

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलयुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव वाले हैं- **''अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू॥''** अतः शाबर मन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इसमें न्यूनाधिकता न करें। **नोट**-मन्त्र का पुरश्चरण गुप्त रूप से करें। प्रकट होने पर पुरश्चरण अर्थहीन हो जाता है यह तन्त्रशास्त्रों का निर्देश है **''गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः॥''**

धन-ऐश्वर्यदाता बीसा यन्त्र

१	९	१०
१४	७ ऐं२ श्रीं ॐ ह्रीं ३ क्लीं ८	६
५	११	४

उल्लिखत यन्त्र को गुरु-पुष्य या रवि पुष्यामृत योग या दीपावली की शुभ रात्रि में अष्टगन्ध की स्याही से भोजपत्र पर लिखकर अथवा त्रिधातु (सोना-चांदी एवं तांबा) के पत्र पर उत्कीर्ण करके विधिवत् पूजन करें। यन्त्र को पुष्प गन्धादि से पूजन करते समय दुर्गा सप्तशती का पाठ, कवच एवं कीलक का पाठ करें। इस यन्त्र को पूजा स्थान पर स्थापित करने या अपने गले में धारण करने से सर्वविधि-वैभव प्राप्ति हो

सर्वतोभद्र यन्त्र

ॐ महालक्ष्म्यै नमः			
अ उ ल ओ	आ ऊँ लृ औ	इ ऋ ए अं	ई ऋ ऐ अः

ॐ महा लक्ष्म्यै नमः

सुख-समृद्धि आर्थिक लाभ व अभियोग (मुकदमे) आदि विवाद में विजयार्थ इस यन्त्र का प्रयोग किया जाता है। इस यन्त्र की स्थापना से धन की वर्षा सी होती अनुभव की गई है। किसी विशिष्ट मुहूर्त्त (अमा, ग्रहण संक्रान्ति-पुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य आदि)में गोराचन, केसर एवं लाल चन्दन के मिश्रण से अनार की कलम द्वारा भोजपत्र पर लिखे। यन्त्र को चांदी-धातु की चादर पर भी उत्कीर्ण कराया जा सकता है। इस यन्त्र की प्राण प्रतिष्ठा करके प्रतिदिन लाल पुष्पों से धूप दीप दर्शन पूर्वक पूजा करें। इस यन्त्र को फ्रेम कराकर पुजास्थल में स्थापित करें। इस यन्त्र के प्रातः दर्शनमात्र से ही सुख-सम्पदा की प्राप्ति होने लगती है।

व्यापार में सफलता हेतु मुस्लिम यन्त्र

786

560	555	562
561	559	556
556	563	558

इस यन्त्र को नौचन्दी जुमेरात से १०० यन्त्र बारीक कागज पर रोजाना लिखकर उनकी आटे की गोलियां बनाकर मछली युक्त जल में डालें। चालीस दिन तक बिना नागा यही विधि करें इससे यन्त्र सिद्ध हो जाएगा। इस यन्त्र को शुभ मुहूर्त्त में ४ अलग अलग कागजों पर लिखकर गत्तों (Card Boards)पर चिपकाकर आफिस या दुकान के चारों कोनों में दरी या कार्पेट के नीचे धूप दीप करके गुप्त रूप में रख दें।

ध्यान रहे-जहां ये यन्त्र कार्पेट (दरी)के नीचे रखे गये हों, वहा इनके ऊपर कोई ऐसी चीजें (गुलदस्ते वगैरह) रख दें जिससे उनके ऊपर किसी का पैर न पड़ सके। एक सप्ताह के अन्दर व्यापार में आश्चर्यजनक वृद्धि हो जाएगी। यह अनुभूत है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

श्री कुबेर यन्त्र



शुभ मुहूर्त्त में (दीपावली, धनत्रयोदशी, बसन्त श्री पंचमी या रविपुष्य योग में) इस यन्त्र का निर्माण करें। इस यन्त्र की संरचना करते समय ''ॐ श्री वित्तेश्वराय नमः ''-इस मन्त्र का जाप करते रहें। प्राणप्रतिष्ठा एवं विधिवत् पूजन के बाद यन्त्र के सामने प्रतिदिन धूपदीप करें। इस प्रकार धन सम्पदा के अधिष्ठाता कुबेर जी की कृपा से हर प्रकार का वैभव सहज ही उपलब्ध हो जाता है।

श्री दुर्गा बीसा यन्त्र

चराचर जगत् की पालिका, आद्याशक्ति जगदम्बा भगवती को यह यन्त्र अत्यधिक प्रिय है। यह यन्त्र को दीपावली या ग्रहण की अवधि में विधिवत् लिखने से सर्वविध-मनोरथों की सिद्धि होती है । राजा भी साधक के समक्ष नतमस्तक हो जाता है-

यन्त्र यह है



सम्पुटित शिव-महामन्त्र

'ॐ ह्रीं' इस बीज मन्त्र से सम्पुटित इस मन्त्र को शुभ मुहूर्त्त में सवा लाख जप कर सिद्ध करें। मन्त्र जाप के दिनों में भूशयन करे, ब्रह्मचर्य से रहें। सोमवार का उपवास करें। जप समाप्ति पर इस मन्त्र से दशांश हवन करें। ब्राह्मण-बालकों को मीठा भोजन कराके यथा सम्भव दक्षिणा दें। इस मन्त्र की साधना से साधक हर क्षेत्र में उन्नति के मार्ग पर अग्रेसर हो जाता है, धन का अभाव दूर होता है, सौभाग्य सन्तान और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

मन्त्र- ''ॐ ह्रीं नमः शिवाय ह्रीं ॐ।''

सुभग कात्यायनी मन्त्र प्रयोग

कात्यायनी मन्त्र का प्रयोग गुरु की देख-रेख में ही करें। यह भगवती का विलक्षण रूप है, जो माता-स्त्री अथवा बहिन के रूप में साधक को दिखाई देता है। जिस रूप में साधक भावना लेकर सिद्धि करेगा, उसी रूप में दिखाई देगी।

विधान-एकान्त में या राजदरबार के किसी स्वच्छ भाग में कम्बलासन पर बैठकर निम्रांकित मन्त्र का आठ हजार जाप करें। तत्पश्चात् कनेर की लकड़ी से अग्नि जलाकर मालती पुष्पों -दही-शहद एवं घी से आठ सौ आहुतियां दे। तब पांच दिनों में ही भूतेश्वरी महाकात्यायनी अपने गणों सहित नुपूर शब्द करती हुई प्रत्यक्ष दर्शन देती हैं। प्रत्येक इच्छा पूर्ण करके धन धान्य समृद्धि एवं आगामी जन्म में भी राजकुल में जन्म होता है। मन्त्र-ॐ सुरतप्रिये दिव्यलोचने कामेश्वरि जगन्मोहने सुभगे कांचनमाला-विभूषण-नुपूर-शब्देनाविशाविश पूरय साधकप्रियं स्वाहा।''

जब कात्यायनी भगवती प्रत्यक्ष दर्शन दे तो फूलों से अर्ध देकर माता-पत्नी या बहिन के रूप में स्वीकृति प्रदान करे। बहिन के रूप में राज्य-वैभव-सम्पदा प्रदान करती है। स्त्रीरूप में दिव्यस्त्री सदृश भोग प्रदान करे एवं माता के रूप में स्वास्थ्य-बन्धु सुख एवं सर्व सुखयुक्त दीर्घायु प्रदान करती है।

कर्णपिशाचनी सिद्धि

मन्त्र-''ॐ ह्रीं कर्णपिशाचि मे कर्णे कथय हूं फट् स्वाहा॥''
विधान-जले हुए दीपक का तेल पैरों में मलकर रात्रि के समय एक लाख मन्त्र जाप करे। ऐसा करने से साधक भूत-भविष्यत एवं वर्तमान का ज्ञाता हो जाता है। यद्यपि इस विधान में पूजा एवं ध्यान का महत्त्व नहीं,पुनरपि यदि निम्नांकित ध्यान करके मन्त्रजाप करें तो सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

ध्यान- 'सुवर्णप्रभां रत्नभूषाभिरामां,
जपापुष्पवच्छायवासो युगाद्याम्।
चतुर्दिक्षु दासीगणैःसेवितांघ्रिं,
भजेत् सर्व सौख्यप्रदां यक्षिणीं ताम्॥'

कर्णपिशाचिनी एक अन्य प्रयोग-

''मन्त्र ॐ कर्ण पिशाचिनी पिंगल लोचने स्वाहा''

विधान- इस मन्त्र का एक लाख जाप करे,दशांश हवन करे। साधना के दिनों में एक समय भोजन करे एवं तिल खाएं तो सद्यः सिद्धि प्राप्त होती है। साधक को त्रिकाल का ज्ञान होने लगता है।

वशीकरण के दो तन्त्र प्रयोग

१) अपामार्ग (ओंगा या चिटचिढा) के बीज बकरी के दूध में पीसकर मस्तक पर तिलक करने से जिसके समक्ष जाए, वही वशीभूत हो जाए। ''अपामार्गस्य बीजानि छाग दुग्धेन पेषये अनेन तिलकं भाले सर्वलोक वशंकरम्।''

२) पान का पत्ता, तुलसी का पत्ता कपिला गाय के दूध में पीस कर मस्तक पर तिलक लगाने से सभी वशंवद हो जाते हैं-

''ताम्बूलं तुलसी पत्रं कपिला दुग्ध पेषितम्।
अनेन तिलकं भाले सर्वलोक वशंकरम्॥''

नोटः-वशीकरण के अनुचित स्थान पर प्रयोग का परिणाम प्रयोक्ता के लिए अन्ततः अच्छा नहीं होता।

वशीकरणार्थ मन्त्र-

''ॐ नमो नारयणाय सर्वलोकान् ममवश्यं कुरु कुरु स्वाहा।''

इलायची, लौंग एवं मिसरी सामने रखकर दस हजार मन्त्र जाप करें। जिसे अनुकूल बनाना हो, उसे पूजावाली इलायची, लौंग या मिसरी देने से व्यक्ति तुरन्त वशंवद हो जाता है।

पति को वश करने के लिए कामाक्षी देवी का मन्त्र

मन्त्र-''ॐ नमः कामाक्ष्यै देव्यै 'अमुकं' में वशं कुरु कुरु स्वाहा।''

इस मन्त्र को दीपावली या ग्रहण के समय सिद्ध करें फिर जिसे वश करना हो उसका नाम 'अमुकं' के स्थान बोलकर मन्त्र जाप करे। शीघ्र ही पति वशीभूत हो जाएगा। इस मन्त्र का प्रयोग अनुचित रूप से करने से भारी हानि होगी।

पुस्तकसमीक्षा-

शनि शत्रु नहीं, मित्र

लेखकः- पं. श्यामसुन्दर लाल वत्स

प्रकाशकः-श्री बजरंग नव ग्रहअनुसन्धान संशोधन केन्द्र
सैक्टरः-११, लघु सचिवालय मार्ग,
फरीदाबाद-१२१००६

मूल्य- २०० रु. (पृष्ठ संख्या २४८+१६)

शनि सर्वदा अनिष्ट करने वाला क्रूर ग्रह ही है- सामान्यजन की इस धारणा का श्री वत्स जी ने प्रतिवाद किया है। इनका कहना है कि सभी क्रूर या शुभ ग्रह जातक के पूर्वार्जित पुण्य-पापों के शुभाशुभ फलों को उसकी जन्मकालिक एवं गोचरस्थिति वश यथासमय घटित करने के लिए प्रकृति द्वारा बाधित हैं। लेकिन जातक इनकी पूजा, जप द्वारा इनके अनिष्ट फल से मुक्त हो, शुभ फल प्राप्त करने की क्षमता रखता है। इनका यह भी मत है कि लगभग सभी वैदिक एवं अन्य संस्कृत मन्त्र अभिशप्त हो जाने से अपना प्रभाव खो बैठे हैं। अतः ग्रहों के शाबर एवं बीज मन्त्रों का जप ही ग्रहजन्य संकटावस्था को दूर करने में सक्षम है। यदि जातक सभी ग्रहों के बीज मन्त्रों का एक-एक करोड़ जप शुद्धिपूर्वक पहले ही कर लेता है, तब उस पर ग्रहों की भावी अशुभ दशा-अन्तर्दशा, गोचर स्थिति का कुप्रभाव कदापि नहीं पड़ सकता- श्री वत्स जी की यह दृढ़ प्रतिज्ञा है।

प्रस्तुत पुस्तक में शनि के कुप्रभाव को दूर करने के लिए सभी प्रकार के वैदिक तथा अन्य पूजन, जप, अनुष्ठान, रत्नधारण आदि का विस्तृत विवेचन तो है ही, इसके अलावा इसमें शनि की आकाशीय स्थिति-चार, शास्त्रोक्त शनि का रूप-वाहन, शनि का जातक-संहितोक्त शुभाशुभ दशा, अन्तर्दशा और गोचर फल, पुराणों में उपलब्ध शनिसम्बन्धी सभी स्तोत्र, उपाख्यान तथा भारत के विभिन्न स्थलों पर उपलब्ध शनि की प्रतिमाएं, मन्दिर आदि का सप्रपंच, सचित्र रोचक विवरण भी है। इसके अतिरिक्त शमी वृक्ष का महत्त्व, मृत्यु का पूर्वाभास, मृत्युञ्जयमन्त्र का माहात्म्य, क्षय रोग का उपचार, कलशमहिमा, रोगोत्पादक कृमि नाशक विधि, मुहूर्त्त-वारों की उत्पत्ति, पितृ महिमा, उत्तम सन्तान प्राप्ति के उपाय आदि बीसों अन्य ऐसे विषयों का भी लेखक ने पुस्तक में समावेश किया है, जिनका प्रकृत प्रतिपाद्य विषय से यद्यपि कोई साक्षात् सम्बन्ध नहीं है, लेकिन वे पाठक के लिए उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक अवश्य हैं।

निःसंदेह शनि के विषय में यह पुस्तक निरवशेष ज्ञान, उसके भयावह कुफल के निवारक उपाय-प्रतिकारों का पूर्ण, सांगोपांग परिचय देने वाला, सुन्दर प्रशंसनीय प्रकाशन है। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले दैवज्ञों तथा अन्य जिज्ञासुओं के लिए यह प्रकाशन संग्रहणीय है। इस विषय पर ऐसा सर्वंकष विवेचन, जो शनि के बारे में प्रचरित अनेक भ्रान्तियों को निरस्त करता है, शायद ही और कहीं मिले।

—प्रियव्रत शर्मा
59/6 (अभिजित्),पंचकूला-134109

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

अमोघ मारुति कवच

(भूत-प्रेत जन्य कष्ट एवं रोगादि से मुक्ति पाने के लिए)

प्रेषक :- स्वामी श्री मनसुखदास शास्त्री

[इस कवच का प्रयोग मैं पिछले ३५ वर्षों से लगातार करता आ रहा हूँ । इससे जो सफलताएं मुझे मिली हैं , मुझे उनसे पूर्ण सन्तोष है। यह प्रयोग मुझे अपनी अपढ़ नानी स्व.श्रीमती भत्ती देवी से मेरी हनुमत् आराधना और अटूट श्रद्धा के फलस्वरूप प्राप्त हुआ था । इस कवच मन्त्र के कुछ शब्दों का भले ही कोई स्पष्ट अर्थ न निकलता हो , लेकिन श्रद्धापूर्वक किए गए इसके प्रयोग से निश्चित लाभ होता है- ऐसा मेरा अनुभव है — लेखक]

वानरराज हनुमान् जी के इस निम्नोक्त कवच का प्रयोग भूत-प्रेत-पिशाच-ब्रह्मराक्षस -शाकिनी डाकिनी - यक्षिणी- यक्ष- वेताल आदि शक्तियों पर तो सिद्धरूप से किया ही जा सकता है, अनेक जटिल और असाध्य रोगों पर भी यह कवच उतना ही कारगर है। यदि मंत्र का पाठ श्री मारुति का दासस्वरूप, जिसमें वीरासन से वे आशीर्वाद मुद्रा में बैठे हैं, उसके चिन्तन के साथ किया जाय तो सफलता २४ घण्टे में मिलती है। मंत्र प्रयोग उन्हीं व्यक्तियों के लिए सच्चा असरदार साबित होगा जो गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज के निम्नांकित वचनों के अनुसार हनुमान् जी के आश्रित हैं तथा सर्वस्व उन्हीं को मानते हैं ।

जैसे :- १.) जय जय जय हनुमान गोसाईं, कृपा करो गुरुदेव की नाईं,

२.)और देवता चित न धरई, हनुमत सेव सर्व सुख करई।

यद्यपि दोनों चौपाइयों का अर्थ साधारण है, परन्तु कवच-साधक (कवच-प्रयोगकर्ता) में इन चौपाइयों के अनुसार श्रीमारुति के प्रति अनन्य भक्ति और आत्मार्पण है या नहीं, यह बात प्रयोग करने से पूर्व वह स्वयं विचार करे । यदि आध्यात्मिक क्षेत्र के उसके गुरु हनुमानजी ही हैं और उसके चित्त में मात्र हनुमानजी के अतिरिक्त और कोई निष्ठा नहीं है तो सफलता शतप्रतिशत मिल जाएगी। कई बार तो सफलता ६ घण्टे में ही मिल जाती है, इसके लिऐ यह इस पर निर्भर करता है कि हनुमान् जी पर साधक की निष्ठा कितनी बलवती है।

कवच का पाठ कैसे करें ? - यदि हनुमान् जी की मूर्ति या चित्र प्राप्य हो तो उसके समक्ष अगरबत्ती जलाएं और ५ मिनट तक 'श्री राम जय राम जय जय राम ' का जप करें । यह १३ अक्षरों का मन्त्रराज है जिसे स्वयं हनुमान् जी भी जपते हैं। इस मन्त्र के जप के समय मारुति , स्वयं अदृश्यरूपमें वहां उपस्थित हो जाएंगे । उसके बाद इस कवच का जप करे , जिसका स्वरूप इस प्रकार है:-

कवच का स्वरूप

ॐ हनुमान हकाला शीश जटाला कागर बैठया किलकारा,
सीताने आणी सब जुग पाणी पान लंगोटी का चाल्या,
धुन्धागढ़ आए भांग चाढ़ भूपाड़े -अंजनीसुत जाये,
राम सराये देखो वीरग बेताला देखो,
लंकम जीताला-हनुमंत हनुमंत बड़ो बलवंत
ध्यारी हांकसू छल छिद्र-भूत प्रेत डाकिन,
स्यारी छत्तीस रोग कटे, महावीर जी के नाम से,
महावीर के डर से महावीर जी के तेज से नाशे ।

मारुति कवच से उपचार

पूजा के समय जलाई गई अगरबत्ती की राख दाहिने हाथ की तर्जनी (अंगूठे के पास वाली अंगुलि) और अंगुष्ठ से उठाकर चटाई पर सीधे लिटाए गए रोगी के ललाट पर थोड़ी सी फैंकिए और वहां से नीचे धीरे-धीरे उसकी दाईं भुजा और फिर बाईं भुजा तक इस भस्म को थोड़ा -थोड़ा बिखेरते हुए एक आवृत्ति पूरी कर दीजिए । दूसरी आवृत्ति में गले से जननेन्द्रिय तक पेट पर उसे बिखेरें । तीसरी आवृत्ति में दाहिने और बाएं पैरों पर उसे बिखेर दें। चौथी आवृत्ति में भस्म को अंगूठे और तर्जनी के बीच पकड़ने के बजाए हथेली पर रखकर नेत्र मूंद कर उस हथेली को कल्पना में (मानसिक क्रिया द्वारा) रोगी के सिर से लेकर पैरों तक सभी अंगो पर कुछ क्षणों तक चलाएं ।

इस प्रयोग के समय साधक (कवच का प्रयोग करने वाले व्यक्ति) को निम्नांकित दो निर्देशों की ओर ध्यान देना चाहिए -

१. रोगी के अंगों पर भस्म बिखेरने की इस प्रक्रिया को करते समय साधक यह भावना करे कि रोगी के अंगों पर भस्म बिखेर रहे उसके हाथ के साथ-साथ मारुति की लम्बी पूंछ भी रोगी के अंगों पर लहरा रही है।

२. भस्म के प्रयोग की इस प्रक्रिया के दौरान साधक अपने हाथ से रोगी के किसी भी अंग

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

को तनिक भी स्पर्श न करे।

उपरोक्त इस प्रक्रिया (प्रयोग) के बाद भस्म की चार चुटकी लेकर उसे कवच मन्त्र से अभिमन्त्रित करके रोगी को दे दे । छः छः घण्टे के अन्तर पर, 'हनुमानचालिसा' का एक एक पाठ करते या सुनते हुए रोगी इस भस्म को प्रसाद के रूप में तनिक -तनिक ग्रहण करे । अनुभव है कि ऐसा करने पर रोगी भूत-प्रेतादि बाधा से सर्वथा मुक्त हो जाएगा। यदि वह ज्वरादिग्रस्त है तो उसका ज्वरादि निवृत्त अथवा निवृत्ति के उन्मुख होगा । श्रीमारुति भगवान् सद्यः संकटनाशक हैं :- इस दृढ़ आस्था के साथ रोगी द्वारा 'हनुमान चालिसा' का पाठ करना या सुनना इस प्रयोग की सफलता के लिए परम आवश्यक है।

यदि रोगी अधिक अस्वस्थ होने के कारण साधक के पास न आ सकता हो तो साधक उसके घर जाकर यह कवच प्रयोग कर सकता है। ध्यान रहे-साधक को रोगी के घर का अन्न-जल ग्रहण नहीं करना चाहिए ।

कवच की उपरोक्त प्रयोग- प्रक्रिया तीन दिन से अधिक नहीं की जाती । एक दिन साक्षात् रोगी पर यह प्रयोग करने के बाद दूसरे-तीसरे दिन रोगी के चित्र पर भी यह प्रयोग किया जा सकता है। इस स्थिति में 'हनुमान चालिसा' का ६-६ घंटे के अन्तर पर पाठ करते या सुनते हुए रोगी को अभिमन्त्रित भस्म का प्रसाद तो ग्रहण करना ही होगा ।

यदि रोगी दूर देश-विदेश में हो तो उसके चित्र पर भी यह कवच- प्रयोग किया जा सकता है। इस स्थिति में रोगी के दूर देश-विदेश के उस स्थान का पूरा पता चित्र के पीछे लिखना जरूरी है जहाँ वह रहता है। ऐसे रोगी के निमित्त 'हनुमान् चालिसा ' का पाठ उसके माता-पिता, भाई-बन्धु स्वयं कर सकते हैं । अभिमन्त्रित भस्म डाक द्वारा रोगी को भेज देनी चाहिए।

नोट :- कवच के प्रयोग के सम्बन्ध में कोई स्पष्टीकरण अपेक्षित हो तो नीचे लिखे पते पर जबाबी पत्र दें :-

स्वामी श्री मनसुखदास शास्त्री
बजरंग उद्यान
P.O. उदयरामसर
(बीकानेर) (राजस्थान)

संकटनाशन गणपति स्तोत्र
(विघ्न-बाधाओं से मुक्ति के लिए)

किसी एक अज्ञात परोपकारी की ओर से डाक द्वारा भेजा गया यह ''संकट-नाशन-गणपति स्तोत्र '' पाठकों के उपकार के लिए यहां दिया जा रहा है। व्यापार, विद्यार्जन आदि में विघ्न-बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति को छः मास तक प्रतिदिन प्रातः , सायं, हो सके तो मध्याह्न के समय भी, इस स्तोत्र के कम से कम चार-चार पाठ श्रद्धापूर्वक करने चाहिएं। स्तोत्र के जपानुष्ठान के लिए निम्नांकित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है-

(१) पूजा के समय श्रीगणेश के साथ-साथ श्री गौरी ओर श्रीशंकर की प्रतिमा या चित्र को भी धूप,दीप, नैवेद्य अर्पित करना चाहिए।
(२) प्रतिदिन लड्डुओं का भोग लगाकर उन्हें बच्चों में बांट दें।
(३) चूहों को मारे नहीं, और ना ही उन्हें कोई कष्ट पहुचाएं।
(४) प्रत्येक मास की कृष्ण चतुर्थी के दिन श्रीगणेशचतुर्थी का व्रत विधान पूर्वक करें।
(५) इस स्तोत्र की आठ प्रतियां अपने हाथ से सुस्पष्ट लिखकर आठ विद्वान्, आस्तिक ब्राह्मणों को अर्पित करें।

स्तोत्र नीचे दिया जा रहा है -

सङ्कटनाशन-गणेशस्तोत्रम्

प्रणम्य शिरसा देवं गौरीपुत्रं विनायकम्।
भक्तावासं स्मरेन्नित्यमायुः कामार्थसिद्धये॥ १॥
प्रथमं वक्रतुण्डं च एकदन्तं द्वितीयकम्।
तृतीयं कृष्णपिङ्गाक्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम् ॥ २॥
लम्बोदरं पञ्चमं च षष्ठं विकटमेव च।
सप्तमं विघ्नराजं च धूम्रवर्णं तथाष्टमम्॥ ३॥
नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम्।
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम्॥ ४॥
द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः।
न च विघ्नभयं तस्य सर्वसिद्धिकरं प्रभो॥ ५॥
विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम्।
पुत्रार्थी लभते पुत्रान्मोक्षार्थी लभते गतिम्॥ ६॥
जपेद् गणपतिस्तोत्रं षड्भिर्मासैः फलं लभेत्।
संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशयः॥ ७॥
अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वा यः समर्पयेत्।
तस्य विद्या भवेत्सर्वा गणेशस्य प्रसादतः ॥ ८॥

जपानुष्ठान का प्रारम्भ श्रीगणेशचतुर्थीव्रत वाले दिन से करके छः मास बाद श्रीगणेशचतुर्थी व्रत वाले दिन ही इसे पूर्ण करें। तदनन्तर भी प्रतिदिन इस स्तोत्र का पाठ कार्यों को निर्विघ्न बनाएगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

एक विश्लेषण

संवत् २०५३ वि. में शुक्र के पूर्वास्त की तारीख के बारे में मतभेद

लेखक- प्रियव्रत शर्मा

६ १५	१३ ०८	२३	१३ ०८	२३	१३ ०८	२३	१३ ०९	२३	१३ ०९	२३	१३ ०९	२३	१३ ०९	२३	१३ १०	२३	१३ १०	२३	१३ १०	२३	१३ ११	२४	१३ ११	२४	१३ ११	२४	१३ १२	२४	१३ १२	२४
६ २०	१३ ३१	२३	१३ ३१	२३	१३ ३१	२३	१३ ३२	२३	१३ ३२	२३	१३ ३२	२३	१३ ३३	२३	१३ ३३	२३	१३ ३३	२३	१३ ३४	२४	१३ ३४	२४	१३ ३५	२४	१३ ३५	२४	१३ ३६	२४	१३ ३६	२४
६ २५	१३ ५३	२३	१३ ५४	२३	१३ ५४	२३	१३ ५५	२३	१३ ५५	२३	१३ ५६	२३	१३ ५६	२३	१३ ५७	२३	१३ ५७	२४	१३ ५७	२४	१३ ५८	२४	१३ ५९	२४	१३ ५९	२४	१४ ००	२४	१४ ००	२४
७ ००	१४ १६	२३	१४ १७	२३	१४ १७	२३	१४ १८	२३	१४ १८	२३	१४ १९	२३	१४ २०	२३	१४ २०	२४	१४ २१	२४	१४ २१	२४	१४ २२	२४	१४ २३	२४	१४ २३	२४	१४ २४	२४	१४ २४	२४
७ ०५	१४ ३९	२३	१४ ४०	२३	१४ ४१	२३	१४ ४१	२३	१४ ४२	२३	१४ ४३	२३	१४ ४३	२४	१४ ४४	२४	१४ ४५	२४	१४ ४५	२४	१४ ४६	२४	१४ ४७	२४	१४ ४७	२४	१४ ४८	२४	१४ ४९	२४
७ १०	१५ ०३	२३	१५ ०३	२३	१५ ०४	२३	१५ ०५	२३	१५ ०५	२४	१५ ०६	२४	१५ ०७	२४	१५ ०८	२४	१५ ०८	२४	१५ ०९	२४	१५ १०	२४	१५ ११	२४	१५ ११	२४	१५ १२	२४	१५ १३	२४
७ १५	१५ २६	२३	१५ २७	२३	१५ २७	२४	१५ २८	२४	१५ २९	२४	१५ ३०	२४	१५ ३१	२४	१५ ३२	२४	१५ ३२	२४	१५ ३३	२४	१५ ३४	२४	१५ ३५	२४	१५ ३६	२५	१५ ३६	२५	१५ ३७	२५
७ २०	१५ ४९	२३	१५ ५०	२३	१५ ५१	२४	१५ ५२	२४	१५ ५३	२४	१५ ५४	२४	१५ ५५	२४	१५ ५६	२४	१५ ५६	२४	१५ ५७	२४	१५ ५८	२४	१५ ५९	२४	१६ ०१	२४	१६ ०१	२४	१६ ०२	२४
७ २५	१६ १३	२३	१६ १४	२३	१६ १५	२४	१६ १६	२४	१६ १६	२४	१६ १७	२४	१६ १८	२४	१६ १९	२४	१६ २०	२४	१६ २१	२४	१६ २२	२४	१६ २३	२४	१६ २४	२४	१६ २५	२४	१६ २६	२४
८ ००	१६ ३६	२३	१६ ३७	२३	१६ ३८	२४	१६ ३९	२४	१६ ४०	२४	१६ ४१	२४	१६ ४२	२४	१६ ४३	२४	१६ ४४	२४	१६ ४५	२४	१६ ४६	२४	१६ ४७	२४	१६ ४९	२४	१६ ५०	२४	१६ ५१	२४
८ ०५	१७ ००	२३	१७ ०१	२३	१७ ०२	२३	१७ ०३	२३	१७ ०४	२४	१७ ०५	२४	१७ ०६	२४	१७ ०७	२४	१७ ०८	२४	१७ ०९	२४	१७ १०	२४	१७ ११	२४	१७ १३	२४	१७ १४	२४	१७ १५	२४
८ १०	१७ २३	२३	१७ २४	२३	१७ २५	२३	१७ २६	२३	१७ २७	२३	१७ २८	२३	१७ २९	२३	१७ ३१	२३	१७ ३२	२३	१७ ३३	२३	१७ ३४	२३	१७ ३५	२४	१७ ३७	२४	१७ ३८	२४	१७ ३९	२४
८ १५	१७ ४६	२३	१७ ४७	२३	१७ ४८	२३	१७ ४९	२३	१७ ५०	२३	१७ ५२	२३	१७ ५३	२३	१७ ५४	२३	१७ ५५	२३	१७ ५६	२३	१७ ५८	२३	१७ ५९	२३	१८ ००	२३	१८ ०१	२३	१८ ०३	२३
८ २०	१८ ०९	२२	१८ १०	२२	१८ ११	२२	१८ १२	२२	१८ १४	२२	१८ १५	२२	१८ १६	२३	१८ १७	२३	१८ १८	२३	१८ १९	२३	१८ २१	२३	१८ २२	२३	१८ २३	२३	१८ २४	२३	१८ २६	२३
८ २५	१८ ३१	२२	१८ ३२	२२	१८ ३४	२२	१८ ३५	२२	१८ ३६	२२	१८ ३७	२२	१८ ३८	२२	१८ ४०	२२	१८ ४१	२३	१८ ४२	२२	१८ ४३	२२	१८ ४५	२२	१८ ४६	२२	१८ ४७	२२	१८ ४९	२२
९ ००	१८ ५३	२२	१८ ५४	२२	१८ ५६	२२	१८ ५७	२२	१८ ५८	२२	१८ ५९	२२	१९ ००	२२	१९ ०२	२२	१९ ०३	२२	१९ ०४	२२	१९ ०५	२२	१९ ०७	२२	१९ ०८	२१	१९ ०९	२१	१९ ११	२१
९ ०५	१९ १५	२१	१९ १६	२१	१९ १७	२१	१९ १८	२१	१९ २०	२१	१९ २१	२१	१९ २२	२१	१९ २३	२१	१९ २४	२१	१९ २६	२१	१९ २७	२१	१९ २८	२१	१९ २९	२१	१९ ३१	२१	१९ ३२	२१
९ १०	१९ ३६	२०	१९ ३७	२०	१९ ३८	२०	१९ ३९	२०	१९ ४०	२०	१९ ४१	२०	१९ ४३	२०	१९ ४४	२०	१९ ४५	२०	१९ ४७	२०	१९ ४८	२०	१९ ४९	२०	१९ ५०	२०	१९ ५२	२०	१९ ५३	२०
९ १५	१९ ५६	२०	१९ ५७	२०	१९ ५८	२०	१९ ५९	२०	२० ०१	२०	२० ०२	२०	२० ०३	२०	२० ०४	२०	२० ०५	२०	२० ०७	१९	२० ०८	१९	२० ०९	१९	२० १०	१९	२० १२	१९	२० १३	१९
९ २०	२० १६	१९	२० १७	१९	२० १८	१९	२० १९	१९	२० २०	१९	२० २१	१९	२० २३	१९	२० २४	१९	२० २५	१९	२० २६	१९	२० २७	१९	२० २८	१९	२० ३०	१९	२० ३१	१९	२० ३२	१९
९ २५	२० ३५	१८	२० ३६	१८	२० ३७	१८	२० ३८	१८	२० ३९	१८	२० ४०	१८	२० ४१	१८	२० ४३	१८	२० ४४	१८	२० ४५	१८	२० ४६	१८	२० ४७	१८	२० ४८	१८	२० ४९	१८	२० ५१	१८
१० ००	२० ५४	१८	२० ५५	१८	२० ५६	१८	२० ५६	१८	२० ५८	१८	२० ५९	१८	२१ ००	१८	२१ १	१८	२१ ०२	१७	२१ ०३	१७	२१ ०४	१७	२१ ०५	१७	२१ ०६	१७	२१ ०७	१७	२१ ०८	१७
१० ५	२१ १२	१८	२१ १३	१७	२१ १३	१८	२१ १४	१७	२१ १५	१७	२१ १६	१७	२१ १७	१७	२१ १८	१७	२१ १९	१७	२१ २०	१७	२१ २१	१७	२१ २२	१७	२१ २३	१६	२१ २४	१६	२१ २५	१६
१० १०	२१ २९	१७	२१ ३०	१७	२१ ३१	१७	२१ ३१	१७	२१ ३२	१६	२१ ३३	१६	२१ ३४	१६	२१ ३५	१७	२१ ३६	१६	२१ ३७	१६	२१ ३८	१६	२१ ३९	१६	२१ ४०	१६	२१ ४१	१६	२१ ४२	१६
१० १५	२१ ४६	१६	२१ ४६	१६	२१ ४७	१६	२१ ४८	१६	२१ ४९	१६	२१ ४९	१६	२१ ५०	१६	२१ ५१	१६	२१ ५२	१६	२१ ५३	१५	२१ ५४	१६	२१ ५५	१५	२१ ५५	१५	२१ ५६	१५	२१ ५७	१५
१० २०	२२ ०२	१६	२२ ०३	१६	२२ ०३	१६	२२ ४	१६	२२ ०५	१५	२२ ०५	१५	२२ ०६	१५	२२ ०७	१६	२२ ०८	१५	२२ ०८	१५	२२ ०९	१५	२२ १०	१५	२२ ११	१५	२२ ११	१५	२२ १२	१४
१० २५	२२ १८	१५	२२ १९	१५	२२ १९	१५	२२ २०	१५	२२ २०	१५	२२ २१	१५	२२ २१	१५	२२ २२	१५	२२ २३	१५	२२ २३	१५	२२ २४	१४	२२ २५	१४	२२ २५	१४	२२ २६	१४	२२ २७	१४
११ ००	२२ ३३	१५	२२ ३४	१५	२२ ३४	१५	२२ ३५	१५	२२ ३५	१५	२२ ३६	१५	२२ ३६	१५	२२ ३७	१५	२२ ३७	१४	२२ ३८	१४	२२ ३९	१४	२२ ३९	१४	२२ ४०	१४	२२ ४०	१४	२२ ४१	१४
११ ५	२२ ४८	१५	२२ ४९	१५	२२ ४९	१५	२२ ४९	१५	२२ ५०	१४	२२ ५०	१४	२२ ५१	१४	२२ ५२	१४	२२ ५२	१४	२२ ५२	१४	२२ ५३	१४	२२ ५३	१४	२२ ५४	१४	२२ ५४	१४	२२ ५५	१३
११ १०	२३ ०३	१५	२३ ३	१५	२३ ०४	१४	२३ ०४	१४	२३ ०४	१४	२३ ०५	१४	२३ ०५	१४	२३ ०६	१४	२३ ०६	१४	२३ ०६	१४	२३ ०७	१४	२३ ०७	१४	२३ ०७	१३	२३ ०८	१३	२३ ०८	१३
११ १५	२३ १७	१४	२३ १८	१४	२३ १८	१४	२३ १८	१४	२३ १८	१४	२३ १९	१४	२३ १९	१४	२३ १९	१४	२३ २०	१४	२३ २०	१४	२३ २०	१३	२३ २१	१३	२३ २१	१३	२३ २१	१३	२३ २१	१३
११ २०	२३ ३२	१४	२३ ३२	१४	२३ ३२	१४	२३ ३२	१४	२३ ३२	१४	२३ ३३	१४	२३ ३३	१४	२३ ३३	१४	२३ ३३	१४	२३ ३३	१४	२३ ३४	१३	२३ ३४	१३	२३ ३४	१३	२३ ३४	१३	२३ ३४	१३
११ २५	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४६	१४	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३	२३ ४७	१३
१२ ०	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१४	० ००	१३	० ००	१३	० ००	१३	० ००	१३	० ००	१३	० ००	१३	० ००	१३

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

दशा प्रारम्भ का सूक्ष्म काल

लेखकः-प्रियव्रत शर्मा

[दशा की प्रारम्भकालिक लग्न कुण्डली में दशेश आदि की शुभाशुभ स्थिति के आधार पर दशा का शुभाशुभ फल प्रभावित होता है,— ऐसा वराहमिहिर आदि का मत है । दशा की प्रारम्भ-कालिक कुण्डली बनाने के लिए दशा के प्रारम्भ होने (दशा प्रवेश) का काल सूक्ष्म (सर्वथा शुद्ध) होना चाहिए। जन्मपत्रियों में दशाओं के जो प्रारम्भ काल दैवज्ञों द्वारा परम्परया लिखे जाते हैं, उनमें घण्टा-मिनटों या घड़ी-पलों तक की सूक्ष्मता की बात तो छोड़िये, दिन तक की भी सूक्ष्मता नहीं होती। यद्यपि मेरा मत है (जो कि सिद्धान्तानुसार संगत भी है), कि दशा प्रवेशकाल में क्रियात्मक रूप से इतनी सूक्ष्मता लाना लगभग असम्भव है * । पुनरपि यहां गणित द्वारा इसका सूक्ष्मकाल जानने की यथार्थ पद्धति, जिसे मौलिक रूप से मैंने ज्ञात किया है, दे रहा हूँ। इससे उन पाठकों को भी सान्त्वना मिलेगी जो दशा-प्रवेश काल को परम सूक्ष्मता से जानने के लिए मुझे पत्र लिखते रहे हैं]

जन्मकालिक नक्षत्र के भुक्तकाल (भयात) को जन्मकालिक दशेश के पूर्ण दशावर्षों से गुणाकर भभोग से भाग देकर पांच लब्धियां (क्रमशः वर्ष,मास,दिन,घड़ी,पल) प्राप्त करें। यह जन्म कालिक दशेश की दशा का भुक्तकाल होगा। इसे जन्मकालीन दशेश के पूर्णदशावर्षों में से घटाने पर शेष वर्ष,मास,दिन,घड़ी,पल उस (जन्मकालीन) दशेश की दशा के जन्मकालीन **भोग्यवर्ष** आदि होंगे ❋ । इन्हें जन्मकालिक **विक्रमसंवत्**⊕ और जन्मकालिक स्पष्टसूर्य के राशि,अंश,कला, विकलाओं में क्रमशः जोड़ दें। (**अर्थात्**- वि.संवत् में भोग्यवर्ष और जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कला, विकलाओं में क्रमशः भोग्यमास-दिन-घड़ी-पल जोड़ दें)। यहां जोड़ करते समय **जन्मकालिक** स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश,कला,विकलाओं को क्रमशः मास, दिन, घड़ी, पल मानना होगा- यह ध्यान रहे। इस प्रकार जो योगफल प्राप्त होगा वह जन्मकालिक दशेश की दशा का समाप्तिकालिक क्रमशः वि.संवत् और स्पष्ट सूर्य की राशि, अंश, कला,विकलाएं होंगी ⊕ इस (जन्मकालिक दशेश के दशा समाप्तिकालिक) विक्रम संवत् में परवर्ती दशेशों के पूर्ण दशा वर्षों को उत्तरोत्तर यथाक्रम जोड़ देने पर शेष सभी दशेशों की दशाओं के समाप्तिकालीन वि.संवत् प्राप्त हो जाएंगे। **ध्यान रहे**- इन सभी दशाओं के समाप्ति के समय स्पष्टसूर्य के राश्यादि ठीक वही होंगे, जो जन्मकालीन दशेश की दशा की समाप्ति के समय हैं। नीचे लिया गया **उदाहरण** देखिये-

९ मार्च १९९७ ई. (वि.सं २०५३) को प्रातः ५ घण्टा, ३० मिनट (भा. स्टै. टा.) पर किसी जातक का जन्म हुआ, जबकि स्पष्ट सूर्य १० रा. २४ अं. ३८ कला २५ वि. था। इसके जन्म के समय पू. भा. नक्षत्र और भभोग २१ घं. १० मि. (=१२७० मि.) तथा भयात ६ घण्टा,११ मिनट (= ३७१ मि.) था। इसका जन्मकालिक दशेश गुरु है। गुरु के दशावर्षों (१६) को भयात (३७१ मि.) से गुणा करके भभोग (१२७० मि.) से भाग देकर पांच लब्धियां क्रमशः ४ वर्ष, ८ मास, २ दिन, ३८ घड़ी, ४४ पल मिले। यह जातक के जन्म के समय गुरु की भुक्त दशा है। इसे गुरु के दशा वर्षों (१६) में से घटाने पर ११ वर्ष, ३ मास, २७ दिन, २१ घड़ी, १६ पल मिले। यह जन्म के समय गुरु की भोग्य (शेष) दशा है। दशा के इन भोग्य वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पलों को जन्मकालिक वि.संवत् २०५३ और स्पष्ट सूर्य के राश्यादि १०/२४/३८/२५ (यानि १० मास, २४ दिन, ३८ घड़ी, २५ पल) में क्रमशः जोड़ देने पर योगफल २०६५/२/२१/५९/४१ मिला । जैसे-

वर्ष	मास	दिन	घड़ी	पल
२०५३	१०	२४	३८	२५
+ ११	३	२७	२१	१६
२०६५	२	२१	५९	४१

** अपने इस मत का प्रतिपादन मैंने इस लेख के अन्त में किया है , उसे पढ़िए ।*

❋ यहां पाठक को यह बतला देना आवश्यक है कि सूर्य आदि के दशावर्ष (६,१० आदि) सौर वर्ष हैं। सूर्य का भगण काल (१२ राशियों का भोगकाल) सौर वर्ष कहलाता है। उदाहरणार्थ-'' चन्द्रमा के दशावर्ष १० हैं-'' इसका अभिप्राय है कि चन्द्रमा के दशाकाल में सूर्य १० भगण पूरे करता है (१२ राशियों को १० बार भोगता है)। यहां यह भी समझ लेना चाहिए कि सूर्य द्वारा १ राशि का भोगकाल एक सौरमास, १ अंश का भोगकाल १ सौरदिन, १ कला का भोगकाल १ सौर घड़ी और १ विकला का भोगकाल १ सौरपल होता है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि भुक्त-भोग्य दशा के जो वर्ष,मास,दिन,घड़ी,पल,भयात,भभोग द्वारा उपरोक्त गणित से प्राप्त होते हैं, वे क्रमशः सूर्य के भुक्त-भोग्य वर्ष (भगण) राशि,अंश,कला,विकलाएं ही होती हैं। जैसे-यहाँ आगे दिए गए उदाहरण में जातक के जन्म के समय गुरु की दशा का भुक्त काल ४ वर्ष,८ मास, २ दिन, ३८ घड़ी,४४ पल है। इसका अभिप्राय है कि जातक के जन्म के समय गुरु की दशा की उतनी अवधि बीत चुकी है, जितनी अवधि में सूर्य ४ भगण, ८ राशि, २ अंश, ३८ कला और ४४ विकला पार कर जाता है। इसी तरह यहां जन्म के समय गुरु की भोग्यदशा ११ वर्ष, ३ मास, २७ दिन, २१ घड़ी, १६ पल है। इसका अभिप्राय है कि जन्म के समय गुरु की दशा की उतनी अवधि शेष है, जितनी अवधि में सूर्य ११ भगण, ३ राशि, २७ अंश, २१ कला और १६ विकलाएं भोगता है। ध्यान रहे- दशा के भुक्त, भोग्य साधन की प्रक्रिया से प्राप्त सूर्य के भुक्त-भोग्य भगण, राशि, अंश, कला विकलाओं को दैवज्ञ लोग क्रमशः वर्ष, मास, दिन, घड़ी, पल ही कहा करते हैं, जो ठीक ही है। क्योंकि दशा के भुक्त-भोग्य का यह काल सौरवर्ष, मास आदि ही तो हैं। हमने भी इस लेख में इसे गणित-प्रक्रिया के लिए अनेकत्र वर्ष, मास आदि ही लिखा है।

⊕ यहां सर्वत्र विक्रम संवत् का प्रारम्भ मेष संक्रान्ति काल से ही माना जायेगा, चैत्र शु[illegible] प्रतिपदा से नहीं, यह ध्यान रहे ।

⊕ ध्यान दें - यहां दशा के भोग्यकाल (वर्ष आदि) में जन्मकालिक वि. संवत् और स्पष्टसूर्य को जोड़ते समय हमने स्पष्टसूर्य की राशि, अंश, कला, विकलाओं को यद्यपि क्रमशः मास, दिन, घड़ी,पल माना है लेकिन यहां इनके योगफल को हमें स्पष्टसूर्य के राशि, अंश, कला, विकला ही मानना होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इसका अभिप्राय यह हुआ, कि वि.सं. २०६५ में जब स्पष्टसूर्य के राश्यादि २/२१/५९/४१ होंगे, ठीक उसी समय गुरु की दशा समाप्त हो जाएगी। अब गुरु से अग्रिम दशेशों (शनि, बुध, केतु, शुक्र आदि) के दशावर्षों (१९,१७,७,२० आदि) को गुरुदशा की समाप्ति के वर्ष (वि. सं. २०६५) में क्रमशः उत्तरोत्तर जोड़ देने पर शनि आदि की दशाओं के समाप्तिवर्ष (वि. संवत्) क्रमशः २०८४, २१०१, २१०८, २१२८ आदि ज्ञात हो गए। यहाँ प्रत्येक ग्रह की दशा की समाप्ति के समय स्पष्ट सूर्य के राश्यादि २/२१/५९/४१ ही होंगे,-यह तो पूर्वोक्त निर्देशानुसार स्पष्ट ही है। इसे हम चक्र द्वारा इस भान्ति दर्शा सकते हैं:-

-दशा समाप्तिकालिक वर्ष और स्पष्टसूर्य-

[(जन्म तारीख ९-३-९७, समय प्रातः ५ घं., ३० मि. (भा. स्टैं. टा.)]

दशेश		गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र	सूर्य	चन्द्र	मंगल
दशा समाप्ति वर्ष (वि.सवत्)		२०६५	२०८४	२१०१	२१०८	२१२८	२१३४	२१४४	२१५१
दशा समाप्ति के समय स्पष्टसूर्य	रा.	२	२	२	२	२	२	२	२
	अं.	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१	२१
	क.	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९	५९
	वि.	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४१	४१

इस प्रकार प्रत्येक दशा की समाप्ति का वर्ष तो स्पष्टतया ज्ञात हो ही जाता है, लेकिन इनकी समाप्ति का दिन (तारीख) व काल (घं. मि.) तभी मालूम हो सकेगा जब हम यह ज्ञात कर लें, कि दशा समाप्तिकालीन स्पष्टसूर्य (जो सभी दशाओं की समाप्ति के समय समान है), इन भिन्न-भिन्न दशावर्षों में कब-कब (किन-किन तारीखों को किस-किस समय) होगा। इसे ज्ञात करने की विधि इस प्रकार है-

जातक के जन्म के ईस्वी सन् * से पूर्ववर्ती ई. सन् के पंचांग में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रहों में देखिए, कि हमारा दशासमाप्ति कालीन स्पष्टसूर्य वहाँ किन दो पंक्तियों ⁕ के मध्य पड़ता है। इन दोनों पंक्तियों वाले स्पष्टसूर्य के राश्यादि का अन्तर कीजिए (अर्थात् सूर्य कीगति निकालिए)।

*क्योंकि इस्वी सन्, जनवरी आदि मास व स्टै. टा. का ही प्रयोग सर्वसाधारण द्वारा किया जाता है, और इससे गणित प्रक्रिया कुछ सहज भी हो जाती है, अतः अब हम वि.संवत् तथा चैत्र आदि मास व घड़ी-पलों की जगह ई.सन्, जनवरी आदि मास तथा स्टैः टा. में ही दशाओं का समाप्ति काल निकालेंगे।

⁕ स्पष्ट ग्रह पंचांग में जिस दिन (तारीख) का दिया होता है, उस दिन (तारीख) को ग्रह की पंक्ति कहते हैं। पंक्ति के ग्रह पंचांग में जिस समय के दिए रहते हैं, उस समय को 'पंक्तिकाल' कहते हैं। जैसे-'मार्तण्ड पंचांग' में दैनिक स्पष्टग्रह प्रातः ५ घण्टा ३० मि. के दिए रहते हैं, अतः यहाँ 'पंक्तिकाल' प्रातः ५ घं. ३० मि. है।

प्रथम पंक्ति के स्पष्ट सूर्य का दशा समाप्तिकालीन स्पष्टसूर्य से अन्तर कीजिए। इस अन्तर को २४ से गुणा करके सूर्यगति से भाग देकर दो लब्धियां (घं. मि.) प्राप्त कीजिए। इन्हें प्रथम पंक्ति के वार * तथा काल (घं. मि.) में जोड़िये। इससे जो वार घं. मि. प्राप्त होंगे, उनमें १ वार, ६ घं. ९ मि. जोड़ दें। इससे प्राप्त योगफल (वा. घं. मि.) में 'प्रथम दशा की वर्ष संख्या' ❁ द्वारा **दशा समाप्ति काल कोष्ठक** से प्राप्त वार, घं. मि. जोड़ देने पर जन्मकालीन दशेश की दशा-समाप्ति का वार और काल (घं. मि.) प्राप्त हो जाएंगे। इसमें जन्म कालीन दशेश से अग्रिम (क्रमानुसार परवर्त्ती) दशेश की दशा की वर्षसंख्या द्वारा "दशा समाप्ति काल कोष्ठक" से ही प्राप्त वार, घं. मि.जोड़ देने पर उस परवर्त्ती दशेश की दशा-समाप्ति का वार और काल मालूम हो जाएगा। इसी प्रकार क्रमानुसार उससे परवर्त्ती शेष दशेशों की दशाओं की वर्ष संख्याओं द्वारा इसी कोष्ठक से प्राप्त वार, घं. मि. को उत्तरोत्तर जोड़ते हुए उनकी दशाओं के समाप्ति कालीन वार, घं. मि. (काल) भी मालूम कर लेने चाहिएं।

दशा समाप्ति काल कोष्ठक

वर्ष संख्या	वार	घं.	मि.	वर्ष संख्या	वार	घं.	मि.	वर्ष संख्या	वार	घं.	मि.
०	०	००	००	८	३	०१	१३	१६	६	०२	२७
१	१	६	९	९	४	०७	२२	१७	०	०८	३६
२	२	१२	१८	१०	५	१३	३२	१८	१	१४	४५
३	३	१८	२७	११	६	१९	४१	१९	२	२०	५४
४	५	००	३७	१२	१	०१	५०	२०	४	०३	०३
५	६	०६	४६	१३	२	०७	५९				
६	०	१२	५५	१४	३	१४	०८				
७	१	१९	०४	१५	४	२०	१७				

नीचे उदाहरण देखिए-

हमारे उदाहरण में जन्म के ई.सन् १९९७ से पूर्ववर्ती ई. सन् १९९६ है। इस वर्ष के (ई. सन् १९९६ वाले) पंचांग में हमारा दशासमाप्तिकालीन स्पष्टसूर्य २/२१/५९/४१ (राश्यादि) ७ और ८ जुलाई वाली पंक्तियों के बीच पड़ता है। ⁕ । इन दोनों पंक्तियों वाले स्पष्टसूर्य के राश्यादि का अन्तर (सूर्यगति) ५७/१२ (कलादि) है। प्रथम पंक्ति वाले स्पष्टसूर्य २/२१/२०/५५ और

* यहां वार सर्वत्र पाश्चात्य पद्धति वाला (रात्रि के १२ बजे बदलने वाला) ही लिया जाएगा।

❁ जन्मकालीन दशेश की दशा के समाप्तिकालीन ई. सन् और जन्मकालीन ई.सन् के अन्तर को यहां "प्रथम दशा की वर्ष संख्या" लिखा गया है।

⁕ क्योंकि ७ जुलाई को स्पष्ट सूर्य २।२१।२०।।५५और ८ जुलाई को २।२२।१८।७ है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

दशासमाप्ति कालीन स्पष्ट सूर्य २/२१/५९/४१ के अन्तर ३८/४६ (कलादि) को २४ से गुणा कर सूर्यगति (५७/१२) से भाग देकर दो लब्धियां १६ घं. १६ मि. मिलीं। इन्हें प्रथम पंक्ति के वार रविवार (१) और काल ५घं. ३० मि. में जोड़ने पर १ वार २१ घं. ४६ मि. हुए। इसमें १ वार ६ घं. ९ मि. जोड़े तो ३ वार ३ घं. ५५ मि. हुए। इसमें प्रथम दशा (गुरु दशा) की वर्ष संख्या ११ द्वारा ''दशा समाप्ति काल कोष्ठक '' से प्राप्त ६ वार १९ घं. ४१ मि. जोड़ देने पर २ वार २३ घं. ३६ मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि गुरु की दशा २ वार (चन्द्रवार) को रात्रि में ११घं. ३६ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर समाप्त होगी। इस में शनिदशा की वर्षसंख्या १९ द्वारा ''दशा समाप्तिकाल कोष्ठक'' से प्राप्त २ वार २० घं. ५४ मि. जोड़ने पर ५ वार २० घं. ३० मिनट हुए। यह शनि दशा की समाप्ति का वार और काल (भा. स्टैं. टा.) है। इसी प्रकार इसमें (शनि दशा की समाप्ति के वार और काल में) बुध दशा की वर्ष संख्या १७ द्वारा इसी कोष्ठक से प्राप्त वा. घं. मि. जोड़ने पर बुध दशा की समाप्ति का वार और काल मालूम हो जाएगा। इसी प्रकार शेष ग्रहों की दशाओं की समाप्ति के वार-काल मालूम हो जाएंगे । नीचे दिए गए चक्र में इस उदाहरण के सभी ग्रहों की दशा समाप्ति के वार और काल दर्शाए गए हैं-

दशा समाप्तिकाल चक्रः-

[जन्म तारीख ९-३-९७, समय प्रातः ५ घं. ३० मि.(भा. स्टै. टा.)]

दशेश -	गुरु	शनि	बुध	केतु	शुक्र	सूर्य	चन्द्र	मंगल
दशासमाप्ति वर्ष(ई. सन्)	२००८	२०२७	२०४४	२०५१	२०७१	२०७७	२०८७	२०९४
दशा समाप्ति वार	चं.	गु.	शु.	र.	गु.	गु.	बु.	शु.
दशा समाप्तिकाल(घं. मि.) (भा. स्टैं .टा.)	२३।३६	२०।३०	५।६	००।१०	३।१३	१६।८	५।४०	००।४४
दशासमाप्ति तारीख	७ जुला.	८ जुला.	८जुला.	९ जुला.	९ जुला.	८जुला.	९ जुला.	९जुला.

इस प्रकार दशाओं की समाप्ति के वर्ष (ई. सन्) और वार ज्ञात हो जाते हैं । इनकी **तारीखों का निर्णय** इस प्रकार करना चाहिए -

जन्म कालिक ई. सन् से पूर्ववर्ती ई. सन् में जिस तारीख को दशा समाप्तिकालिक स्पष्टसूर्य उपलब्ध होता है, प्रत्येक दशा की समाप्ति के समय लगभग वही तारीख होती है । इस तारीख में अधिक से अधिक दो दिन का अंतर हो सकता है । यथार्थ तारीख का निर्णय दशासमाप्तिकालिक वार द्वारा कर लेना चाहिए (अर्थात् दशा समाप्तिकालिक वार इस तारीख की समीपस्थ जिस तारीख को हो उसे ही दशासमाप्तिकालिक यथार्थ तारीख समझना चाहिए)। हमारे उदाहरण में दशा समाप्तिकालिक स्पष्टसूर्य (२/२१/५९/४१) ई.सन् १९९६ (जन्मवर्ष से पूर्ववर्ती वर्ष) में ७ जुलाई को उपलब्ध होता है । अतः यहाँ प्रत्येक दशा की समाप्ति के समय लगभग ७ जुलाई होगी- यह स्पष्ट है। सभी दशाओं के समाप्तिकालिक वारों के अनुसार दशासमाप्ति काल की यथार्थ तारीखों का निर्णय करके उन्हें ऊपर दिए गए ''दशा समाप्ति कालचक्र'' की अन्तिम पंक्ति में लिख दिया गया है ।

दशा समाप्तिकाल में घं. मि. तक की सूक्ष्मता ला सकना क्या सम्भव है ?

दशा समाप्ति के सूक्ष्मकाल का निर्णय करने की गणितप्रक्रिया ऊपर दे दी गई है । लेकिन इस प्रक्रिया द्वारा तभी अपेक्षित सूक्ष्म परिणाम प्राप्त किया जा सकता है जबकि जन्मकालिक स्पष्ट चन्द्रमा के भोगांश या उसके भयात, भभोग में अपेक्षित सूक्ष्मता हो ।

दशा समाप्ति के काल में मिनट तक की सूक्ष्मता लाना संभव नहीं है,भले ही चन्द्रमा का भोगांश प्रतिविकला तक शुद्ध क्यों न हो। चन्द्र के भोगांश में एक प्रतिविकला की अशुद्धि होने पर सूर्य के दशासमाप्ति काल में १ मिनट और शुक्र के दशा समाप्तिकाल में ४ मिनट की अशुद्धि आती है ।

इष्टकाल में एक सेकण्ड की अशुद्धि से चन्द्रमा के भोगांश में ३३ प्रतिविकला की अशुद्धि उत्पन्न होती है, जिससे सूर्य और शुक्र के दशा समाप्तिकालों में क्रमशः ३० मिनट और २ घण्टे की की अशुद्धि हो जाती है । इसी प्रकार इष्टकाल में २० सेकण्ड की अशुद्धि (जिससे चन्द्र के भोगांश में ११ विकला की अशुद्धि पैदा होती है) सूर्य एवं शुक्र के दशा-समाप्तिकालों में क्रमशः १२ और ४० घण्टे की अशुद्धि पैदा करती है ।

इष्टकाल में सैकण्ड तक की सूक्ष्मता भी तभी संभव है जबकि जातक का जन्मकाल एवं जन्मस्थानीय सूर्योदयकाल सेकण्ड तक शुद्ध हों। क्योंकि जन्मकाल और सूर्योदयकाल घण्टा, मिनटों में ही ज्ञात किए जाते हैं, सेकण्डों की वहाँ उपेक्षा कर दी जाती है, अतः प्रत्येक जातक के जन्मकाल में एक मिनट तक की अशुद्धि हो सकती है । स्थानीय सूर्योदय काल में सेकण्ड तक की सूक्ष्मता ला पाना भारी समस्या है ।

जन्मकाल, इष्टकाल और सूर्योदयकाल में कितनी अशुद्धि होने पर चन्द्रभोगांश एवं दशासमाप्ति काल में कितना अन्तर आता है - यह नीचे दिए गए कोष्ठक में दिखाया गया है -

जन्मकाल, इष्टकाल या सूर्योदय काल में अशुद्धि	चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अन्तर	शुक्रदशा में अन्तर
सेकण्ड	वि. प्रतिवि.	घण्टा	दिन-घण्टा
१	०।३३	$\frac{1}{2}$	०।२
५	२।४५	३	०।१०
१०	५।३०	६	०/२०
२०	११।००	१२	१।१६
३०	१६।३०	१८	२।१२

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

इस कोष्ठक से स्पष्ट है, कि जन्मकाल, इष्टकाल या सूर्योदय काल में कुछ सेकण्डों की अशुद्धि से भी ग्रहों के दशा समाप्तिकाल में इतना अधिक अन्तर आ जाता है जिससे तात्कालिक लग्न का शुद्ध निर्णय नहीं हो सकता; और इसीलिए दशा-प्रवेश-कालिक लग्नकुण्डली द्वारा दशा के शुभाशुभ फल का निर्णय करने वाले सिद्धांत को क्रियान्वित कर पाना संभव नहीं है ।

हमारे प्राचीन ज्योतिष ग्रन्थों (ब्रह्मसिद्धान्त, सूर्यसिद्धांत, ग्रहलाघव आदि) द्वारा अलग-अलग स्पष्ट किए गए एक ही समय के चन्द्रभोगाशों में परस्पर कई कलाओं तक का अन्तर रहता है । अतः इन विभिन्न ग्रन्थों के अनुसार स्पष्ट किए गए जन्मकालीन चन्द्रभोगांशों में इस अन्तर के कारण जातक के दशा समाप्तिकालों में दिनों, अनेक स्थितियों में तो, मासों का भी अन्तर रहता है- यह बहुत कम दैवज्ञ जानते हैं ।

नवीन (चित्रापक्षीय दृक्सिद्ध) पद्धति(जिसके आधार पर भारत के लगभग शत प्रतिशत पंचांग आजकल तैयार होते हैं) और सूर्यसिद्धांत आदि प्राचीन पद्धतियों (जिनके अनुसार आज से ५०-६० वर्ष पहिले तक सभी भारतीय पंचांग तैयार होते रहे हैं), द्वारा स्पष्ट किए गए चन्द्रभोगाशों में २ अंश से भी अधिक तक का अन्तर पाया जाता है। जिससे इन दोनों (नवीन और प्राचीन) पद्धतियों के अनुसार दशा-समाप्तिकाल अक्सर समान नहीं आते। इनमें ३ वर्ष तक का अन्तर कई बार देखा जाता है। इस अन्तर का प्रभाव दशा समाप्तिकाल पर तो पड़ता ही है, अन्तर्दशा और प्रत्यन्तर्दशाओं के समाप्ति कालों पर तो यह प्रभाव अत्यन्त असह्य होता है, जिससे इन दोनों पद्धतियों के अनुसार अन्तर्दशा और प्रत्यन्तर्दशाओं के स्वामी बिल्कुल बदल जाते हैं और दशा-सम्बन्धी फलादेश बिल्कुल उलट-पुलट हो जाता है।

B.V. Raman (बंगलोर) ने जो अयनांश स्वीकार किए हैं, उनके अनुसार स्पष्ट किये गए चन्द्रभोगांश चित्रापक्षीय चन्द्रभोगांशों से तो हमेशा १ अंश २७ कला अधिक रहते हैं,जिससे B.V. Raman पद्धति और चित्रापक्षीय पद्धति से स्पष्ट किए गए दशासमाप्तिकालों में ८ से २७ महीनों तक का अन्तर हमेशा रहता ही है, जिसके परिणामस्वरूप अन्तर्दशाओं के स्वामी ग्रह इन दोनों पद्धतियों से अक्सर भिन्न-भिन्न होते हैं। प्रत्यन्तर्दशाओं के स्वामी तो इन दोनों पद्धतियों से कभी मेल खाते ही नहीं हैं। स्पष्ट है- इन दोनों पद्धतियों से स्पष्ट की गई दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के फलादेश में अनकेत्र भारी विरोध रहता है।

भयात, भभोग या चन्द्र की दैनिक गति द्वारा त्रैराशिक से स्पष्ट किए गए इष्टकालिक चित्रापक्षीय दृक्तुल्य चन्द्रभोगांश में भी ४ कला तक की स्थूलता (अशुद्धि) रहती है, जिससे दशा-समाप्ति काल में ११ से ३६ दिन तक का अन्तर हो जाता है। इस अन्तर के कारण अधिकतर प्रत्यन्तर्दशाओं के काल तो अशुद्ध हो ही जाते हैं।

स्पष्ट चन्द्रमा में कितनी अशुद्धि से दशासमाप्ति काल में कम से कम (दशेश सूर्य की स्थिति में) और अधिक से अधिक (दशेश शुक्र की स्थिति में) उत्पन्न होने वाली अशुद्धि कितनी होगी, इसका विवरण नीचे कोष्ठक में दिया गया है:-

चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अशुद्धि	शुक्रदशा में अशुद्धि	चन्द्रभोगांश में अशुद्धि	सूर्यदशा में अशुद्धि	शुक्रदशा में अशुद्धि
अं. क	दिन	दिन	अं. क.	दिन	दिन
०/१	३	९	० /२०	५४	१८०
० /२	५	१८	० /३०	८१	२७०
० /३	८	२७	१ /००	१६२	५४०
० /४	११	३६	२ /००	३२४	१०८०
० /१०	२७	९०	३ /००	४८६	१६२०

इस विवेचन का सारांश यह है कि किसी ग्रह के दशासमाप्तिकाल को मिनट या घण्टा तक की सूक्ष्मता से ज्ञात करने का गणितीय प्रयास अर्थहीन है, क्योंकि अनेकत्र तो दिन तक की सूक्ष्मता प्राप्त कर पाना भी सम्भव नहीं है। इतनी सूक्ष्मता प्राप्त करने के लिए जन्मकाल, सूर्योदय काल और चन्द्रभोगांश में जो सूक्ष्मता अपेक्षित हैं, उसे प्राप्त कर सकना गणक के सामर्थ्य से बाहिर है। व्यवहार में लाई जाने वाली काल की सूक्ष्मता की भी एक सीमा है, जिसका अतिक्रमण सम्भव नहीं है। अतः स्पष्ट है दशा-प्रवेश-कालिक लग्नकुण्डली द्वारा दशाफल के निर्धारण के लिए जातकशास्त्रों द्वारा किया गया निर्देश कोई अर्थ ही नहीं रखता। इसलिए यही उचित है कि दशासमाप्ति का लगभग दिन ही ज्ञात कर लिया जाए। दशासमाप्तिकालीन सूर्य के राश्यादि जिस तारीख को पड़ते हैं, उसी तारीख को सभी दशाओं की समाप्ति तारीख मान लेना ही ठीक है।

इस उपरोक्त प्रतिपादन ये यह सिद्ध होता है, कि- "ग्रहों की दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के गणितागत प्रारम्भकाल से ही उनका शुभाशुभ प्रभाव प्रारम्भ हो जाता है" - दैवज्ञों द्वारा इस प्रकार की धारणा रखना सर्वथा अयुक्त है, क्योंकि उल्लिखित अनेक अपरिहार्य कारणों से दशा, अन्तर्दशा, प्रत्यन्तर्दशाओं के प्रारम्भिकाल का मास और अनेकदा वर्ष भी, विश्वसनीय, (प्रामाणिक) सिद्ध नहीं होता, दिन और घण्टा-मिनटों की बात तो बहुत दूर की है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

चण्डीगढ़ में फलित ज्योतिषज्ञों का सम्मेलन

चण्डीगढ़ में गत मार्च २२, १९९७ शाक १९१९ के प्रारम्भ के दिन डी. ए. वी. कालेज में हरे कृष्ण ट्रस्ट के पूज्य स्वामी श्री चिद्घनानन्द जी के सान्निध्य में फलित ज्योतिष विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन के मुख्य कर्णधार बी. एड. कालेज के प्रिंसीपल डॉ के. ऐस. आर्य ने इस आयोजन को प्रोत्साहित किया और इसके लिये डी. ए. वी. कालेज में अतिथियों को आवास तथा भाषण एवं ज्योतिष विषयक चर्चा के लिये अनुमति दी। डॉ. आर्य पिछले काफी वर्षों से भारतीय संस्कृति के निधि संस्कृतग्रन्थों के संरक्षण तथा संग्रह में लगे हुए हैं। उनका प्रोत्साहन इस आयोजन के लिये सफलता-दायक सिद्ध हुआ।

इस आयोजन में डॉ. अरुण मित्तल जी ने भारतीय संस्कृति तथा भारतीय परम्परा की विज्ञानशाखाओं पर प्रकाश डाला। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के फिजिक्स विभाग के प्रोफैसर डॉ. आर. सी. वर्मा ने फलित ज्योतिष की सत्यता के विषय में आजकल के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के प्राथमिक वैज्ञानिक पद्धतियों से किये गए परीक्षण-विश्लेषणों का सर्वेक्षण किया, जो सभी के लिये ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। इस आयोजन में भाग लेने वालों ने अपने शोध पत्र पढ़े और अपने उपस्थापनों के विषय में प्रश्नों के उत्तर दिये। डा. सज्जन सिंह लिश्क ने लाल किताब के मूल स्रोत का विवेचन किया । विविध प्रान्तों से आए विद्वानों ने होरा, मुहूर्त तथा वास्तुशास्त्र आदि विषयों पर विवेचन उपस्थापित किये। इस गोष्ठी में एक विशेष प्रश्न तथा चर्चा का सत्र भी आयोजित हुआ जिसमें सभी विद्वानों तथा साधारण जनता ने भाग लिया। यह सम्मेलन विद्वानों के प्रयासों से पूर्णतया सफल रहा।

क्या ग्रह मनुष्य जीवन को प्रभावित करते हैं?

(चण्डीगढ़ में २२ मार्च '९७ को आयोजित ज्योतिष सम्मेलन में डॉ. शक्तिधर द्वारा उपस्थापित भाषण का सारांश)

फलित ज्योतिष पर आजकल बहुत प्रश्न चिह्न लगे हुए हैं। हमारे विचार से ये दो प्रश्न ही अधिक महत्वपूर्ण हैं—

(i) मनुष्य-जीवन पर ग्रहों का प्रभाव है भी या नहीं?

(ii) फलादेश की पद्धतियां क्या वैज्ञानिक दृष्टि से प्रामाणिक है ?

इन दोनों प्रश्नों के उत्तर में वैज्ञानिक आजकल की विश्लेषण पद्धतियों से इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि मनुष्य जीवन पर ग्रहों का प्रभाव अवश्य है, परन्तु दूसरे प्रश्न के उत्तर में धारणा यह बनी है कि फलादेश पद्धतियां पूर्णतया वैज्ञानिक दृष्टि से मान्य नहीं। इस लेख में आप इन्हीं धारणाओं के विषय में विवेचन पढ़ेंगे।

अधिकांश वैज्ञानिक लोग फलित ज्योतिष, विशेषत: जातक पद्धति, का प्रतिवाद करते हैं। इसके अतिरिक्त आजकल के कुछ मूर्धन्य विद्वानों ने वैज्ञानिक पद्धतियों से विश्लेषणों के आधार पर ग्रहों के प्रभाव के ठोस प्रमाण दिये हैं। इस क्षेत्र में डा. गैंक्वेलिन (Dr. Ganqualin) (फ्रांसिसी वैज्ञानिक) तथा ब्रिटिश ज्योतिषज्ञ पर्सी सिमाऊर (Percy Seymour) तथा प्लेफेयर एवं उनके सहयोगियों के नाम अग्रगण्य हैं। डा. गैंक्वेलिन ने फलित ज्योतिष की सत्यता की परीक्षा के लिये ख्यातिप्राप्त मूर्धन्य लोगों की जीवन घटनाओं को लेकर सांख्यिकी विश्लेषण (Statastical Data Correlation) किया। उनके विश्लेषण में लग्न तथा दशम लग्न में स्थित ग्रहों के प्रभाव बहुत अधिक सिद्ध हुए। इन दोनों बिन्दुओं पर सर्वाधिक प्रभाव Correlation में प्राप्त दो चरम बिन्दुओं (Peaks) से सिद्ध हुआ। वस्तुत: प्रो. गैंक्वेलिन फलितशास्त्र को अप्रामाणिक सिद्ध करने के लिए इस काम में जुटे थे, परन्तु वैज्ञानिक विश्लेषण में नि:सन्देह निर्णय पाकर उन्हें अपनी धारणा को बदलना पड़ा।

डा. गैंक्वेलिन के इस विश्लेषण से प्रभावित होकर डा. पर्सी सिमाऊर ने इस क्षेत्र में और अनुसन्धान किया। डा. सिमाऊर इंगलैण्ड में Plymouth Institute of Technology में प्रोफैसर तथा Willian Day Planetarium के डायरैक्टर हैं। उन्हें छात्रजीवन से ही ग्रहों के प्रभावों पर विश्वास था। परन्तु वे कहते हैं कि उन्होंने अपने विश्वास को तब तक प्रकट नहीं किया जब तक वे उच्चतम वैज्ञानिक पद प्राप्त नहीं कर चुके। उनका भय था कि उनके इस प्रकार के प्रतिपादन से कहीं उन्हें वैज्ञानिक पद से वंचित रहना न पड़ जाए। इस उच्चतम पद पर आने के बाद अब उन्हें किसी भी प्रकार की चिन्ता नही । वे नि:शंक सचाई कहने में झिझकते नहीं। अब वे प्रो. गैंक्वेलिन तथा अपने किये अनुसन्धान तथा विश्लेषणों के आधार पर सर्वत्र वैज्ञानिकों एवं आम जनता में इस धारणा की जोरदार पुष्टि करते हैं। उनकी एतद् विषयक पुस्तक ने वैज्ञानिक क्षेत्रों में खलबली मचा दी। बहुत से वैज्ञानिकों ने इसे इस शताब्दी की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक माना है।

गैंक्वेलिन के अनुसार ग्रहों का प्रभाव चुम्बकीय क्षेत्र के माध्यम से अधिक है। गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव इसकी तुलना में नगण्य है। वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में मनुष्य एक चुम्बकीय ताने-बाने से बने पिञ्जरे में है। चुम्बकीय तरङ्गों की विभिन्न आवर्त्तांकिकाएं (Frequencies) सभी को प्रभावित कर रही हैं। इसे विज्ञानी उपेक्ष्य नहीं कह सकते। प्रो. पर्सी के अनुसार इस सम्बन्ध में उपलब्ध दो मुख्य परिणाम निम्नलिखित हैं:-

(१) जब जातक का जन्म होता है तब माता के पेट में भ्रूण को प्रभावित करने में कुछ विशेष आवर्ताङ्किकाओं का ही योगदान होता है। जातक-विशेष के लिये आवर्ताङ्क-विशेष

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

का योगदान ही क्यों होता है ? इसमें वे भाग्य को ही कारण मानते हैं। नाड़ीसंस्थान के माध्यम से जीन्स का विशेष अनुनाद (Resonance) होता है। यही अनुनाद शिशु के भविष्य जीवन की आधारशिला बनता है।

(२) उनके विश्लेषण में राशियों के चिह्नों, संकेतों पर आधारित फलादेश आधार हीन है। परन्तु ग्रहों के लग्न बिन्दुपर उदय तथा दशमलग्न पर याम्योत्तर लंघन एवं ग्रहों के युति आदि योग वस्तुतः प्रभावशाली है। इस प्रतियादन में राशिचक्र एवं नक्षत्र चक्र के आधार पर फलादेश अमान्य ठहरता हे। ध्यान रहे-इन प्रतिपादनों में लग्न, दशमलग्न को फल कथन में उपेक्ष्य तो नहीं माना गया, लेकिन उनके प्रतिपादनों से इनके साथ कालपुरुष के संबंध की परिकल्पना का प्रत्याख्यान होता है।

ब्रिटिश वैज्ञानिक प्लेफेयर तथा उनके सहयोगी विद्वानों ने सूर्य के प्रभाव का विश्लेषण किया। उन्होंने सौरज्वालाएं, सौरकलङ्क तथा सूर्य से आ रही चुम्बकीय तरङ्गों का महत्व स्पष्ट किया है। सूर्य का ऋतुएं बनाने में तथा पृथ्वी की सभी प्रकार की उपज, खनिज आदि के उद्भव में प्रभाव सभी वैज्ञानिक स्वीकार करते हैं। सौर कलङ्कों का सम्बन्ध वनस्पतियों के साथ उनके तनों के भीतर बने चक्रों से स्पष्ट है। वृक्षों के तनों में बने चक्रों में ११वां चक्र बहुत काला होता है। सूर्य के कलङ्कों का चक्र भी ११ वर्ष का है। इससे सौर कलंकों का वनस्पति जगत् पर प्रभाव स्पष्ट है। आचार्य रजनीश के अनुसार मानुष शरीर में भी चक्र हैं। परन्तु अभी तक उनकी सत्ता को प्रमाणित करने वाले सूक्ष्म वीक्षण यन्त्र (माईक्रोस्कोप) का आविष्कार नहीं हो सका है।

चन्द्रमा तथा सूर्य का ज्वारभाटा लाने में योगदान ९:४ के अनुपात में है। अर्थात् यदि ४ फुट ऊँचाई तक ज्वारभाटा सूर्य के आकर्षण से उठता है तो चन्द्रमा के आकर्षण से ९ फुट तक और अधिक उठेगा। कुल १३ फुट तक ज्वारभाटा आएगा। आयुर्वेद के आचार्य शल्य-चिकित्सा के आविष्कारक सुश्रुत के अनुसार भी पूर्णिमा के दिन शल्य चिकित्सा नहीं करनी चाहिए। आजकल वैज्ञानिकों ने आंकड़ों के विश्लेषण से यह परिणाम पाया है कि आपरेशन थियेटर्स मे आपरेशन करते समय घटित मृत्युओं में से ८२ प्रतिशत मृत्युएं पूर्णिमा के दिन हुई हैं। यह तथ्य टैलेहास्सी स्टेट मेंPro. J.Andrew ने आङ्किक विश्लेषण से सिद्ध किया। यह भी देखा गया है कि आत्महत्याएं, आगजनी, आतंकवाद, पागलपन आदि घटनाएं सभी पूर्णिमा के आसन्न अधिक पाई जाती हैं जिससे आचार्य सुश्रुत के कथन का आधार सत्यापित सिद्ध होता है। ये परिणाम मैडिकल जर्नल्स में परीक्षित होने पर छपे हैं।

स्त्रियों के ऋतुधर्म का सम्बन्ध चन्द्रमा के भगणकाल से है। वस्तुतः मास की इकाई ३० दिन चन्द्रमा की ही देन है। मास शब्द भी प्रायः सभी भाषाओं में चन्द्रमा का पर्यायवाची सा ही रहा है। वात्स्यायन कामसूत्र के अनुसार कामोद्रेक का सम्बन्ध एक तरंग की तरह शरीर को प्रभावित करता माना है। इन विश्लेषणों से मनुष्य जीवन के साथ चन्द्रमा का सम्बन्ध प्रामाणिक रूप से मान्य सिद्ध हुआ है।

गैंक्लेलिन तथा पर्सी सिमाऊर आदि वैज्ञानिकों की उपलब्धियों में आंकडा-विश्लेषण के आधार पर बृहस्पति तथा शनि का मनुष्य जीवन पर प्रभाव महत्त्वपूर्ण सिद्ध हुआ है। प्रख्यात वैज्ञानिकों तथा मैडिकल डाक्टरों की जन्म कुण्डलियों में शनि की विशेष प्रकार की स्थिति पाई गई है। प्रख्यात नाट्य कलाकार एवं मूर्धन्य अभिनेताओं तथा राजनीतिज्ञों की कुण्डलियों में बृहस्पति की स्थिति महत्त्वपूर्ण पाई गई है। बुध ग्रह परम्परागत फलित ज्योतिष में नगण्य प्रभाव का माना गया है। परन्तु फ्रीडा इडिस (Freda Edis) ने अपनी पुस्तक 'गॉड बिटविन ' में कलाकार तथा समाजसेवियों की जन्मकुण्डलियों में इस ग्रह का बहुत प्रभाव सिद्ध किया है। इन ग्रहों के अतिरिक्त मंगल का सम्बन्ध योद्धाओं तथा मिलिटरी के लोगों की कुण्डलियों में प्रभावशाली सिद्ध हुआ है। शुक्र का सम्बन्ध कला तथा लास्य में प्रख्यात लोगों की कुण्डलियों में महत्त्वपूर्ण पाया गया है।

इन विश्लेषणों से स्पष्ट है कि ग्रहों का मनुष्य जीवन पर प्रभाव प्रमाणसिद्ध है। इस तथ्य का प्रत्याख्यान कोई भी वैज्ञानिक नहीं कर सकता। आधुनिक वैज्ञानिक लोग यह स्वीकार करते हैं कि हमारा पृथ्वी ग्रह एवं इसके वासी सभी प्राणी एवं वनस्पति जगत एक चुम्बकीय क्षेत्र के पिञ्जरे तथा वैद्युत हीटर(Electric Heater) में हैं। अतः फलित ज्योतिष के जातक भाग की भी उपेक्षा नहीं की जा सकती, भलेही इसकी फलादेश-पद्धतियां अपूर्ण हैं। इनमें विकास अपेक्षित हैं। गैंक्लेलिन, पर्सी एवं प्लेफेयर आदि वैज्ञानिकों के विश्लेषणों में कुछ तथ्य स्पष्ट हुए हैं। जैसे-कि इस शास्त्र में राशि-नक्षत्र चक्र(Zodiac) के आधार पर फलादेश आधारहीन हैं। परन्तु लग्नसाधन के आधार पर ग्रह-स्थिति के विचार से फलादेश की पद्धति को तो इन्होंने भी प्रामाणिक माना है। किञ्च ज्योतिष के अन्य अङ्ग मेदिनी ज्योतिष, वायु-वर्षा आदि के शास्त्र शायद अधिक सत्य माने जायेंगे- ऐसा विचार वैज्ञानिक अवश्य स्वीकार करेंगे। पृथ्वी पर घटित होने वाली प्राकृतिक घटनाओं के सम्बन्ध सूर्य, चन्द्र आदि के साथ अवश्य हैं। सम्भवतः जातकीय फलितज्योतिष का आधार इतना दृढ़, युक्तिसंगत नहीं, जितना कि अन्य फलित शाखाओं के आधार हैं। जातक फलादेश में जन्म सस्कार तथा देश वातावरण आदि का प्रभाव भी बहुत महत्वपूर्ण हैं, इस तथ्य को आचार्य वराह मिहिर ने भी स्पष्ट किया है। आजकल वैज्ञानिक आविष्कार हो रहे हैं, विज्ञान की सत्यापन पद्धतियां तथा इस क्षेत्र में आविष्कृत किये जा रहे परीक्षणयन्त्र न जाने भविष्य में क्या सिद्ध कर देंगे। कुछ भी हो- मनुष्य एकल इकाई नहीं है। वह ग्रहों (शायद नक्षत्रों तथा आकाशगङ्गाओं, के चुम्बकीय क्षेत्रों के भी प्रभाव में अवश्य हैं, भले ही फलित ज्योतिष की परम्परागत पद्धतियां अपूर्ण हों या भविष्य में भी अपूर्ण रहें।

इस सम्बन्ध में विचारों में उदारता की आवश्यकता है। फलित ज्योतिष की विरोधी आर्यसमाज परम्परा के इस डी. ए. वी. कालेज में यह गोष्ठी आयोजित करवाकर डॉ. आर्य जी ने वैचारिक उदारता का परिचय दिया है, वे इस दृष्टि से विशेषतः धन्यवाद के पात्र हैं।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

आकाशीय पिण्डों के उदयास्त एवं इनकी दिशाएं

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

डॉ० शक्तिधर शर्मा

हमारे प्रिय सहयोगी स. ज्ञानी कर्तार सिंह जी को बुध-शुक्र के पूर्व में अस्त तथा पश्चिम में उदय के विषय में भ्रान्ति पैदा हुई। साधारण जनता को ऐसी भ्रान्ति हो जाना स्वाभाविक है। इस विषय में आकाशीय पिण्डों के उदय-अस्त एवं इनकी दिशाओं के विषय में एक व्यापक दृष्टिकोण से विचार करना उचित समझते हैं।

आकाशीय पिण्डों के उदयास्तों को मुख्यत: तीन वर्गों में विभक्त किया जा सकता है:-

(१) दैनिक उदय अस्त

(२) सूर्यकेन्द्रिक उदय अस्त

(३) इन दोनों से भिन्न प्रकार का उदय, अस्त

इन तीनों का विवरण इस प्रकार है -

(१) दैनिक उदय एवं अस्त:- पृथ्वी की अपनी अक्षभ्रमण गति के कारण सभी तारा, ग्रह, चन्द्र पूर्व में उदित होकर पश्चिम में अस्त हो जाते हैं। इस उदयास्त से सभी परिचित ही हैं।

(२) सूर्य कैन्द्रिक उदय अस्त- कोई भी ग्रह जब सूर्य के समीप होता है तो उसकी चमक के कारण वह अदृश्य रहता है। जब ग्रह सूर्य से दूर रहता है तो दृश्य होता है। यदि कोई सूर्य से अधिक गति का ग्रह सूर्य के समीप पहुँचता है तो वह अदृश्य हो जाता है और जब सूर्य को लांघ कर दूसरी ओर सूर्य से दूर पूर्व में चला जाता है तो वह पुन: दीखने लग जाता है। यदि किसी ग्रह की गति सूर्य की गति से कम होती है तो सूर्य उसके पास जब पहुँचता है तो वह अदृश्य हो जाता है और जब उसके साथ युति करके सूर्य दूसरी तरफ पूर्व की और दूर चला जाता है, तो ग्रह दीखने लग जाता है।

बाह्य ग्रहों के उदय एवं अस्त:- मंगल, गुरु एवं शनि की कक्षाएं सूर्य एवं पृथ्वी की कक्षा से बाहर हैं, अत: इन्हें बाह्य ग्रह कहते हैं। इनकी गति सदैव(वक्री मार्गी दोनों स्थितियों में) सूर्य की गति से कम रहती है अत: ये तभी अस्त होते हैं जब सूर्य इनके पास पहुँचता है, (अर्थात् ये अपनी गति से सूर्य को नहीं पकड़ सकते, सूर्य ही इनके पास पहुँचता है, यह स्पष्ट है कि सूर्य अपने एक चक्कर में अधिकांशत: एक बार ही इनके साथ युति करेगा और ये ग्रह लगभग एक वर्ष की अवधि में एक बार ही अस्त एवं उदित होंगे। क्योंकि सूर्य ही इनके पास आकर इन्हें अस्त करेगा अत: ये सदैव सूर्य से राशि चक्र में आगे रहते हुए ही, अर्थात् सूर्य से पूर्व की ओर रहते हुए ही, अस्त होंगे और जब सूर्य इनको लांघ कर इनसे पूर्व की ओर आ जाएगा तभी कुछ अंशों के अन्तर पर ये दृश्य होंगे। यह स्पष्ट है कि ये जब उदित होंगे तो प्रात: पूर्व में दीखेंगे और जब अस्त होंगे तो सांय सूर्यास्त समय ओझल होंगे। अत: ये सदैव पूर्व में उदित, अस्त होने के बाद दृश्य एवं पश्चिम में अस्त, (लुप्त) होंगे।

आभ्यन्तर ग्रहों के उदय एवं अस्त :—

बुध एवं शुक्र सौर परिवार के आभ्यन्तर ग्रह हैं अर्थात् इनकी कक्षाएं सूर्य एवं पृथ्वी के मध्य रहती है। इनकी गति कभी सूर्य से कम होती है और कभी बढ़कर उससे अधिक हो जाती है और पुन: कम हो जाती है। स्पष्ट है कि ये कभी अपनी गति से सूर्य के पास आकर अस्त होंगे और कभी सूर्य इनके पास पहुंच कर इन्हें अस्त करेगा।

ग्रहों के उदय-अस्त देखने की विधि: -

यदि आप नियम बनालें, कि सूर्योदय से पूर्व एवं सूर्यास्त के बाद ग्रहों को आकाश में ढूंढा जाय और इन्हें देखने का यह क्रम प्रात: (सूर्योदय से पहिले) या सांय (सूर्यास्त के बाद) प्रतिदिन जारी रखा जाए तो इनके सूर्य की चमक में अस्त होने का ज्ञान सरलता से हो सकता है।

कल्पना करें, कि कोई बाह्यग्रह (अर्थात् शनि, गुरु या मंगल) सूर्यास्त बाद सांय पश्चिम में दीखता है, अर्थात् वह राशिचक्र में सूर्य से पीछे है,(क्योंकि राशिएं पश्चिम से पूर्व की ओर स्थित हैं)कुछ दिनों में सूर्य अपनी शीघ्रतर गति से उसके पास पहुँच कर उसे अदृश्य कर देगा। आप देखेंगे-किसी दिन वह दीखना बन्द हो जायेगा, जबकि एक दिन पहिले वह सांयकाल में दीखता था। बस इसी स्थिति को ज्योतिषज्ञ कहते हैं कि यह (बाह्य) ग्रह पश्चिम में अस्त हो गया। अब ग्रह

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

काफी दिनों तक दिखाई नहीं देगा और इन्हीं दिनों में इसकी सूर्य के साथ युति होगी, जोकि कोरी आंख से नहीं देखी जा सकती। इसके बाद ग्रह सूर्य से राशिचक्र में पीछे रह जाएगा और कुछ अंशों का अन्तर आने पर यह पुनः दीखने लगेगा। परन्तु अब यह प्रातःकाल सूर्योदय से पहिले पूर्व में दीखेगा क्योंकि अब यह राशिचक्र में सूर्य सी पीछे (यानी सूर्य से पश्चिम की ओर) है। क्योंकि अब आगामी दिनों में ग्रह तो सूर्य को नहीं पकड़ सकता, अतः सूर्य का इनसे अन्तर बढ़ता जायेगा और लगभग एक वर्षभर यह ग्रह सूर्य की चमक में नहीं आएगा। अतः यह लगभग वर्षभर दृश्य होगा। कुछ दिन प्रातः सूर्योदय से पहिले पूर्व दिशा में, कुछ दिन बाद रात्रि के समय आकाश के मध्य में और फिर वह प्रातः सूर्योदय से पहिले पश्चिम में चमक रहा होगा। इन अवधियों में यह ग्रह रात्रि के समय आकाश में राशियों में जाता दीखता रहेगा। कुछ दिन ऐसे भी होंगे कि यह सारी रात्रि देखा जा सकेगा।

आभ्यन्तर ग्रह बुध एवं शुक्र की स्थिति भिन्न है। कल्पना करें कि शुक्र प्रातः सूर्योदय से पहिले दीख रहा है और यह मार्गी है एवं इसकी गति बढ़ रही है तो यह ग्रह प्रातः प्रतिदिन एक ही समय पर देखने से पूर्व क्षितिज की ओर आगे बढ़ता दीखेगा और देखते देखते एक दिन ऐसा आएगा कि यह पूर्व में सूर्य की चमक में प्रातः दीखना बन्द हो जायेगा। इस स्थिति में हम यह कहते कि शुक्र पूर्व में अस्त हो गया। इसके बाद यह कुछ दिनों में सूर्य के साथ युति करके राशि चक्र में सूर्य से आगे निकल जाएगा। यदि आप इन दिनों सूर्यास्त बाद पश्चिम की ओर प्रतिदिन देखने का प्रोग्राम बना लें तो एक दिन ऐसा आयेगा, कि शुक्र सूर्यास्त के बाद सूर्य की चमक से बाहर होने के कारण सांय पश्चिम में दीखना शुरु हो जाएगा और प्रतिदिन एक ही समय (सूर्यास्त बाद) देखते रहने पर आपको ज्ञात होगा कि यह पश्चिम में ऊपर उठ रहा है। यह प्रतिदिन ऊपर जरूर उठेगा, परन्तु यह आकाश के मध्य तक नहीं पहुँचेगा। इसका सूर्य से अन्तर ४८ अंश से अधिक नहीं होता। अतः लगभग ४८ अंश तुल्य अन्तर होने पर स्थिर सा होकर वक्री हो जाने के कारण यह पश्चिम की ओर झुकना शुरु हो जाएगा। प्रतिदिन सायं देखने का प्रोग्राम जारी रखने पर यह ज्ञात होगा, कि गृह सूर्य की चमक में आ जाने के कारण अब पश्चिम के क्षितिज की ओर पहुंचने से पहिले ही अदृश्य (अस्त) हो गया। अब आप पूर्व में प्रातः काल देखने का प्रोग्राम शुरु करें। आप देखेंगे कि कुछ दिन बाद यह पूर्व में सूर्योदय से पहिले दीखने लग जाएगा। यह वही स्थिति है जब हम इसे पाहेले पूर्व में देखते थे। इस प्रकार शुक्र पूर्व में अस्त होकर पश्चिम में उदित होगा और फिर पश्चिम में अस्त होकर पूर्व में उदित होगा और पुनः पूर्व में अस्त। इस प्रकार शुक्र दोलक (Pendulum) की तरह सूर्य के दोनों तरफ चलता (झुलता) है। बुध भी इसी तरह उदित-अस्त होता है। परन्तु वह बहुत कम दिखाई देता है। इसका सूर्य से अन्तर २८ अंश से अधिक नहीं होता। श्री भास्कराचार्य ने बुध एवं शुक्र की गति के विषय में कहा है "**बुध-शुक्रौ सूर्यस्यानुचरौ इव**" अर्थात् बुध एवं शुक्र तो सूर्य के नौकरों की तरह है, जो कि आगे पीछे दोनों तरफ चलते रहते हैं। क्योंकि ये दोनों ग्रह प्रातः या सांय के समय ही आकाश में दिखाई पड़ते हैं। अतः जब ये प्रातः दृश्य होते हैं तब इन्हें "**भोर तारा**" और जब सायं दृश्य होते हैं तब "**सायं तारा**" भी कहा जाता है।

ध्यान रहे- आभ्यन्तर ग्रह वक्री होकर पश्चिम में अस्त और पूर्व में उदित होते हैं। मार्गी होने की स्थिति में वे पूर्व में अस्त और पश्चिम में उदित होते हैं। बाह्य ग्रहों के सूर्यकेन्द्रिक उदय सदैव पूर्व में और अस्त पश्चिम दिशा में होते हैं।

(३) एक तीसरे प्रकार का उदयास्तः- इस प्रकार के उदयास्त धूम्रकेतुओं के होते हैं। क्योंकि ये आकाशीय पिण्ड हमारे ग्रह पृथ्वी एवं सूर्य से बहुत दूर चले जाते हैं । दूर हो जाने के कारण ये आंखों से ओझल हो जाते हैं। जब ये सूर्य (या पृथ्वी) के पास आते हैं तो दीखने लग जाते हैं। इसके बाद सूर्य के अधिक निकट आने पर अस्त हो जाते हैं। कुछ समय बाद सूर्य सापेक्ष नीच बिन्दु पार करने के बाद सूर्य से कुछ दूर जाने पर पुनः दीखने लग जाते हैं और फिर सूर्य (या पृथ्वी) से बहुत दूर हो जाने पर आंखों से ओझल हो जाते हैं। जितना समय वे आंखों से ओझल होते हैं, उसे उनका प्रवासकाल कहा जाता है। इनके उदय एवं अस्त किसी भी दिशा व किसी भी दिशाकोण में हो सकते हैं।

आभार प्रदर्शन

हमारे परममित्र **ज्ञानी करतार सिंह जी,** मालिक कंवल वीडियो और फोटोस्टैट कुराली, श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय (कुराली) के मैनेजर श्री प्रेमचन्द्र शर्मा, चि. दिलबाग शर्मा एवं पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, के **स. तजवीर सिंह जी** ने इस वर्ष पंचांग कार्य में जो मदद की है, उसके लिए हम इनके हृदय से आभारी है -

— सम्पादक

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri,Funding by MoE-IKS

सूर्योदय व सूर्यास्त का काल ज्ञात करने की गणित-प्रक्रियाएं

(विश्व के किसी भी स्थल का सेकण्ड तक सूक्ष्म सूर्योदय एवं सूर्यास्त काल स्वयं ज्ञात कीजिए।)

लेखक-प्रो० प्रियव्रत शर्मा

"श्री मार्तण्ड पंचांग" में प्रतिवर्ष उत्तर भारतीय विभिन्न प्रदेशों के नगरों के तैयार सूर्योदयास्तकाल हम देते रहे हैं। उन उदयास्त कालों में १यार मिनट की स्थूलता कहीं-कहीं रहती है। वैसे फलित में इतनी स्थूलता से कोई विशेष अन्तर नहीं आता। फिर भी कुछ दैवज्ञों का आग्रह है, कि-अधिक से अधिक सूक्ष्म सूर्योदयास्त काल ज्ञात करने की विधि भी उन्हें बतलाई जाए। उनके इस आग्रह की पूर्ति के लिए हम यहां दो भिन्न-भिन्न पद्धतियों द्वारा सूर्योदयास्त ज्ञात करना बतलाएगें, जिनसे विश्व के किसी भी नगर-उपनगर का सूर्योदयास्तकाल वे अपनी आवश्यकता या रुचि के अनुसार अपेक्षित शुद्धि या सूक्ष्मता से जान सकेंगे। इन दोनों पद्धतियों का सोदाहरण स्पष्टीकरण नीचे दिया जा रहा है-

सूर्योदयास्त साधन की सामान्य पद्धति

यहाँ आगे छः कोष्ठक दिए गए हैं-

(I) कोष्ठक (१) (सूर्यक्रान्ति)

(II) कोष्ठक (२) (वेलान्तर संस्कार)

(III) 'सूर्योदयास्त कोष्ठक'

(IV) 'चरकोष्ठक'

(V) सहायक कोष्ठक (i)

(VI) सहायक कोष्ठक (ii)

सूर्योदयास्त साधन की इस पद्धति में चर कोष्ठक और दोनों सहायक कोष्ठकों को छोड़कर शेष तीन कोष्ठकों का ही प्रयोग होगा।

कोष्ठक (१) से अभीष्ट तारीख की सूर्यक्रान्ति लीजिए। इस सूर्यक्रान्ति और अभीष्ट स्थान (नगर) के अक्षांशों द्वारा सूर्योदयास्त कोष्ठक से घं.मि. उठाएं। यदि क्रान्ति (सूर्यक्रान्ति) और अक्षांश (अभीष्ट नगर का अक्षांश) दोनों की दिशा एक ही हो तो ये घं. मि. सूर्यास्तकाल के होंगे, अन्यथा (दोनों की दिशाएं भिन्न-भिन्न होने पर) सूर्योदय के काल के। सूर्यास्तकाल और सूर्योदयकाल के घं. मि. को अलग-अलग बारह घण्टों में से घटाने पर क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त का काल प्राप्त होगा। ध्यान रहे- ये सूर्योदय-सूर्यास्तकाल स्पष्ट सौरकाल के अनुसार होंगे। क्योंकि व्यवहार में सर्वत्र स्टैण्डर्ड टाईम का ही प्रयोग होता है। अतः इनमें कोष्ठक (२) से प्राप्त अपनी अभीष्ट तारीख के बेलान्तर संस्कार को चिन्हानुसार तथा अपने अभीष्ट नगर के स्टैण्डर्ड अन्तर (स्टै.अ.) को चिन्ह के विपरीत जोड़ने या घटाने पर ये सूर्योदय, सूर्यास्तकाल स्टैण्डर्ड टाईम के अनुसार बन जाएंगे। नीचे दिए गए उदाहरण देखने से यह प्रक्रिया स्पष्ट हो जाएगी:-

उदाहरण १ - कलकत्ता में ६ जून को सूर्योदय और सूर्यास्त का काल (भा.स्टै.टा) ज्ञात करें।

६ जून को सूर्यक्रान्ति (कोष्ठक(१) से) = उ. २२°।३२'

कलकत्ता के अक्षांश = उ. २२°।३४'

२२°।३२' क्रान्ति और अक्षांश २२°।३४' द्वारा (सूर्योदयास्त कोष्ठक से) = घं. मि. ६ ४०

क्योंकि यहां अक्षांश और क्रान्ति-दोनों एक ही (उत्तर) दिशा की हैं। अतः सूर्योदयास्त कोष्ठक से प्राप्त ये घं.मि. (६ घं. ४० मि.) सूर्यास्त का काल बतलाते हैं। इन्हें १२ घन्टों में से घटाने पर ५ घं. २० मिनट मिले, जो सूर्योदय का काल है। जैसा कि पहले बतला चुके हैं, ये दोनों सूर्यास्त और सूर्योदय स्पष्ट सौर काल के अनुसार है। इन्हें स्टै.टा. में बदलने के लिए उपरोक्त निर्देश अनुसार वेलान्तर के मि.से. को चिन्ह के अनुसार और स्टै. अं. (स्टैण्डर्ड अन्तर) को चिन्ह के विपरीत इनमें जोड़ना या घटाना होगा। ६ जून का वेलान्तर-१ मिनट ४४ से. और कलकत्ता का स्टैं.अं. (चिन्ह बदलकर)-२३ मि. ३६ से. है। इन दोनों को ऋण होने के कारण स्पष्ट सौरकाल वाले सूर्योदय (५ घं. २० मिनट) और सूर्यास्त (६ घं. ४० मि.) में से घटाने पर क्रमशः ४ घन्टे ५४ मिनट ४० से. और ६ घं. १४ मिनट ४० से. मिले, जो ६ जून को कलकत्ता में भा.स्टै.टा. के अनुसार क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त का समय है।

उदाहरण २- २१ नवम्बर को वाराणसी में सूर्योदय और सूर्यास्त का काल (भा.स्टैं.टा.) जाननाहै।

२१ नवम्बर को सूर्यक्रान्ति =द. १९°।४०'

वाराणसी का अक्षांश =उ. २५°।२१'

१९°।४०' क्रान्ति और २५°।२१' अक्षांश द्वारा ("सूर्योदयास्त कोष्ठक" से) = घं. मि. ६।३९

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

क्योंकि यहाँ क्रान्ति और अक्षांश की दिशाएं भिन्न-भिन्न हैं अतः सूर्योदयास्त कोष्ठक से प्राप्त यह ६ घं. ३९ मि. सूर्योदय का काल है। इस सूर्योदय काल को १२ घं. में से घटाने पर ५ घं. २१ मि. सूर्यास्त काल हुआ। ये दोनों स्पष्ट सौरकाल के अनुसार हैं। अतः २१ नवम्बर के वेलान्तर-१४ मि. २२ से. को इन दोनों में से घटाने तथा वाराणसी के स्टै.अ.+२ मि. को भी चिन्ह के विपरीत घटाने पर २१ नवम्बर को वाराणसी में भा. स्टैं.टा. के अनुसार सूर्योदय काल ६ घं. २२ मि. ३८ से. और सूर्यास्त काल ५ घं. ४ मि. ३८ से. ज्ञात हो गया।

उदाहरण ३ - २९ फरवरी को दिल्ली में सूर्योदय और सूर्यास्त काल (भा.स्टैं.टा.) ज्ञात करें।

* २९ फरवरी को सूर्यक्रान्ति	= द. ८°।०१'
दिल्ली का अक्षांश	= उ. २८°।३८'
८°।०१' क्रान्ति और २८°।३८' अक्षांश द्वारा (''सूर्योदयास्त कोष्ठक'' से)	= घं. मि. ६।१८

क्योंकि यहां क्रान्ति और अक्षांश की दिशाएं भिन्न-भिन्न हैं, अतः यह ६ घं. १८ मि. सूर्योदय का काल है। इसे १२ घं. में से घटाने पर ५ घं. ४२ मिनट सूर्यास्त काल हुआ। क्योंकि ये सूर्योदय, सूर्यास्त के काल स्पष्टसौर काल के अनुसार हैं। अतः इन दोनों में इस दिन (२९ फरवरी) के वेलान्तर + १२ मि. ४२ से. तथा विपरीत चिन्ह वाले दिल्ली के स्टै.अ. + २१ मि. १२ से. दोनों को धन (+) होने के कारण जोड़ देने पर ६ घं. ५१ मि. ५४ से. और ६ घं. १५ मि. ५४ से. दिल्ली में २९ फरवरी के क्रमशः सूर्योदय, सूर्यास्तकाल (भा.स्टैं.टा.) मालूम हो गए।

उदाहरण ४ - १५ दिसम्बर को टोकियो में जापानी स्टैं.टा. के अनुसार सूर्योदय और सूर्यास्त काल जानिए।

१५ दिसम्बर को सूर्यक्रान्ति	= द. २३°।१३'
टोकियो का अक्षांश	= उ. ३५°।४०'
क्रान्ति और अक्षांश द्वारा (''सूर्योदयास्त कोष्ठक ''से)	= घं. मि. ७।१२

क्रान्ति और अक्षांश की दिशाएं अलग-अलग होने से यह ७ घं. १२ मि. सूर्योदय का काल है। इसे १२ घं. में से घटाने पर ४ घं. ४८ मि. सूर्यास्त काल हुआ। सूर्योदय और सूर्यास्त के इन स्पष्ट सौर कालों में से १५ दिसम्बर के वेलान्तर -५ मि. २२ से. और टोकियो के विपरीत चिन्ह वाले स्टैं.अं.-१९ मि. ० से. दोनों को ऋण (-)होने के कारण घटाने पर १५ दिसम्बर को टोकियो में जापानी स्टैं.टा. के अनुसार ६ घं. ४७ मि. ३८ से. और ४ घं. २३ मि. ३८ से. क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त काल निकल आए।

उदाहरण ५ - १२ मई को सिडनी (आस्ट्रेलिया) में वहां के क्षेत्रीय (zonal)स्टै.टा. के अनुसार सूर्योदय व सूर्यास्तकाल ज्ञात कीजिए।

१२ मई को सूर्यक्रान्ति	= उ. १७°।५०'
सिडनी का अक्षांश	= द. ३३°।५२'
क्रान्ति और अक्षांश द्वारा (''सूर्योदयास्त कोष्ठक'' से)	= घं. मि. ६।५०

यहाँ क्रान्ति और अक्षांश की दिशाएं भिन्न-भिन्न होने से यह (६ घं. ५० मि.)काल सूर्योदय का है। इसे १२ घं. में से घटाने पर ५ घं. १० मिनट सूर्यास्तकाल मिला। ये दोनों सूर्योदय सूर्यास्तकाल स्पष्ट सौरकाल के अनुसार हैं। इन दोनों में १२ मई के वेलान्तर -३ मि. ४३ से. और सिडनी के विपरीत चिन्ह वाले स्टैं.अं. -४ मि. ४८ से. (दोनों) को चिन्हानुसार घटाने पर क्रमशः ४ घं. ४१ मि. २९ से. और ५ घं. ०१ मि. २९ से. मिले। ये दोनों काल १२ मई को सिडनी (आस्ट्रेलिया) में वहां के क्षेत्रीय स्टैं. टा. के अनुसार क्रमशः सूर्योदय, और सूर्यास्त के हैं।

इस पूर्वोक्त पद्धति से प्राप्त भारतीय नगरों के सूर्योदय व सूर्यास्त के काल में सामान्यतः १ मिनट से अधिक की स्थूलता नहीं आती। अधिक अक्षांश वाले अन्य देशों में तो यह स्थूलता कभी-कभी तीन मिनट तक भी चली जाती है। यदि ''सूर्योदयास्त कोष्ठक'' से क्रान्ति और अक्षांशों द्वारा घं. मि. उठाते समय अनुपात (त्रैराशिक) से प्राप्त सेकण्डों की उपेक्षा न की जाए तो उपरोक्त स्थूलता में कुछ कमी अवश्य हो जाएगी। हमने ऊपर दिए गए सभी उदाहरणों में सर्वत्र ''सूर्योदयास्त कोष्ठक'' से घं. मि. उठाते समय लाघव की दृष्टि से इन सेकण्डों की उपेक्षा की है।

जो दैवज्ञ सूर्योदय, सूर्यास्त के काल को अधिक सूक्ष्मता से जानना चाहते हैं। उन्हें नीचे लिखी सूर्योदयास्त साधन की विशेष पद्धति को प्रयोग में लाना चाहिए।

सूर्योदयास्त साधन की विशेष पद्धति

ऊपर बतलाई गई सूर्योदयास्त साधन की सामान्य पद्धति से जिस नगर का जो सूर्योदय, सूर्यास्तकाल जिस अंग्रेजी तारीख के लिए ज्ञात होता है उसे प्रतिवर्ष उस नगर में उसी तारीख के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है,क्योंकि प्रत्येक स्थल (नगर) का सूर्योदयास्तकाल अंग्रेजी तारीख के अनुसार प्रतिवर्ष लगभग वही रहता है। जो लोग इस विषय में अधिक सूक्ष्मता चाहते हैं उन्हें आगे दी जा रही इस विशेष पद्धति का आश्रय लेना चाहिए-

इस पद्धति से सूक्ष्म सूर्योदय, सूर्यास्त जानने के लिए यहाँ दिए गए छः कोष्ठकों में से

* लीप ईयर में २९ फरवरी के लिए कोष्ठक (१)और कोष्ठक (२) में १ मार्च को प्रयोग में लाया जाएगा। इसीलिए कोष्ठक (१) और कोष्ठक (२) में २९ फरवरी के आगे १ मार्च की ही क्रमशः क्रान्ति और वेलान्तर का निर्देश है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

केवल इन पांच कोष्ठकों को ही हम प्रयोग में लाएंगे-

(I) कोष्ठक (१) (II) कोष्ठक (२)

(III) चर कोष्ठक (IV) सहायक कोष्ठक (i)

(V) सहायक कोष्ठक (ii)

(अर्थात् यहाँ "सूर्योदयास्त कोष्ठक" का प्रयोग नहीं होगा)।

इस विशेष पद्धति से भारत एवं भारत के पड़ौसी देशों तथा भारत से दूरवर्ती देशों के सूक्ष्म सूर्योदयास्त जानने की विधियों में थोड़ा सा अन्तर है। हम पहले भारत एवं भारत के पड़ौसी देशों के नगरों का सूक्ष्म सूर्योदयास्त जानने का प्रकार देंगे-

भारत एवं भारत के पड़ौसी देशों का सूक्ष्म सूर्योदयास्त साधन

'सहायक कोष्ठक (i)' से अपने अभीष्ट सन् के आगे लिखा वार * और घण्टे उठाइये। इन्हें हम क्रमशः 'चलितवार' और 'चालन घण्टे' कहेंगे। जैसे- सन् १९९५ के आगे 'सहायक कोष्ठक (i)' में ४ वार १३ घण्टे' लिखा है। इसका अर्थ है यहाँ चलितवार ४ और चालन घण्टे १३ हैं।

अब हम 'मूल तारीख' का निर्णय करेंगे, जिसके द्वारा कोष्ठक (१) और कोष्ठक (२) से क्रमशः सूर्यक्रान्ति व वेलान्तर संस्कार प्राप्त किया जाएगा। 'मूल तारीख' का निर्णय इस प्रकार किया जाएगा-

सहायक कोष्ठक (ii) में अपनी अभीष्ट तारीख (जिस तारीख का सूर्योदय, सूर्यास्त ज्ञात करना है उस तारीख) के आगे लिखी वार संख्या को चलितवार की संख्या में जोड़िए। यदि यह जोड़ आपके अभीष्ट वार (जिस तारीख का सूर्योदय, सूर्यास्त जानना है उस तारीख के वार) की संख्या के बराबर हो जाए तो आपकी अभीष्ट तारीख को ही मूल तारीख माना जाएगा। यदि यह जोड़ अभीष्ट वार की संख्या के बराबर नहीं होता तब सहायक कोष्ठक (ii) में लिखी अभीष्ट तारीख की समीपतम वह तारीख, जिसकी वार संख्या चलितवार की संख्या में जोड़ने पर अभीष्ट वार की संख्या के बराबर हो जाए, मूल तारीख मानी जाएगी। स्पष्टता के लिए यहां दो उदाहरण दे रहे हैं-

उदाहरण (१) - मान लें -१ जन. १९३६ ई. (बुधवार) को किसी नगर का सूर्योदय, सूर्यास्त ज्ञात करना है। यहां हमारी अभीष्ट तारीख १ जन. और अभीष्ट वार बुधवार है। सहायक कोष्ठक (i) में सन् १९३६ के आगे चलित वार १ है, सहायक कोष्ठक (ii) में हमारी अभीष्ट तारीख (१ जन.) को वार ३ लिखा है, इसे चलित वार १ में जोड़ने पर ४ (बुधवार, यानी हमारा अभीष्ट वार) बन गया। अतः यहाँ 'मूल तारीख' १ जन. ही है।

* यहाँ सहायक कोष्ठक (i) में रविवार आदि के लिए क्रमशः १,२,३, आदि संख्याओं का प्रयोग किया गया है। शनिवार के लिए ० (शून्य) लिखा है।

सात सन्धियां (एक कल्प के)आदि की और ६ मन्वन्तरों के अंत की=१,२०,९६,०००वर्ष

कुल योग (= कल्पादि संवत्)= १,९७,२९,४९,०९८ वर्ष

इस प्रकार स्पष्ट है, आप द्वारा बधाई पत्र पर अंकित संवत् कल्पादि संवत् ही है। (इसमें केवल एकवर्ष की अशुद्धि है)।

'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका' के अनुसार बना संवत् भी कल्पादि संवत् ही है, लेकिन उसमें ऊपर न्यास में दर्साई गई सात सन्धियों की वर्ष संख्या १,२०,९६,०००जोड़ी नहीं गई। केवल यही इसमें गलती है । ध्यान दें - जैसा कि ऊपर बतला चुके हैं, एक सन्धि का मान एक सत्ययुग के बराबर होता है । अतः 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका' वाले कल्पादि संवत् में सात सत्ययुगों के बराबर वर्षों की कमी है । एक सत्ययुग का मान चार कलियुग के मानों के बराबर होता है । अतः आपका यह लिखना भी ठीक है, कि 'ऋग्वेदादि भाष्यभूमिका' पर आधारित यह संवत् २८ कलियुगतुल्य कम है ।

जैसा कि ऊपर लिख चुके हैं, कल्प के आदि में ब्रह्मा को सृष्टि निर्माण में १,७०,६४,०००वर्ष लगते हैं । अतः स्पष्ट है, कल्पादि संवत् में से १,७०,६४,००० वर्ष घटा देने पर सृष्ट्यादि संवत् बनेगा । इसके अनुसार शक संवत् १९१९ के प्रारम्भ वाले कल्पादि संवत् १,९७,२९,४९,०९८ में से सृष्टि रचना काल १,७०,६४,००० घटा देने पर शक सं. १९१९ के प्रारम्भ में सृष्ट्यादि संवत् ,यानी सृष्टि के प्रारम्भ से बीते सौरवर्ष, १,९५,५८,८५,०९८ हुए । हमारे 'श्रीमार्तण्ड पंचांग' के ''वर्ष राजादिफल विचार'' वाले पृष्ठ पर लिखे जाने वाले कल्पादिसंवत् व सृष्ट्यादि संवत् से भी इसकी तुलना करें ।

ध्यान दें- कल्पादि और सृष्ट्यादि कालों को पृथक्-पृथक् मानने की परम्परा लगभग डेढ हजार वर्षों से चली आ रही है, जिसका स्पष्ट निर्देश सूर्यसिद्धांत में है । लेकिन 'सूर्यसिद्धांत' में ही दी गई ''कल्पभगणों से ग्रहसाधन की प्रक्रिया'' द्वारा कल्पादि काल सृष्ट्यादि काल से भिन्न सिद्ध नहीं होता। (अधिक स्पष्टता के लिए इसी पंचांग में ''समस्याएं और समाधान '' स्तम्भ में श्री भोला दत्त शास्त्री की इसी विषय से सम्बद्ध समस्या का समाधान भी पढ़िए।)।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

समस्याः- सं. २०५३ में आश्विन कृष्ण चतुर्दशी ११ अक्तूबर' ९६ को पूरा दिन थी। आपने फिर भी चतुर्दशी का श्राद्ध इस दिन न लगाकर अमावस के दिन (१२ अक्तूबर को) लगाया, जहाँ पूरा दिन अमावस ही थी। यही बात संवत् २०५४ के पंचांग में भी है। ऐसा क्यों?

-पं. ओम्प्रकाश शास्त्री
सपरून, सोलन (हि. प्र.)

समाधान :- चतुर्दशी में मृत व्यक्तियों का महालय श्राद्ध (आश्विनकृष्ण वाला श्राद्ध) चतुर्दशी में नहीं किया जाता। इस तिथि के दिन तो केवल उसी व्यक्ति का श्राद्ध किया जाता है, जिसकी अपमृत्यु (शस्त्रप्रहार, विषभक्षण, सर्पदंश,पर्वत आदि से पतन, वह्निदाह, जलमज्जन, यानदुर्घटना, हिंस्रजन्तु आदि से मृत्यु) हुई हो। अपमृत्यु किसी भी तिथि को क्यों न हुई हो, उसका महालय श्राद्ध चतुर्दशी के दिन ही होता है, यह शास्त्र निर्णय है:-

''विषसर्प-श्वापदाहि-तिर्यग्ब्राह्मणघातिनाम्।
चतुर्दश्यां क्रिया कार्या अन्येषांतु विगर्हिता॥'' (मरीचि)

'नागर खण्ड' का भी वचन है-

''अपमृत्युर्भवेद्येषां शस्त्रमृत्युरथापि वा।
श्राद्धं तेषां प्रकर्त्तव्यं चतुर्दश्यां नराधिप॥''

यह ध्यान रहे -यह नियम केवल महालयश्राद्ध के लिए ही है। अपमृत्यु वाले व्यक्तियों का वार्षिकश्राद्ध तो उसी तिथि को होगा, जिस तिथि को उसकी मृत्यु हुई हो। इस बारे 'धर्मसिंधु' का यह वाक्य है:-

''चतुर्दश्यां मृतस्य महालयः चतुर्दश्यां न कार्यः, ''श्राद्धं शस्त्रहतस्यैव चतुर्दश्यां प्रकीर्त्तितम्''इति नियमेन सर्वतो बलिष्ठेन प्रतिवार्षिक-श्राद्धातिरिक्त-श्राद्धस्य चतुर्दश्यां निषेधात्''।

चतुर्दशी में जिनकी सामान्य मृत्यु हुई हो उनका महालयश्राद्ध द्वादशी,त्रयोदशी या अमावस्या में से किसी एक तिथि को किया जा सकता है-

''चतुर्दशीमृतस्य पौर्णमासीमृतस्य वा महालयः द्वादश्यमावस्यादि तिथिषु कार्यः।'' (धर्मसिन्धुः)

इसी आधार पर चतुर्दशी का श्राद्ध अमा को लिखा जाता है।

जिसकी अपमृत्यु चतुर्दशी के ही दिन हुई हो उसका महालयश्राद्ध तो चतुर्दशी में ही होगा,-यह तो स्पष्ट ही है।

समस्या (i) रिक्तातिथि में विवाह करना वर्जित है, ऐसा मुहूर्त्त ग्रन्थों में लिखा है। लेकिन 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में रिक्ता तिथियों में विवाहमुहूर्त्त लगे होते हैं। ऐसा क्यों?

(ii) गोचर में बारहवां चन्द्र अशुभ माना गया है, लेकिन त्रिबलशुद्धि में आप इसे अशुभ नहीं मानते। क्या कारण है?

- पं. दिनेश कुमार शर्मा
धर्मपुर (मधान), (शिमला)

समाधान (i) रिक्तातिथि को शुभकार्यों के लिए शुभ नहीं माना गया-यह ठीक है। लेकिन विवाहकालिक लग्नकुण्डली में यदि गुरु, शुक्र, बुध में से कोई एक भी केन्द्र या त्रिकोण में स्थित हो तो रिक्ता, क्षयतिथि आदि अनेक दोष शान्त हो जाते हैं। कश्यप का वचन है-

''अब्दायनर्त्तु-मासोत्त्थाः पक्ष-तिथ्यृक्ष सम्भवाः।
ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे॥'' (कश्यप)॥

'मुहूर्त्तचिन्तामणि' का यह वाक्य भी देखिये-

अब्दायर्त्तु-तिथि-मास-भ- पक्ष- दग्धा-
तिथ्यन्ध-काण-बधिरांगमुखाश्च दोषाः।
नश्यन्ति विद्गुरु-सितेष्विह केन्द्र-कोणे
तद्वच्च पापविधुयुक्त-नवांश दोषाः॥

('पीयूषधारा' कार ने इसकी व्याख्या में लिखा है- ''तिथिदोषः= रिक्तादिः''।)

(ii) गोचर में बारहवें चन्द्र का फल अधिकतर फलितग्रन्थों में 'व्यय' लिखा है, जो चौथे और आठवें चन्द्र के फल (भय, रोग, बन्धन आदि) के समान अशुभ नहीं है। 'फल दीपिका' कार का यह श्लोक देखिये-

क्रमेण भाग्योदयमर्थहानि-जयौ भयं शोकमरोगतां च।
सुखान्यनिष्टं गदमिष्टसिद्धिं मोदं व्ययं च प्रददाति चन्द्रः॥ (फलदीपिका)

'बृहत्संहिता' में भी द्वादशस्थ चन्द्रमा को व्ययकारक मात्र लिखा है, जबकि वहाँ पञ्चम एवं नवम चन्द्र के फल क्रमशः रोग, शोक और उद्वेग, बन्धन, खेद, उदररोग लिखे हैं।

इन्हीं के आधार पर हमने बारहवें चन्द्र को त्रिबलशुद्धि के प्रसंग में अशुभ कोटि में नहीं रखा। यदि इसके इस सामान्य अशुभफल के आधार पर भी इसे अशुभ कोटि में रखने का कोई आग्रह करे, तब तो उसे पञ्चम एवं नवम चन्द्र को तो परम अशुभ मानना पड़ेगा।

समस्या- मृत्युबाण सूर्य के १, १०, १९, और २८ अंशों पर माना जाता है। इसे कृपया स्पष्ट करें?

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

-पं. कैलाश चन्द्र शर्मा
मानेसर, गुड़गांवा (हरि.)

समाधान :- सूर्य जब मेष आदि किसी भी राशि के १, १०, १९, २८ अंशों को भुक्त (पार) कर इनसे अग्रिम (२, ११, २०, और २९ वें) अंशों में विद्यमान होता है तब मृत्युबाण माना जाता है। उदाहरणार्थ- जब स्पष्ट सूर्य २ रा. १ अं. १५ क. ३० वि. है, तब वह मिथुन के पहिले अंश को भुक्त (पार) करके २ रे अंश में विद्यमान है, अतः इस समय मृत्युबाण माना जाएगा। यह मृत्युबाण तब तक रहेगा जब तक सूर्य मिथुन के दूसरे अंश को भुक्त (पार) नहीं कर लेता (अर्थात् जब तक सूर्य स्पष्ट २/२/००/००नहीं होता)। दूसरे शब्दों में हम इसे इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जब स्पष्ट सूर्य के राश्यादि २/१/००/०० हुए तभी मृत्युबाण प्रारम्भ हुआ और जब उस (स्पष्ट सूर्य) के राश्यादि २/२/००/०० हुए तब मृत्युबाण समाप्त हो गया।

ध्यान रहे-प्रत्येक ग्रह के स्पष्ट राश्यादि में जो राशि, अंश, कला, विकलाएं दी होती हैं वे उस ग्रह की क्रमशः भुक्त राशि, भुक्त अंश, भुक्त कलाएं और भुक्त विकलाएं होती हैं।

समस्या-(i) विंशोत्तरी दशा का भुक्त, भोग्य साधन करते हुए हम प्रत्येक मास का मान ३० दिन मान कर क्यों गणित करते हैं, जब कि अनेक मास ३० दिन से कम और अधिक भी हैं ? दशा का समाप्तिकाल सूक्ष्मता से जानने का प्रकार भी बतलाइए।

(ii) जन.' ९७ में हुए शुक्र के पूर्वास्त की तारीख के बारे में आपका पंजाब के ही एक अन्य पंचांगकार से एकमत नहीं था। जबकि दोनों पंचांग चित्रापक्षीय हैं, और इनके निर्माणस्थलों के अक्षांशों में भी नगण्य सा अन्तर है। फिर भी इन दोनों पंचांगों में दी गई इस शुक्रास्त की तारीखों में ५ दिन का अन्तर था-इसका कारण स्पष्ट करें।

-शास्त्री राजेन्द्र बड़कुलिया
राज ज्योतिष भवन
कटुआ (ज.का.)

समाधान (i) जन्मकालीन दशा का भुक्तकाल निकालने के लिए जन्मकालिक नक्षत्र के भुक्तकाल (भयात) को जन्मकालीन दशेश के दशावर्षों से गुणाकर भभोग से भाग देते हुए दैवज्ञ लोग अक्सर पांच लब्धियां लेते हैं, जिन्हें वे सामान्यतः जन्मकालीन दशेश की भुक्तदशा के क्रमशः वर्ष, मास, दिन और घड़ी, पल मानते हैं। लेकिन ये वस्तुतः भुक्त दशा के क्रमशः सौर वर्ष, सौर मास, सौर दिन, सौर घड़ी, सौर पल होते हैं। सूर्य द्वारा १२ राशियों के भोग काल (भगण) को सौर वर्ष, एक राशि के भोगकाल को एक सौर मास, एक अंश के भोगकाल को एक सौर दिन, एक कला के भोगकाल को एक सौर घड़ी और एक विकला के भोग काल को एक सौर पल कहा जाता है। इससे स्पष्ट है कि एक सौर मास (सूर्य द्वारा एक राशि के ३० अंशों के भोग काल)में सौर दिन केवल ३० ही होते हैं। (अधिक स्पष्टता के लिए इसी वर्ष के इस पंचांग में पृष्ठ ५९ पर दिया गया मेरा लेख **"दशा के प्रारम्भ का सूक्ष्मकाल"** पढ़ें। दशा के प्रारम्भ होने का काल सूक्ष्मता से जानने की प्रक्रिया भी इस लेख में विस्तारपूर्वक बतलाई गई है।)

(ii) ३१ अक्षांशीय स्थलों पर यह शुक्रास्त १६-२-९७ को ही हुआ था- इस बारे में गणितीय स्पष्टीकरण हमने इसी (सं. २०५५ के) पंचांग में पृथक् लेख के रूप में पृष्ठ ४८ पर दिया है। हमारे इन पंचांगकार मित्र से इस शुक्रास्त की गणित में निश्चित कोई त्रुटि हुई है- यह आप इस लेख से समझ जाएंगे।

समस्या-(i) सूर्यसिद्धान्तीय वर्षप्रवेश सारणी से वर्षप्रवेश काल बनाया जाए या वेधसिद्ध वर्षप्रवेश सारणी से - यह विवाद है। जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य के तुल्य सूर्य कब स्पष्ट होगा-यह काल दैनिक स्पष्ट सूर्य की गति द्वारा त्रैराशिक से जान कर उसे ही शुद्ध वर्षप्रवेश काल मानने से क्या यह विवाद शान्त नहीं हो जाएगा ?

(ii) जन्म काल का ठीक से ज्ञान न हो या लग्न सन्धिगत हो तो यथार्थ लग्न के निर्णय की क्या पद्धति है ?

-श्री लीलानन्द शर्मा शास्त्री
मु. चरैण, डा. बल्देयां (शिमला)

समस्या- (i) इससे यह विवाद शान्त नहीं हो सकता। सूर्यसिद्धान्तीय स्पष्ट सूर्य जब जातक के जन्मकालिक सूर्यसिद्धान्तीय स्पष्टसूर्य के तुल्य होगा तब सूर्यसिद्धान्तीय (स्थूल) वर्षप्रवेशकाल होगा, और सूर्यसिद्धान्तीय वर्ष प्रवेशसारणी से भी यही वर्षप्रवेशकाल आएगा। वेधसिद्ध-दृक्पक्षीय स्पष्टसूर्य जब जन्मकालिक वेधसिद्ध दृक्पक्षीय स्पष्टसूर्य के तुल्य होगा, तब वेधसिद्ध दृक्पक्षीय वर्षप्रवेशकाल होगा और वेधसिद्ध वर्षप्रवेश-सारणी से भी यही काल आएगा। इस प्रकार जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य के तुल्य स्पष्ट सूर्य कब होगा- यह जानने की गणित प्रक्रिया (सूर्य की दैनिक गति से त्रैराशिक) द्वारा साधित वर्षप्रवेश काल भी दोनों पक्षों से एकरूप नहीं होगा। ध्यान रहे- त्रैराशिक द्वारा सूर्यगति से वर्षप्रवेशकाल जानने की इस प्रक्रिया में जन्मकालिक और वर्षप्रवेशकालिक स्पष्ट सूर्य-दोनों एक ही पक्ष (सूर्यसिद्धान्तीय या दृक्पक्षीय) हों- यह जरूरी है। अन्यथा इस गणितप्रक्रिया से जाना गया वर्षप्रवेशकाल न तो सूर्यसिद्धान्तीय ही होगा और न ही दृक्पक्षीय।

क्योंकि वेधयन्त्रों से सतत वेध द्वारा यह निश्चित हो चुका है कि सूर्यसिद्धान्तीय वर्ष-मान में अशुद्धि है। वह वास्तविक वर्षमान से लगभग ३$\frac{1}{2}$ मिनट अधिक है। अतः शुद्ध वर्षप्रवेशकाल के ज्ञान के लिए वेधसिद्ध वर्षप्रवेशसारणी का ही प्रयोग करना चाहिए।

(ii) जन्मकाल अनिश्चित हो या लग्न दो राशियों के लगभग संगम पर आ पड़े तो लग्न का निर्णय जातक शिशु की आकृति, वर्ण आदि के आधार पर करने का दैवज्ञ प्रयत्न करते हैं। फलादेश में अनेकत्र व्यभिचार पाया जाता है, अतः लग्ननिर्णय की यह पद्धति विश्वसनीय नहीं है। दो राशियों की सन्धि पर लग्न की स्थिति होने पर **गणित द्वारा उसकी यथार्थ राशि का निर्णय करने में गणक को कैसी-कैसी असमाधेय समस्याओं का सामना करना पड़ता है- इसका विस्तृत विवेचन अग्रिम वर्ष के पंचांग में दिया जाएगा।**

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हो, वहाँ अग्नि स्थान(पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा- लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र(१।४।७।१०)स्थान में एक से अधिक ग्रह हो तो उनमें जो बली(स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का)केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्न पति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। **ग्रहों की दिशा-सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत्य।**

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्-चन्द्रमा से दीप के तैल को ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहना। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, वा शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कही दीपक तैल नहीं। सित-शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्म में तब वाम, दीपक तैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्-जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हो तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः- यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्म काल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्र॰ से कम हो तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़े अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है, कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहाँ, धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा दुश्चरित्रा कहें।

शय्या-शिर व पाद विचार

"**लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।**" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिराहना कहना अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण,६में नैर्ऋत्य,७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाद जानना। इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों वहाँ सूतिका के पलंग का पाया कटा टूटा जानना।

दो० मीन-मिथुन-सिंह-तुला मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक,शेषे भूमि विशाल।।

अथ चिह्नज्ञानम्-दोहा-षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानू तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।''

प्रसवकष्ट दूर--प्रसव काल से पहले शुक्लपक्ष के चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही ''ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर-माचिर-स्वाहा॥'' इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से ही शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मंत्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:- द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसे अष्ट भवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥''

अथ काणयोग--तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियघर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥''

मूकयोग-''पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।''

दुःखदयोग -रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्न पति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोग- क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निलसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग- यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोग- चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह,मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध)का सूर्य होवे शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

प्रसूति-लग्न विचार

मेष- जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर,उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन थे। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष-माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४ जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया,गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन-माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३या ५ ,माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव,मुख ऊपर को , जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था , घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया , दूध कम उतरे । ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें । यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे ।

कर्क- माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४ , बालक जन्मते ही छींका , नाल छुटा, भूमि पर जन्म , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , माता के वस्त्र श्वेत व लाल , माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया , बालक के वामांग में लहसन आदि का चिह्न , देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षों कें प्रवेश के समय तुलादान ,छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है ।

सिंह- माता का पश्चिम या पूर्व में सिर , मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया , घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान , ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे । इनसे बचे तो ६७वर्ष जीवे । कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्री सूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा ।

कन्या- माता का दक्षिण में सिर , रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन,जन्म समय स्त्री ३या ५, दीपक हाथ में उठाया गया ,बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया,घर के नैर्ऋत्य कोण में सूतिका-स्थान , ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

तुला -माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , श्वेत जीर्ण वस्त्र , भुना हुआ अन्न , ठंडा जल , या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्म समय स्त्री ३या ६, वहां १कन्या भी हो , दीपक उठाया गया,बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्धशब्द करके रोया , घर के पश्चिम भाग में सूतिका स्थान , ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान , हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे ।

वृश्चिक-माता का दक्षिण या उत्तर में सिर , रक्त या दग्ध वस्त्र , कष्ट अधिक,अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन , जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई , दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है । यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे ।

धनु-माता का सिर पश्चिम या पूर्व को , पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १या ५,दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्य कोण में सूतिका स्थान २,१०,१८,३१,३८,४२,६७, इन वर्षो के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप , ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है , यदि इन वर्षो से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर-माता का सिर दक्षिण में ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्म समय स्त्रियाँ २, पीछे से एक आई । दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्ट कारक वर्षो से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ-माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन-माता को सिर उत्तर में, पीत या मलीन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। स्मरण रहे, अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिले-वहीं बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

पितृपरोक्ष ज्ञान- (१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे,(२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो,(३)लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो,(४)भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो -इन चारों योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान- प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय,तृतीय ईशान। चतुर्थ-उत्तर। पञ्चम-षष्ठ-वायव्य। सप्तम-पश्चिम। अष्टम, नवम-नैर्ऋत्य। दशम-दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

प्रसूति स्थान से पाकशालादि विचार

जन्म कुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हो, वहाँ अग्नि स्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और शनि से अशुभ मैला स्थान जानना चाहिए। दोहा- लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। वा लग्न दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार॥ केन्द्र(१।४।७।१०)स्थान में एक से अधिक ग्रह हो तो उनमें जो बली(स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का)केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्न पति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। **ग्रहों की दिशा-सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैर्ऋत्य।**

चन्द्रात्तैल-ज्ञानम्-चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तैल ज्यादा कहना। यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तैल कहना। यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तैल कहना। सो० तनुस्थान शशि जाई, या शशि षष्ठे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहीं दीपक तैल नहीं। सित-शनि दशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्म में तब वाम, दीपक तैल सौं युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्-जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हो तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतैर्ग्रहैः स्युरुपसूतिकाः- यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसार उपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्म काल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह हों उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्र. से कम हो तो उसकी गणना करे अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हो और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़े अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि, स्वनवमांश, स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इसमें भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है, कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रह लग्न के भोगांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिकागृह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभ ग्रह वहाँ, धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों से विधवा दुश्चरित्रा कहें।

शय्या-शिर व पाद विचार

"लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषट्क्रान्त्येषु पादाः।" लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिराहना कहना अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६में नैर्ऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।११ में उत्तर और १२ लग्न में ईशान कोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवा, बारहवां स्थान पाद जानना. इन स्थानों में से जिन स्थानों में पाप ग्रह हों वहाँ सूतिका के पलंग का पाया फटा टूटा समझना।

[illegible] तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल॥

अथ चिह्नज्ञानम्-दोहा-षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण॥ भानू तथा सौरी तनधन कुंज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राह। वाम कर्ण वा मस्तके अवश चिह्न दरशाह॥ सुहृद भाव में कवि तव भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु वा चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।"

प्रसवकष्ट दूर--प्रसव काल से पहले शुक्लपक्ष के चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनी देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर-माचिर-स्वाहा॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से ही शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यंत्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मंत्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर सिद्ध कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०:- द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहै शशि जो खीन। कण्टक शुभ खगना बसै, वेगि ताहि यमलीन। बसै चन्द्रा द्वादसे अष्ट भवन दो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप॥ लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप। लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव॥"

अथ काणयोग--तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुक्त भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियघर नाथ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान॥"

मूकयोग-"पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय॥ शुक्र त्रिके गुरु सिंह अज दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।"

दुःखदयोग -रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताको अंग कलेश॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वाबीस॥ पापग्रहयुत लग्न पति परै लग्न में आय। वीर्यहीन नर होय तो अधिक व्याधि रुजताय॥

बन्धनयोग- क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूर करि निवसै कारागार॥

सर्पवेष्टितयोग- यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोग- चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न)का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे- शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु-समय-विचार-- जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हो,वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब मृत्यु कहना। अथवा-जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है,तब मरण कहना। अथवा वर्ष के भीतर जब जिस योगयुक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है. इसलिए आयु का प्रथम विचार करे. फिर मृत्यु कहें।

सुखदयोगा:-अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह दो परे तो जानो सुख संग॥ जन्म लग्न में उच्च ग्रह जो काहु के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्वसुखी नर होय॥

क्लीब (नपुंसक)योगा:-- दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन से रिष्फ षट मन्द बसे क्लि भानु॥

कुष्ठयोगा:--लग्नप बुध कुज शशि युते राहुयुक्त या केतु। श्वेतकुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु॥ भौम भास्कर मन्दयुक्त रक्तकृष्ण कह कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट॥ जलजगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंड कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ॥ आमरोग गुरुयक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून॥

केमद्रुम:-आगे पीछे चन्द्र के जो ना परै ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय॥ जाके कुज दशमें बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासु। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच सो कन्या व्यभिचारिणी बुधवर कहै कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहै पति को तजि तमारि। छटे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवे भवन में सो पति करै है भंग॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो हीन। ताको पति जीवित रहे वर्ष दो या तीन॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम॥ पापग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नासे कुलो दुबो भाषत कविकुल वृन्द॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृग बसै बुधजन कहत विचारि॥

वैधव्य-विषकन्यायोगा:-चौ.- रविवार द्वितीया जो होय श्लेषा ताहि दिन में जोय॥ १॥ कृत्तिका होय शनिश्चर वार साते तिथि को करो विचार॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार कहो द्वादशी तिथि निर्धार॥ ३॥ इन योगन में कन्या होय निश्चय विधवा जाने सोय॥ ४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय एक पाप ग्रह नभ १० में जोय॥५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै गह मानो ता कन्या को विधवा जानो॥ ६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय मंदवार युत लीजो जोय॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार साते तिथि लीजो निर्धार॥ ८॥ रविवार द्वादशी जो होय नक्षत्र विसाखा जानो होय॥ ९॥ ऐसो योग लखो जो परै तो कन्या को विधवा करै॥ १०॥ दो० धर्म सदन में भूमिसुत जन्म सदन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान॥ ११॥

वैधव्य- विषकन्याभंगयोग:-जन्मलग्न या चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय॥

काकवन्ध्यादियोग:-- ज्ञे अष्टमे काकबन्ध्या। मन्दार्कावष्टमे बन्ध्या अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या॥

स्त्रीणां राजयोग:--**चौपाई**- केन्द्रधाम नभगा शुभ होई नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके मन प्रसन्न होई है सुत वाके-चन्द्रज तुग बसे तनु जाई लाभ धन गुरु आवे धाई। सो तिय होय नृपति की नारी जन विख्यात होय सुकुमारी। जो षडवर्ग शुद्ध गुरु होई शशि दृग केन्द्र भवन में होई॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी रानी होय सदन धनभारी॥ दोहा....कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुर परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:--पञ्चमें शुभदृष्टे च पञ्चमाभिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत्''॥

अशुभ प्रसव भास:-कार्तिक में स्त्री,भाद्रपद में गौ,मार्गशीर्ष में हथनी,श्रावण में गधी व घोड़ी,माघ में भैंस,ज्येष्ठ में बिल्ली,बैसाख में ऊँटनी,पौष में बकरी,चैत में कुतिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता व घरवाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस,श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे कि यहां सर्वत्र सौरमास ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतयुक्त श्वेत सरसों का हवन करें, बच्चा जन्में तो कार्तिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल:-यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हो तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को,लड़का पिता को भय,धनहानि आदि कष्टप्रद होते हैं,कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करें तो शुभ होता है। तीन अन्न,तीन वस्त्र,तीन धातु(सोना,चांदी,तांबा)दान करें।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हो तो माता-पिता को अरिष्ट,ऊपर की पक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, प्रथम ऊपर की पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चुतुर्थ में भाई नष्ट,पांचवे में ज्येष्ठबन्धु नष्ट,छठे में बहुभोग,सातवें में पितृ सुख,आठवें में पुष्टि,९वें में धनो, १०वें में सुख,११वें में सुख,१२वे में धनी।

अथैकनक्षत्रजनन-फल :--वृद्ध गर्ग कहते हैं, कि- यदि भ्राताओं वा पिता -पुत्र, माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना-(१) जन्म लग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जोड़ें, जो राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।
(२) तृतीयेश, तृतीयस्थग्रह की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है, यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना-(१)जन्म लग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावें, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।
(३)लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावें, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावें - शेष राशि में जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृकष्ट होता है।
(४)लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम, इन चारों स्पष्टों को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचर का शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।
(५)लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृकष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना-(१)जन्म के सूर्य में से चन्द्रस्पष्ट को घटावे शेष की राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि या गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशुना.	धनना.	धनला.	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना	वैधव्य	फलम

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल (१।२।३ च.)	आश्लेषा (२।३।४ च.)	ज्येष्ठा	विशाखा (४च.)
फलम्	ससुरहानि	सास नाश	ज्येष्ठनाश	देवरनाश

सुतः सुता वा नियतं श्वशुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथाश्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त-पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म, यात्रा, विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूलनक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक, माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र का ६ मास अथवा २७ दिन तक [illegible]
चाहिए, तत्पश्चात शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद	फल	आश्लेषा पाद	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्प	फल	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाशः	मन्त्री पद	मन्त्री पद	विपुल लाभ	अल्प जीवन	फल

अथ मूल पुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वोः	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि.मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा.	मतिमा.	फलम.

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१०
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमौ	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है, एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम्॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसमायोगे ईषच्छुभकरंभवेत्॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगडे च परिघे यमघण्टके॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम्॥यथा सर्पविषंचैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि॥बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृते स्यान्मंगलं ध्रुवम्॥विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः॥

अथाभुक्तमूलविचार :- ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र की आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri. Funding by MoE-IKS

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग कर दें [illegible] दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शांतिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः॥

गण्डमूलोत्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू. ज्ये. पिता को भय	मू. श्ले. माता को भय	रे. अश्वि. शरीर को भय	पशु-हानि	फल

[illegible] अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखेश्वर्य, तृतीय में मंत्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्-मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होंगे।

ज्येष्ठापाद फलम्– प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठाद्यपादजी ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलक्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्–रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान, दूसरे में मंत्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह फलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	अंगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी, गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी, पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान्	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पआयु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी.	गुणी	नीचस्व.	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुक्त	तेजस्वी	कीर्तिमान्	सम्पत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहीन
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान्	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदार	दरिद्र	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ मातृसुखनाश योगा :-(१)पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे,(२) चन्द्रमा से सातवें पायुक्त शुक्र हों, (३)पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हो,(४)तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य और लग्न में मंगल होवे,(५)चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो - इन पाचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए ।

पितृनाश योगा - (१) सूर्य मंगल दसवें वा नवम में गये हो(२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो,(३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४)पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो,इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो ।

भ्रातृनाश योगा:- भ्रातृ गृह को ईश जो भौम संगत्रिक होय। जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय॥

सन्तानसुख नाशयोगाः- गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा योग जो लखि परे ताकि पुत्र अभाव । पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धाम। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोग- शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हो तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है ।

नीचयोगाः-सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राह सग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगा : -भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशुहै पर पुरुष को भाषत ज्योतिषमग्र॥ रवि कुज गुरु तिथि [illegible] चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार॥

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भाव	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्य	सती	ससुखा	बन्ध्या	पुत्रहीना	दुखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्य	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्ता
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सुलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

गोचरग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

गृह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना:	भय	श्री:	मानभंग	दैन्य	विजय:	यात्रा	पीड़ा	सुकृ. ना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यनाश
चन्द्र:	अन्नलाभ.	धननाश	सुख	रोग	कार्यनाश	धनलाभे	स्त्रीलाभ	रोग:	धर्मलाभ	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
भौम:	शत्रुभीति,	धननाश	धनलाभ	शत्रुभय	धननाश	धनलाभ	द्रव्यनाश	शत्रुभीति	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	धननाश
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभय	पशुलाभ	सुखं	स्थानलाभ	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धननाश
गुरु.	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश	सुखं	शोक	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुनाश.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभय	शोक:	धनलाभ	वस्त्रलाभ	दु:ख	धनलाभ	धनलाभ
शनि:	भय	धननाश	ऐश्वर्य	शत्रुभय	पुत्रनाश:	धनलाभ	दोष	पीड़ा	धर्मनाश	दौर्मनस्य	धनलाभ	धननाश
राहु:	हानि	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक :	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक
केतु:	रोग	वैर	सुख	भय	सुखं	धनलाभ	कलह:	रोग	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभीति

अथग्रहाणामेक भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा. के	ग्रहा:
मा.१	दि. २।	मा१॥	मा. १	मा.१२	मा.१	मा.३०	मा.१८	एकार्थभोग
आदौ	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
भय.५	घ.३	दि.८	दि.७	मा.२	दि.७	मा.६	मा.३	गतव्यराशे:
								प्राक्फलम

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थ धारणाय मणय:

सु.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	रा.	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल	पन्ना	पुष्पराग	हीरा	नीलम	गोमेदम	रौप्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	लोहिम्	वैदूर्यम्	लाजवर्तं	लाजवर्तं

पूतना-ग्रसित लक्षण एवं शांति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है । तब पूतना की बली निकालने से अच्छा होता है । जब कभी बच्चा बैठे बैठे गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है । यदि कोई लाभादि के वश में आकर वनदेवता या नाकदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है । यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्र अवस्था में ही बालक के साथ सो जावे तो बालक्रांता नाम की राक्षसी का दोष होगा । बच्चे को इतर फुलेन और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है । सिर खुले जूते बाल को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है । संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्य रेवती का दोष होता है । कदाचित् बालक खेलता खेलता गिर जाये अथवा उसे उल्टी हो या हाथ पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मल मूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है । जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है । फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शांति होती है ।

चेष्टा:- जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन में उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम् - दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे यह रोग दूर होगा ।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिदर्शन निवासश्च तत्र रात्रौ- ''ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो न: सुतानिव॥'' इत्यस्य जप:. ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीप दधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्ति: ॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्टदृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाये तो- ॐवासुदेवो जगन्नाथ: पूतनातर्जनो हरि: । रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥ १ ॥ कृष्ण, रक्ष शिशुं शंख-मधुकैटभ-मर्दन! प्रात:-सङ्गव मध्याह्न सायाह्नेषु च सन्ध्ययो: ॥ २ ॥ महानिशि सदा रक्ष कंसाराति निषूदन! यद्गोरज: पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥ ३ ॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि महाभयान् । त्राहि त्राहि हरे नित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥ ४ ॥

इन चारों मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri Funding by MoE-IKS

बाल कष्टावली चक्रम्

अथ बाल पूतना विधान- यहां लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्नान-स्पर्श निम्नलिखित मंत्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरंतर करें। चौथे दिन पलाश, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्तों को उबाल कर बालक को मंत्र पाठपूर्वक स्नान कराना। तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों को तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान भोजन कराना तदनन्तर '' ओं द्यौः शांतिरन्तरिक्षं'' इत्यादि शांतिमंत्रों व मार्जनमंत्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान स्पर्श पूर्वक यह मंत्र पढ़ें- '' ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर। प्रहैस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम्॥ ओं सर्वमातर इमं ग्रहं संहरंतु हुं रोदय रोदय, स्फोटय स्फोटय स्वाहा। गर्ज २ सः गृहाण गृहाण आमर्दय २ ह्रीम् ह्रीम्, हन हन एवं सिद्धि रुद्रो ज्ञापय स्वाहा॥ इति रक्षामंत्रः॥

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है?	मूर्ति निर्माणार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मंत्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन, तिलक, श्वेतपुष्प ५ रंग की झंडी ५,५दीपक, ५आटे के सतिये,कपूर,लोहबान	श्वेत भात,५पूर्ण पोली(सुहाली) १प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना।	ॐ ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दो वै श्रवणस्तथा। रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम्।	राई, खस, आक के फुल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१०दीपक,१०झण्डी,पुष्प, चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर, आटे के पूड़े, मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना	ॐ नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रां ह्रां ह्रीं ह्रीं हुं हुं स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष मे पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन,रक्त पुष्प,श्वेत ध्वजा, दीपक१०,गेहूं केआटे केसतिए१०	एक सेर लाल भात,आधा सेर पूर्ण पौली, पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	लहसुन,गाभृग,साप का कांचली नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गोघृत
चतुर्थदिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल -चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प, श्वेत ध्वजा ५,दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पौली, सांय,पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	सुनन्दना विधानोक्त	
पंचम दिन मास वर्ष में बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,गेंहु के आटे के सतिये	श्वेत भात, ७ पूडियाँ, सांयकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे।	ओंभगवती ह्रीं ह्रीं ह्रीं हुं हुं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलिं गृहाण अस्त्र ठ:ठ: चामुंडे सर्वारि चण्डिके ठ:ठ:स्वाहा।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात,५ मिठाई ,५सुहाली ,७पुड़ियां,१ प्रहर दिन चढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	कूठ, गुग्गल, राई, हाथीदांत, घृत।
सप्तमदिन मास वर्ष में में कालिका	चावल का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५,श्वेत ध्वजा ५,	भात, ७ पूडियाँ, सांयकाल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	
अष्टम दिन मास वर्ष में में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन, ५रंग की झण्डी ५, दीपक ५,	गेहूँ की रोटी,मसूर की दाल,हरा साग, छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प,५दीपक,५ रंग की झण्डी ५।	भात, मत्स्य मांस, पापडी, सुहाली उत्तर में प्रात: चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वासुदेवाय कृष्णाय मंडल बलिमादाय हन २हुं फट् स्वाहा	गोशृंग, लसुन, सांप की कांचली निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गोघृत।
दशमदिन मास वर्ष में में रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प २५, झंडी,२५ दीपक,२५ सतिये।	गुड़ के घी भुने चावल,गौ घृत, सांय,दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हुं फट् स्वाहा	
एकादश दिन मास वर्ष में, सुर्दशना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प,२५ दीपक,२५ सफेद झण्डी,२५ आटे के सतिये।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सूहाली ७,सांय व प्रात: दक्षिण में चौरास्ते पर	ॐ नमो भगवते रावणाय चन्द्रहास वज्रहस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ॐ ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में अद्भुता	चावलों का आटा आटा एक सेर	१३ दीपक,१३झण्डी,१३ सतिये सतिये आटे के।	सुहाली ,पूड़े ७,पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापडी, सांयकाल दक्षिण में चौरास्ते पर।	ॐ नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय२ मर्दय२ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टाना ह्रां हुं स्वाहा	

CC-0 In Public Domain. Kirtikant Sharma Najafgarh Delhi Collection

Digitized by Sarayu Trust Foundation, Delhi and eGangotri.Funding by MoE-IKS

अथ नक्षत्र -कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशान्त्यर्थ दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिन संख्या				रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्र	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदान	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमंत्र:	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायत्वेति मंत्र	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदान	९	११	१६	२८	अग्निर्मर्धेति	कछुए के मुख में घी दे
रोहिणी	घृतदान	३	९	१८	३०	ब्रह्मायेति	सर्प को दूध-दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदान	९	५	७	१०	इमंदेवेति मन्त्र:	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्र इति मन्त्र	बकरे के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदान	७	१४	२	२१	अदितिर्द्यौ रितिमन्त्र:	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदान	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्र:	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गो-अजादिदान	०	०	४१	०	नमोस्तुसर्पेति मन्त्र:	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राग्यदान	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्र:	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदान	०	१५	०	३०	भगप्रणेति मन्त्र:	ऊंट के मुख में शहद दें
उ. फा.	अन्नदान	७	१४	७	६०	दध्यावद्धेति मन्त्र:	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदान	१५	१७	१५	०	उदत्यंजातवेदैति मन्त्र	भैंसे को कमल के फूल खिलायें
चित्रा	दुग्ध दान	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरिगति मन्त्र:	बाघ के लिए तगर धतूरे के फूल वन में रखें
स्वाती	गौघृत दान	६०	१७	३०	०	वायोरग्रेति मन्त्र:	भैंसे को गुड़ चावल खिलावें
विशाखा	गौ-स्वर्णदान	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्र:	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दें
अनुराधा	गौघृत दान	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्र:	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दें
ज्येष्ठा	तिलदान	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमिति मन्त्र:	बंदरों को गुड़ तिल डालें
मूल	रौप्यपात्रदान	०	९	१५	६	माता पुत्रेति मन्त्र:	बिलाव को दूध पिलावें
